राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 विशाखापट्टनम टेस्ट में इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य ...

जेवर की फिल्म सिटी में समाएगा पूरा भारत, योगी के ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 263 | पटना, सोमवार , 05 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

बाजार

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

संक्षिप्त खबरें

बिहार के विकास के लिए नीतीश जरूरी : पारस

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मीडिया को कहा कि नीतीश कुमार कुछ दिनों के लिए महागठबंधन में चले गये थे एनडीए में आपसी को लेकर मैं नीतीश कुमार को बधाई देता हूं। जदयू के एनडीए में आने से निश्चित रूप से एनडीए मजबूत होगी और 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए 40 में 40 सीट जीतेगी। आगे पारस ने कहा कि देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 साल के शासनकाल में जो देश को दिया इसके पहले किसी प्रधानमंत्री ने देश को नही दिया। चाहे महिला बिल किसान सम्मान योजना गरीबो के लिए इंदिरा आवास योजना, जरूरतमंद लोगों को कामगार भाईयों के लिए औजार खरीदने के लिए आर्थिक मदद ईलाज के लिए 5 लाख रूप्ये की आर्थिक मदद की जरूरत हो उसमें प्रधानमंत्री आगे रहते हैं। आगे पारस ने कहा कि पहले अनाज के अभाव में लोग भूख मर जाते थे लेकिन नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में कोई भूखा नही रह सकता है। आगे पारस ने कहा कि बिहार में एनडीए गठबंधन का पुराने सहयोगी हम हैं इसके पहले 2019 में जदयू बीजेपी और लोक जनशक्ति पार्टी मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ा था जिसमें एनडीए एक सीट छोड़कर 39 सीट पर विजय प्राप्त की थी।

दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत

नई दिल्ली। दिल्ली से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मामला डाबड़ी इलाके का है। जहां शनिवार शाम दो भाइयों सहित तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। जिनके बंद कमरे में शव मिले। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृत दोनों भाइयों की शिनाख्त उत्तर प्रदेश के बरेली के अमित और सोनू के रूप में हुई है। जबकि तीसरे मृत व्यक्ति की पहचान इनके घरेलू सहायक यादराम के रूप में हुई है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस ने विषाक्त खाना खाने से मौत की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि दोनों सगे भाई बरेली के रहने वाले थे। यहां किराए पर रहकर छोले भटूरे बेचते थे।घटना की जानकारी मिलने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची और बंद दरवाजे को खोला, तो तीन लोगों के शव मिले। कमरे में गैस सिलेंडर पर छोले-भटूरे बनाने का सामान रखा था।

मेघालय में 3.5 तीव्रता का भूकंप, लोग अपने घरों से बाहर निकले

शिलांग। मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में रविवार को दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार ईस्ट गारो हिल्स जिले में दोपहर 02 बजकर 37 मिनट 15 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और दहशत फैल गई। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में जमीन में 12 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 25.80 उत्तरी अक्षांश तथा 90.69 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

कोई देश अपनी विरासत को भुलाकर विकसित नहीं हो सकता : मोदी

कहा- पिछली सरकारों ने विरासत पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना लिया था

प्रात: किरण

गुवाहाटी/नई दिल्ली/एजेंसी। विकास और विरासत को अपनी सरकार की नीति बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोई देश अपनी विरासत को भुलाकर विकसित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने विरासत पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना लिया था और कभी आस्था के केंद्रों के विकास का महत्व नहीं समझा। प्रधानमंत्री ने रविवार को असम में मां कामाख्या दिव्य परियोजना सहित 11 हजार करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि दिव्य परियोजना के पूरा होने पर यहां भी राम मंदिर जैसा महौल बन जाएगा। इस तरह की परियोजना से गरीब से गरीब को भी कमाने के अवसर प्राप्त होते हैं। आज असम विकास और विरासत की नीति से हो रहे बदलाव का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या दिव्य परियोजना (मां कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर) की आधारशीला भी रखी। इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र योजना के लिए प्रधानमंत्री के विकास पहल के तहत मंजूरी दी गई है। यह परियोजना कामाख्या मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा,

ये उसकी साक्षी हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित रूफटॉप सोलर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार बिजली बिल शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पिछले 10 वर्षों में हमने हर घर में बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया। अब रूफटॉप सोलर योजना के तहत सरकार एक करोड़ परिवारों को छत पर सोलर पैनल लगाने में मदद करेगी। देश के विकास में पूर्वोत्तर की बड़ी भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार के प्रयासों से यहां शांति का महौल बना है। सीमा से जुड़े मसले सुलझाये गए हैं, स्थायी शांति स्थापित हुई है, 10 बड़े शांति समझौते हुए हैं और बड़ी संख्या में युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है। 2014 तक यहां सिर्फ 10,000 किमी नेशनल हाई-वे हुआ करते थे। पिछले 10 वर्षों में ही हमने 6,000 किमी के नए नेशनल हाई-वे बनाए हैं। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने यहां विकास पर होने वाले खर्च को 4 गुना बढ़ाया है। 2014 के बाद रेलवे ट्रैक की लंबाई 1900 किमी से ज्यादा बढ़ाई गई। 2014 से पहले की तुलना में रेल बजट करीब 400 प्रतिशत बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक के जीवन को आरामदायक बनाना है। यह फोकस हमारे बजट में स्पष्ट है। बजट में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का संकल्प लिया है।

सीएम नीतीश ने निमार्णाधीन बापू टावर के निर्माण कार्यों का लिया जायजा, दिए निर्देश

बापू टावर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो : नीतीश

- कहा-बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित करें
- परिसर ग्रीन एरिया रहे और व्यवस्थित दिखे

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गर्दनीबाग में निमाणार्धीन बापू टावर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के पांचवें, तीसरे एवं पहले तल पर जाकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि बापू टावर का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करायें। इसका निर्माण जल्द पूर्ण होने से बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी जान सकेगी। बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से लगाव, बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित करें, ताकि आमजन यहां आकर उसे देख और समझ सके। उन्होंने कहा कि यह परिसर ग्रीन एरिया रहे, परिसर बेहतर और व्यवस्थित दिखे। जब बापू टावर बनकर तैयार हो जायेगा तो बहुत अच्छा दृश्य दिखेगा और लोग यहाँ आकर बापू के बारे में जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। हमने इसका निर्माण कार्य कई बार आकर देखा है और सुझाव भी देते रहे हैं। मेरी इच्छा है कि जल्द से जल्द बापू टावर का निर्माण कार्य पूर्ण हो, इसमें अब विलंब नहीं हो। इससे पहले निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और इसे फिनीशिंग टच दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें, ओरियंटेशन हॉल एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली।

ये रहें मौजूद : निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

बिहार कांग्रेस विधायक हैदराबाद में शिफ्ट

संभावित टूट को रोकने के लिए पार्टी आलाकमान पूरी तरह अलर्ट

प्रात: किरण

पटना। बिहार में कांग्रेस में संभावित टूट को रोकने के लिए पार्टी आलाकमान पूरी तरह अलर्ट है। पार्टी आलाकमान ने नई रणनीति के तहत विधायकों को हैदराबाद भेजने का निर्णय लिया। निर्णय के बाद बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह विधायकों को लेकर तेलंगाना के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचे। हैदराबाद पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह कहा कि नई सरकार बनी है, हम सभी यहां के मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे हैं, मुख्यमंत्री से मिलेंगे और उन्हें बधाई देंगे।

शमशाबाद एयरपोर्ट पर मदन मोहन झा सहित कांग्रेस के 16 विधायक मौजूद रहे। सभी विधायकों का एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। दरअसल, कांग्रेस को अपने विधायकों के टूटने का डर सता रहा है। इसलिए उन्हें हैदराबाद में उसी रिसोर्ट में रखने का फैसला लिया गया है जिसमें झारखंड के विधायकों को रखा गया

था। बिहार के कांग्रेस विधायकों को लेकर रविवार को प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह हैदराबाद पहुंच गये हैं। मदन मोहन झा सहित कई कांग्रेसी भी एयरपोर्ट पर नजर आएं। बिहार में सत्ता परिवर्तन होने के बाद ही कांग्रेस में लगातार टूट की खबरें आ रही हैं। इससे पहले कांग्रेस ने अपनी पार्टी को बचाने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को बिहार भेजा गया था। 29,30 और 31 जनवरी को कांग्रेसी विधायकों को राहुल गांधी की बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बहाने पूर्णिया में रोके रखा गया था। उसके बाद उन्हें झारखंड जाने को कहा गया। फिर दिल्ली बुलाया गया और अब हैदराबाद भेजा जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस बिहार में कांग्रेस के सारे

- 19 में से 16 विधायक हैदराबाद में उतरे

विधायकों को शनिवार को ही दिल्ली बुला लिया गया था। वहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सारे विधायकों के साथ बैठक की थी। शनिवार को ही तय किया गया था कि कांग्रेस के विधायकों को 11 फरवरी तक बिहार से बाहर रखा जाये। रविवार को फैसला लिया गया कि उन्हें कांग्रेस शासित राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेजा जाये। कांग्रेस को हैदराबाद ही सबसे सुरक्षित जगह नजर आ रहा है। इससे पहले झारखंड के महागठबंधन विधायकों को भी हैदराबाद में ही रखा गया था। इसलिए अब बिहार के 19 कांग्रेस विधायकों को भी हैदराबाद में रखा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि शाम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने औपचारिक बात की। साथ ही सभी विधायकों को एकजुट रहने का मंत्र दिया। जिस दिन एनडीए सरकार बहुमत का प्रस्ताव पेश करेगी उस दिन ही कांग्रेस के विधायक बिहार लौटेंगे।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आज हासिल करेंगे विश्वास मत

प्रात: किरण

रांची/एजेंसी। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करेंगे। सोरेन ने विश्वास मत से एक दिन पहले रविवार को राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। सोरेन ने मुख्य सचिव एल खियांगते, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, अपराध मुक्त झारखंड, सरकार की प्राथमिकता है। सोरेन ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को अपराध नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने को कहा है। सोरेन ने कहा कि जब इन जिलों में अपराध की घटनाएं घटती हैं तो पूरे राज्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि जेलों से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले गिरोहों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से जुड़े मामलों का जायजा लिया और रांची में जेएसएससी भवन में हुई तोड़फोड़ की जांच के लिए विशेष जांच दल के गठन के निर्देश दिए।

अमित शाह से मिले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा

प्रात: किरण

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार को देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से बिहार के उपमुख्यमंत्री सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने मुलाकात की। इस दौरान तीनों नेताओं के बीच बिहार की राजनीति को लेकर चर्चा हुई।

वहीं, नई दिल्ली में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस में लोग डरे हुए हैं। उन्हें अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। वे विधायकों का अपमान करते हैं। कांग्रेस को इस सोच से मुक्त होना चाहिए कि विधायक एक बंधुआ मजदूर है। विधायक जनता का फैसला लाते हैं और उन्हें अपना निर्णय स्वयं लेने में सक्षम होना चाहिए। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सारी फाइल खोलेंगे। ये लोग जो सरकार में थे सब ठेकेदार थे। सबका इलाज होगा, ये बालू माफिया, शराब माफिया से जुड़े लोग हैं।

एक-एक व्यक्ति की जांच होगी। हालांकि, मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा के बीच सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को मंत्रालय का बंटवारा किया। इसमें बंटवारे के अनुसार सीएम नीतीश ने अपने पास कुल 5 मंत्रालय रखे, जबकि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को 9-9 विभाग दिया गया है। इस सीट बंटवारे में बीजेपी के पास 23 विभाग रहेगा।19 विभाग जेडीयू के पास, दो विभाग हम के पास और एक विभाग निर्दलीय विधायक के पास रहेगा।

भाजपा ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद किया : राहुल

प्रात: किरण

धनबाद/एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार की युवा विरोधी नीतियों के कारण आज करोड़ों युवाओं के समक्ष रोजगार पाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया। श्री गांधी ने भारत जोड़ों न्याय यात्रा के दौरान रविवार को यहां अपने सम्बोधन में कहा कि भारत जोड़ों न्याय यात्रा में हमने ह्यान्यायह्न शब्द को जोड़ा है। इसके दो-तीन बड़े कारण हैं। देश में आज आर्थिक अन्याय हो रहा है और देश के कुछ चुने हुए दो-तीन अरबपतियों को देश की पूंजी पकड़ाई जा रही है। देश में वस्तु एवं सेवा कर और नोटबंदी के कारण बेरोजगारी देश में फैली है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी भाजपा ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। यह यात्रा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ है। उन्होंने झारखण्ड के आदिवासियों की चर्चा करते हुए कहा कि आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन की रक्षा कांग्रेस पार्टी करते रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि नफरत के बाजार में कांग्रेस ने मोहब्बत की बाजार खोली है।

पीएम चुनावों में देते हैं गारंटी : प्रियंका

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि वह चुनाव आते ही गारंटी की बात करने लगते हैं लेकिन सच यह है कि मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा, आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा, जुलाई, 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को। यानी लगभग 21.93 करोड़ योग्य युवा बेरोजगार रह गए। सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाली भाजपा सरकार न पहले से मौजूद नौकरियां दे पाई, न ही नये रोजगार बना सकी। प्रधानमंत्री जी चुनावों में गारंटी देते हैं।

भाजपा का अंत आ गया है : अखिलेश

प्रात: किरण

लखनऊ/एजेंसी। अखिलेश यादव ने रविवार को पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) में विश्वास करने वालों का हवाला देते हुए कहा कि एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी है कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों की 91 प्रतिशत आबादी इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेगी और भाजपा के समीकरण तथा फॉमूर्ले इस बार फेल हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनों से ही हारेगी।यादव ने कहा कि भाजपा उम्मीदवारों के चयन में काफी पीछे रह गई है और उसे उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं क्योंकि कोई भी हारने के लिए लड़ना नहीं चाहता है। सपा प्रमुख यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा- पीडीए में विश्वास करने वालों का सर्वे, कुल मिलाकर 90 प्रतिशत की बात। यादव ने कहा, 49 प्रतिशत पिछड़ों का विश्वास पीडीए में है, 16 प्रतिशत दलितों का विश्वास पीडीए में, 21 प्रतिशत अल्पसंख्यकों और चार प्रतिशत अगड़ों में पिछड़ों का विश्वास पीडीए में (उपरोक्त सभी में आधी-आबादी मतलब महिलाएं सम्मिलित हैं)।

सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार की मौत

प्रात: किरण

जम्मू/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि जिले के सलोरा इलाके में उनकी कार दो ट्रकों से टकरा गई, जिससे कार सवार लोग हताहत हो गये। पुलिस ने बताया कि कार जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी जब यह दु:खद घटना घटी। कार दो ट्रकों से टकरा गई जिससे उसमें सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चार घायलों को मृत घोषित कर दिया। पांचवें घायल को उधमपुर शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है।मारे गए लोगों की पहचान नितिन डोगरा, उनकी पत्नी, रितु डोगरा और उनकी बेटियों खुशी और वाणी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, घायल की पहचान तीसरी बेटी बृंदा के रूप में हुई है।

शुभारंभ बीसीईएनआईटी पटना के एलुमिनाई मीट 2024 में शामिल हुये मुख्यमंत्री, बोलें-

एनआईटी प्रागंण में इन्क्यूवेशन सेंटर स्थापित होगा, राज्य सरकार वहन करेगी खर्च

एक सप्ताह के अंदर पैसा आवंटित कर दिया जायेगा : सीएम

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीसीईएनआईटी पटना परिसर स्थित एम्फीथिएटर में शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित एलुमिनाई मीट-2024 का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के स्थापना के 100 साल पूरे हो गए हैं।

बीसीईएनआईटी पटना एलुमिनाई सोसाइटी के आग्रह पर हमने एनआईटी पटना के इस प्रागंण में इन्क्यूवेशन सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। यहीं पर इन्क्यूवेशन सेंटर स्थापित होगा, जिस पर आने वाला कुल व्यय राज्य सरकार वहन करेगी। इसके लिए एक सप्ताह के अंदर पैसा आवंटित कर दिया जायेगा। इस संबंध में हमने अधिकारियों को निर्देश दे दिया है। श्रद्धेय अटल जी की सरकार में हम मंत्री थे, उस समय देश में कुल 14 जगहों पर एनआईटी बन रहा था। हमने आग्रह किया कि बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग देश का छठा इंजीनियरिंग कॉलेज है, जिसे एनआईटी का दर्जा मिलना चाहिए। उसी समय वर्ष 2004 में बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को एनआईटी का दर्जा मिला। हमलोगों के समय यहां छात्रों की संख्या 500 थी जो अब बढ़कर 5000 हो गई है। इसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। हमलोगों ने एनआईटी पटना को विस्तारित करने के लिए बिहटा में 125 एकड़ जमीन

उपलब्ध कराया जो अब बनकर तैयार हो गया है। बिहटा में भी करीब 6,000 छात्रों की पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। एनआईटी पटना के अलावा देश में कहीं भी इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले छात्रों की व्यवस्था नहीं है।

मेरे कहने पर यहां के 500 में से 450 छात्र समर्थन में वोट करते थे : शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा किमैंने पटना साइंस कॉलेज में पढ़ाई करने के बाद यहां एडमिशन लिया था। उस समय 500 छात्र यहां पढ़ते थे, बहुत अच्छा लगता था। अगर पटना में स्टूडेंट यूनियन का चुनाव होता था तो मेरे कहने पर यहां के 500 में से 450 छात्र समर्थन में वोट करते थे। उस बात को हम कभी भूल नहीं सकते।

सीएम ने छात्रों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर किया सम्मानित : मुख्यमंत्री ने बीसीई एनआईटी पटना के डायमंड जुबली बैच वर्ष 1964 के पूर्ववर्ती छात्रों, गोल्डेन जुबली बैच वर्ष 1974 के पूर्ववर्ती छात्रों, रुबी जुबली बैच वर्ष 1983-84 के पूर्ववर्ती छात्रों एवं एडमिशन बैच एलुमिनाई फॉर सिल्वर जुबली वर्ष 1994 के छात्रों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पटना एलुमिनाई सोसाइटी द्वारा आयोजित इस एलुमिनाई मीट में मुख्यमं ने सोसायटी के अध्यक्ष प्रो० संतोष कुमार द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया। शताब्दी वर्ष के अवसर पर तैयार की गई स्मारिका का भी मुख्यमंत्री ने विमोचन किया। एलुमिनाई सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो संतोष कुमार ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने एनआईटी पटना 1954 बैच के छात्र और रिटायर्ड चीफ इंजीनियर जेवी साह एवं एनआईटी पटना 1959 बैच के छात्र तथा रिटायर्ड चीफ इंजीनियर केडीपी सिन्हा को शॉल एवं पौधा भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान एनआईटी पटना के दिवगंत छात्रों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

ये रहें मौजूद : कार्यक्रम को बीसीईएनआईटी पटना के निदेशक पीके जैन,बीसीई एनआईटी पटना एलुमिनी सोसायटी के सचिव डॉ संजय कुमार, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के चेयरमैन प्रो जी के चौधरी, बीसीईएनआईटी पटना एलुमिनाई सोसायटी के अध्यक्ष प्रो संजय कुमार, कोषाध्यक्ष प्रो संजीव कुमार एवं प्रो सी एन सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, प्रो कामिनी सिन्हा, प्रो अमृता सिन्हा, इंजीनियर राशिद परवेज, इंजीनियर निलेश कुमार, प्रो रमेश कुमार, प्रो सुलेना रजक, प्रो शैलेंद्र मंडल, प्रो सुरेंद्र प्रसाद जी, इंजीनियर आरती सिन्हा, बीसीईएनआईटी पटना एलुमिनाई सोसायटी के सदस्यगण, बीसीईएनआईटी पटना के अध्यापकगण,छात्र-छात्रायें, पूर्ववर्ती छात्र एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर बधाई

फतुहा। पूर्व उप प्रधानमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भारत रत्न देने की घोषणा का भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण साह, फतुहा विधानसभा प्रभारी कुंवर विजय पासवान, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, जिला महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह, जिला प्रवक्ता टीपू सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष भास्कर पटवा, जिला मंत्री शोभा देवी, नगर महामंत्री अनामिका अग्रवाल, भाजयुमों अध्यक्ष ई. सुरजीत कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजु मिश्रा सहित अन्य कार्यकताओं ने बधाई दी है।

महाकाल सेवा यूथ फाउंडेशन ने गौ माता न्याय आंदोलन की रखी नींव

पटना सिटी (प्राकि)। महाकाल सेवा यूथ फाउंडेशन की मासिक बैठक प्रकाश भवन प्रतापपुर में हुई। इसमें गौ हत्या पर अंकुश लगाने के लिए गौ माता न्याय आंदोलन की नींव रखी गयी। इसके तहत सरकार से छह मांग रखने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें गौ मांस के निर्यात पर रोक, नंदी (बैल) की पुनः कृषि में वापसी, गाय पर इस्तेमाल की जाने वाली हानिकारक वैक्सीन पर रोक, गोबर से बनने वाले उत्पादों पर जोर एवं अन्य अन्य मांगों को रखा गया। महाकाल सेवा यूथ फाउंडेशन द्वारा संचालित महाकाल गुरुकुल पर चर्चा भी की गयी। साथ ही 251 तत्काल रक्तदान की पूर्ति होने पर भी रक्तवीरों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। बैठक में ऋषिकेश कुमार, जयप्रकाश मेहता, करण यादव, शिवम राजपूत, कर्मवीर यादव, आकाश अग्रहरि आदि शामिल थे।

वोट करने को जागरूक व आपसी भाईचारा को चलाएंगे अभियान

पटना सिटी। भाईचारा संवाद सह मतदाता जागरुकता बैठक का आयोजन भारत जोड़ो अभियान के तहत मानस पथ स्थित निजी स्कूल परिसर में किया गया। इसमें मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वार्ड स्तर पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आपसी भाईचारा पर बल दिया गया। व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया गया, जिसके माध्यम से लोगों को जोड़ा जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता पूर्व निगम पार्षद सह पार्षद प्रतिनिधि बलराम चौधरी तथा संचालन भारत जोड़ो अभियान के पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के समन्वयक एडवोकेट इबरार रजा ने किया। प्रमुख वक्ताओं में निगम पार्षद मनोज मेहता, पूर्व निगम पार्षद प्रदीप मेहता, शिव मेहता, मोहम्मद जावेद, सरदार जगजीत सिंह, मोना झा, ऋषि आनंद, देवरत्न प्रसाद, सैयद फिरोज हसन, दशरथ प्रसाद केशरी, बबलू राम, रोवेज कासिम, डॉ इकबाल अहमद, हिदायत अहमद, शरीफ रंगरेज, एजाजुद्दीन शानू, शाहीन अनवर, शमीम अहमद, भूषण माली, बबलू जायसवाल आदि मौजूद थे।

महिलाओं को स्वालंबी बनायेगी दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन

पटना। राष्ट्रीय कार्यालय पटना के चाँदपुर बेला में दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन की बैठक सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता निदेशक जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ने कहा कि दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन की स्थापना समाज के वंचितों, असहाय जनों के कल्याण एवम उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य के साथ हुई है। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन सदा ही सेवा के अनेकानेक कार्यक्रम संचालित करता रहता है। इसी क्रम में आनेवाले समय में फाउंडेशन मलिन बस्ती में निवास करने वाली महिलाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसित करने के उद्देश्य से महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करेंगी। समाज कल्याण के इस कार्य को और गति प्रदान करने हेतु बहुत कुछ किया जाना शेष है, इसके लिए हमें सभी वर्गो का सहयोग की आवश्यकता है, लोगों के सहयोग से ही समाज सेवा का कार्य सम्भव होगा। बैठक में सम्पूर्ण वर्ष की गतिविधियों के लिए एक विवरणी तैयार की गई है बैठक में निर्णय लिया गया कि आनेवाले समय में फाउंडेशन पत्रकारों, साहित्यकारों, युवाओ एवं वृद्धो को अपने साथ जोड़ेगी और उनके विकास के लिए कार्य करेगी।

तख्तश्री परिसर में बन रहे आवास के बेसमेंट की ढ़लाई को अरदास

कल गुरुद्वारा बाललीला में बाबा सुखविंदर सिंह की मौजूदगी में निर्माण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले की टीम के द्वारा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब परिसर में सौ आधुनिक कमरे का निर्माण कराया जा रहा है। दूसरी ओर गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में भी बेसमेंट में वाहन पार्किंग और 50 आधुनिक कमरे के निर्माण का कार्य शुरू होगा। इस संबंध में बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के द्वारा बाबा भूरीवाले जी को सौ आधुनिक कमरे का निर्माण करने की सेवा सौंपी गई है। यह निर्माण लंगर हॉल के सामने पूरब की ओर हो रहा है। इसके निर्माण के लिए बेसमेंट के नीचे की ढलाई का काम शुरू करना था। इसके पूर्व कथावाचक सुखदेव सिंह ने कार्य की पूर्णता सहित ढंग से होने के लिए अरदास किया। मौके पर बाबा मेजर सिंह दिल्लीवाले, बाबा मिंटा सिंह, बाबा बलबीर सिंह, मनप्रीत सिंह, सलील सिंह, जसप्रीत सिंह, बलवंत सिंह, राजन सिंह आदि भी मौजूद थे। कमेटी कार्यालय की ओर से मैनेजर हरजीत सिंह भी उपस्थित थे। दूसरी ओर गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में वाहन पार्किंग का अंडरग्राउंड के आगे पूरब के हिस्से का निर्माण कार्य शुरू होना है। इसे लेकर ऊपर में रहे सभी निर्माण को तोड़ा गया है। बेसमेंट के ऊपर बने जोड़ाघर के ऊपर भी निर्माण कार्य चल रहा है। बेसमेंट को पूरब की ओर और आगे बढ़ाने के लिए साथ ही 50 आधुनिक कमरे के निर्माण के लिए नींव डालने का काम छह फरवरी की सुबह आठ बजे होगा। यह जानकारी देते हुए बाबा गुरविंदर सिंह एवं राजन सिंह ने बताया कि उस दिन जत्थेदार बाबा सुखविंदर सिंह भी यहां विशेष रूप से पहुंच रहे हैं। होने वाले निर्माण कार्य का आर्किटेक्ट के द्वारा बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले की मौजूदगी में ही संशोधन करते हुए फाइनल किया गया था। इन सभी काम को इस साल के अंत तक पूरा कर लिए जाने की योजना है।

युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार युवा जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अजीत दुबे ने बताया कि युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर युवा साथियों की मुलाकात हुई। युवा साथियों के द्वारा मुख्यमंत्री को नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ युवा जदयू के साथियों ने मुख्यमंत्री से वादा किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में युवा जदयू के साथी जमीनी स्तर पर एनडीए के जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। इस बातों पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दी। नीतीश पटेल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया कि उन्होंने बिहार के युवाओं के लिए रोजगार की एक झड़ी लगा दी। 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार के लक्ष्य में 5 लाख का लक्ष्य पुरा हुआ है और 10 लाख रूपया भी रोजगार के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमे युवाओं को लाभ पहुंच रहा है । तेज गति से युवाओं के लिए काम किया जा रहा है।

कुम्हरार पार्क में सम्राट अशोक की प्रतिमा लगाने व दीप जलाने से रोका

पुलिस के साथ चेतना परिषद के सदस्यों का झड़प व हंगामा

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के पुरातत्व स्थल कुम्हरार पार्क में भारतीय लोक चेतना परिषद के सदस्यों और पुलिस के बीच झड़प और हंगामा हुआ। दरअसल परिषद के नेता एवं कार्यकर्ता पुरातत्व स्थल कुम्हरार पार्क में सम्राट अशोक की प्रतिमा स्थापित करने एवं दीपोत्सव के लिए पहुंचे थे। दरअसल मगध साम्राज्य की स्थापना के 2500 साल पूरा होने की याद में ढाई हजार दीया जलाने का कार्यक्रम भी आयोजित था। अशोक धाम मंत्र से प्रतिमा को पवित्र किया गया। वहीं प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और हाट टाक भी हुआ। प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर हुई पुलिस पदाधिकारी का कहना था कि बिना संबंधित विभाग के अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी मूर्ति को पार्क में लाना या स्थापित करना गैरकानूनी है। जब सब प्रतिमा लेकर पार्क में पहुंचे, तो इसी बीच कर्मियों ने इसकी सूचना अगमकुआं थाना की पुलिस को दे दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और प्रतिमा स्थापित करने और कार्यक्रम करने से रोकने का काम किया। पुलिस का कहना था कि कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विधिसम्मत आदेश संबंधित अधिकारी व पदाधिकारियों से लेना होता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी को रोकने पर कहा-सुनी व झड़प हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष कुमार व प्रदेश अध्यक्ष कीर्तन प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पुलिस प्रशासन का प्रतिमालगाने से रोकना गलत है ।विरोध अनुचित है। अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पार्क के कर्मचारियों की ओर से लिखित आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। आयोजन में जिला अध्यक्ष दीपक कुमार, चंद्रशेखर राम, सन्नी कुमार पटेल, विकास राणा, अरुण कुमार मेहता, रूपा कुमारी, अंजू कुमारी, रिंकू देवी, प्रतिमा कुमारी, अधिवक्ता राखी सिन्हा, सपना पासवान आदि शामिल थीं।

एसकेएमवी कॉलेज में शासी निकाय का गठन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। रविवार को संत कबीर महंत विद्यानंद महाविद्यालय में बिहार विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव की अध्यक्षता में शासी निकाय को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से शासी निकाय का अध्यक्ष एमएलसी नवल किशोर यादव और सचिव प्रो. अवधेश कुमार को बनाया गया। आंदोलनरत शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने नई शासी निकाय कमेटी के द्वारा पुनर्गठन की मांग किया गया था।

आंदोलनरत शिक्षक व कर्मचारियों ने नई शासी निकाय कमेटी के गठन नहीं होने और बकाया राशि भुगतान को लेकर इससे पूर्व धरना भी दिया था। बिहार विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव ने बताया कि शासी निकाय का आज दूसरी बैठक है जिसमें शासी निकाय के सचिव और अध्यक्ष का चयन किया गया है। ताकि कॉलेज के संचालन, शिक्षकों के भुगतान, शिक्षकों के एरियल का भुगतान, कॉलेज के विकास के लिए यह जो संपूर्णता में कॉलेज का इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर शिक्षक, शिक्षकेत्तर और कर्मचारियों का जो भी बकाया राशि है उसका भुगतान कर निराकरण करने के लिए आज कॉलेज के प्राचार्य महोदय ने बैठक बुलाया और जिसमें हम लोग शामिल हुए। घोषणा के बाद रिसीविंग को अप्रूवल लेते हुए सारे शिक्षकों का निदान कराया जायेगा। कॉलेज का जितना हो सकेगा बेहतर से बेहतर निदान किया जाएगा। फिलहाल बैठक में निर्णय यही हुआ है कि सचिव और अध्यक्ष बनाया गया है और सचिव के साथ प्राचार्य ज्वाइंट ऑपरेशन करेंगे और बैंकों का और कॉलेज के विकास में काम किया जाएगा। वहीं कॉलेज के प्राचार्य रघुवंश प्रसाद ने कहा की आज बैठक बुलाई गई है जिसमें अध्यक्ष और सचिव का चुनाव हुआ है और चुनाव के बाद सचिव और प्राचार्य के संयुक्त हस्ताक्षर से बैंक ऑपरेशन होगा। कई दिनों से लम्बित वेतन है उसका भुगतान किया जाएगा। कॉलेज का विकास किया जाएगा और जितने भी पेंडिंग कार्य है उसको भी पूरा किया जाना है और जो भी आंदोलन चल रहे थे वह तो वेतन की वजह से ही चल रहा था जिसका की आज की बैठक में निदान कर लिया गया है। मौके पर कालेज के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी, समाजसेवी सुधीर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

तख्तश्री कमेटी के दो पदा. व अधीक्षक ने लिखित बयान सौंपा

श्री अकाल तख्त साहिब की जांच कमेटी ने फैसला किया सुरक्षित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के दो पदाधिकारी और कार्यालय के अधीक्षक शनिवार को श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश हुए। इस दौरान उन सबों ने अपना पक्ष रखा।

इस संबंध में दोनों पदाधिकारी जगजोत सिंह व इंद्रजीत सिंह ने अपनी बात कही। कहा गया कि पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा महामहिम के प्रोटोकॉल का अनुपालन कराया गया था। हालांकि दरबार साहिब से संगतों को निकालने या ऊंची आवाज में बोलने की जानकारी उन्हें नहीं है। बाद में वायरल हुए वीडियो से इसकी जानकारी मिली। मिली जानकारी के अनुसार अधीक्षक दलजीत सिंह ने भी कहा कि वह प्रोटोकॉल के तहत कमेटी के पदाधिकारियों के कहने पर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर संगतों को दरबार साहिब से बाहर जाने को कह रहे थे। हालांकि जब उन सबों ने विधि-व्यवस्था में सहयोग नहीं किया, तो उन्हें मजबूरन टाइट होकर बोलना पड़ा। बाद में उन्हें महसूस हुआ कि वह ऊंची आवाज में बोल गए। हालांकि दोनों पदाधिकारी और अधीक्षक से अपना बयान लिखित में मांगा गया, जिसे तीनों ने सौंप दिया है। अब इस पर फैसला बाद में सुनाया जाएगा। विदित हो कि अक्टूबर, 2023 में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के तख्तश्री पटना साहिब आगमन पर उनके आने के करीब तीन-चार घंटा पहले संगतों को दरबार साहिब से ऊंची आवाज में बोलकर और कटु वाणी का प्रयोग करते हुए निकाल दिया गया था। इस दौरान लोगों को कमरे में ही रहने, बाहर नहीं निकलने, परिसर में प्रवेश नहीं करने देने आदि का आरोप लगाते हुए श्री अकाल तख्त साहिब में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी के बाद कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह को तीन फरवरी को पेश होने का आदेश दिया गया था।

चलो गांव की ओर की सफलता को बैठक, संगठन मजबूती पर काम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा गायघाट मंडल की बैठक गायघाट स्थित गौरीशंकर कॉलोनी स्थित बंगाली अखाड़ा परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरेन्द्रनाथ चंद्रवंशी जी ने की। इसमें जिला, मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

बैठक में हर बूथ पर गांव चलो अभियान कार्यक्रम, आगामी लोकसभा चुनाव, पार्टी के विभिन्न कार्यक्रम, संगठन विस्तार, शक्ति केंद्र कमेटी, बूथ कमेटी, वॉल पेंटिंग आदि विषयों पर चर्चा की गई है। बैठक में गांव चलो अभियान कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद कुमार एवं सह संयोजक रंजीत कुमार राणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में भाजपा पटना जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मंत्री विनोद पासवान, स्मिता रानी, जिला युवा मोर्चा मंत्री गुंजन कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, शंकर चौधरी, संजय गुप्ता, फैयाज अली काजमी, गोपाल कुमार, प्रकाश यादव, सीताराम महतो, विमल सिंह, अमित आर्य, शशि शर्मा, शिव शंकर साह, दीपेश कुमार शर्मा, राहुल राज कल्प, प्रह्लाद कुमार, विकास शर्मा आदि मौजूद थे।

धन्यवाद ज्ञापन मंडल के महामंत्री पंकज कुमार गुप्ता ने किया। दूसरी ओर पश्चिम द्वार मंडल मंडल में पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर मुन्ना के आवास पर चलो गांव की ओर की बैठक हुई। बैठक के संयोजक बद्रीनाथ गुप्ता, सह संयोजक विनोद कुमार शौंडिक, पश्चिम द्वार के महामंत्री अमरजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जीतू, जिला महामंत्री विनय केसरी, पटना साहिब विस्तारक भैया लाल माथुरी, विधानसभा विस्तारक सुदीप जी, शिशिर कुमार, राकेश कुमार बबलू, मनोज भट्ट, दिवाकर गोस्वामी, रवि पांडेय, भोला चंद्रवंशी, चुन्नू, विकास कुमार, सभी शक्ति केंद्र के प्रमुख, सब प्रमुख, बूथ अध्यक्ष के साथ चलो गांव की ओर की बैठक किया गया। बैठक में केंद्र सरकार की योजना को लोगों को जानकारी दी गई।

महिलाओं को शरीर के ऊपर ही नहीं भीतर भी देखने की जरूरत

महिला परिवार में हिचक और अपनी चुप्पी तोड़े : महिमा चौधरी

प्रात :किरण संवाददाता

90 के दशक की मशहूर और खूबसूरत अदाकारा परदेस फेम महिमा चौधरी एकदिवसीय दौरा पर बिहार आई थी । राजधानी पटना में स्वयंसेवी संस्था गुलमोहर मैत्री के कार्यक्रम में कैंसर सरवाइवर के साथ रैंप वॉक और अपनी आपबीती से शहर को रूबरू कराया । ज्ञात हो की पिछले तीन वर्ष पूर्व महिमा को कैंसर होने का पता चला। वापस मुंबई लौटने के पूर्व विशेष बातचीत के प्रमुख अंश -

संवाददाता- बिहार यात्रा कैसी लगती है।

महिमा- बिहार मुझे भाता है और यहां मैं कई बार आ चुकी हूं, हर बार नया बदलाव यहां दिखता है। यहां आना मेरे लिए सुकूनदायक है। बिहार की संस्कृति खानपान और बिहारियत कि मैं कायल हूं।

संवाददाता - आप भी कैंसर सरवाइवर हैं और यहां एक संस्था के कार्यक्रम में कैंसर पीड़ित महिलाओं से मिलने आई है जब आपको पता चला तो कैसे संभाला?

महिमा - वैसे मैं हेल्थ की रेगुलर चेकअप कराती थी, अचानक से एक दिन दर्द महसूस हुआ डॉक्टर से चेकअप करवाई डॉक्टर ने तो इसे हल्के में लिया परंतु बायोप्सी की बात कही। जब बायोप्सी की रिपोर्ट आई तब कैंसर होने का पता चला। सर्जरी के बाद खुद को संभाला, दोस्त और परिवार वाले और अनुपम खेर जी ने आकर हिम्मत बढ़ाया । सभी यही कहते थे , डरने की कोई बात नहीं यही से मुझे हिम्मत मिलती थी ।

संवाददाता - परिवार में महिलाएं अपनी आपबीती भी नहीं बता पाती है खासकर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवार की महिला लज्जा महसूस करती है क्या कहते हैं?

महिमा- नहीं, महिलाओं को अपनी हिचक और चुप्पी तोड़नी चाहिए। वह स्वस्थ रहेंगी तभी परिवार स्वस्थ होगा। जरूरत है घर के पुरुष, घर की महिलाओं के स्वास्थ का ध्यान रखें।

संवाददाता - कैंसर से कैसे बचा जाए? पुरुष और महिलाएं दोनों के लिए क्या संदेश है ।

महिमा - यदि कैंसर की पहचान शुरूआत में ही हो जाए तो 99% बचने की संभावना होती है। पुरुष और महिलाओं दोनों को यह संदेश देना चाहती हूं कि समय-समय पर स्वास्थ की जांच जरूर करवानी चाहिए। पुरुष को भी ओरल और ब्रेस्ट की जांच करवानी चाहिए एक प्रतिशत पुरुष में भी ब्रेस्ट कैंसर की लक्षण देखी गई है। महिलाएं अपनी बाहरी खूबसूरती की फोटो लेती है उन्हें अपने भीतर भी देखनी चाहिए। यदि लक्षण पता चले तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए बच्चियों में एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए जागरूकता होनी चाहिए।

संवाददाता - बिहार में कहां-कहां घुमी है और कहां घूमना चाहेंगे ?

महिमा - बिहार यात्रा के दौरान काफी रोमांचित हो जाती हूं , गंगा ड्राइव देखा तो बड़ा अच्छा लगा , अपनी यात्रा से लौट कर बिहार के बारे में अपने बच्चों को बताती हूं। अगली बार आऊंगी तो पाटलिपुत्र देखना चाहती हूं और बोधगया जाना चाहती हूं। अपनी बेटी को बिहार दिखाना है।

संवाददाता - क्या फिल्म में वापसी हो रही है?

महिमा - हां लंबे समय के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर करण जौहर प्रोडक्शन के अंतर्गत नादानियां आ रही है। अच्छी स्टोरी मिलेगी तो काम करती रहूंगी।

सीएम से मिल दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और बिहार प्रदेश जदयू के राजनीतिक सलाहकार शशिकांत गुप्ता रविवार को एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले। श्री गुप्ता ने सीएम से वर्तमान राजनीति और योजनाओं पर भी चर्चा की। साथ ही श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना सिटी आने की बात कही। उन्होंने एनएमसीएच, गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल से लेकर यहां विकास के कार्यों के बारे में भी उनसे चर्चा की। श्री शशिकांत गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लोगों के बीच जदयू के कार्यक्रमों, नीतीश सरकार की उपलब्धियां को बताने और योजनाओं को लाभ दिलाने की दिशा में सबों को काम करने को कहा।

व्यापारियों को पेटीम के स्थान पर अन्य पेमेंट एप पर शिफ्ट होने की सलाह दी : कैट

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। रिजर्व बैंक द्वारा हाल में पेटीएम पर लगाये प्रतिबंधों को लेकर देश भर में व्यापारी जो पेटीम का उपयोग कर रहे हैं, मैं अपने धन को लेकर बेहद चिंताएँ और आशंकाएँ है, जिसके तहत कैट (बिहार) ने देश भर में पेटीएम का उपयोग करने वाले व्यापारियों को सावधान करने के लिए सलाह जारी की है जिसमें कहा गया है कि पेटीएम उपयोगकर्ता अपने धन की सुरक्षा के लिए तुरंत उपाय करें और बिना किसी नुकसान के अपने वित्तीय लेन-देन को सुनिश्चित करें। कैट बिहार चेयरमैन श्री राजेश गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग छोटे व्यापारी, विक्रेता, हॉकर्स और महिलाएं पेटीएम के माध्यम से लेन-देन कर रहे हैं और आरबीआई के प्रतिबंध से इन लोगों को वित्तीय अशांति हो सकती है। कैट बिहार महिला अध्यक्ष श्रीमती रुचि अरोड़ा व उपाध्यक्ष श्रीमती इंदू अग्रवाल ने कहा कि पेटीएम पेमेंट बैंक पर प्रतिबंध का प्रमुख कारण में से एक बिना सही पहचान के बनाये गये करोड़ों अकाउंट थे। इन एकाउंट्स के तहत केवाईसी (अपने ग्राहक की पहचान) की प्रक्रिया पूरी नहीं की थी। इतना ही नहीं इसमें बिना पहचान के करोड़ों रुपये का लेन दें भी किया था जिसे मनी लाउंड्रिंग की आशंका पैदा हुई है। मीडिया समाचारों के अनुसार आरबीआई के प्रतिबंध लगाने का एक सबसे बड़ा कारण यह रहा कि पेटीएम पेमेंट बैंक के तहत एक पैन पर एक हजार से अधिक यूजर्स के अकाउंट जुड़े हुए थे।इसके अलावा आरबीआई और ऑडिटर्स दोनों द्वारा जाँच में पाया गया कि पेटीएम बैंक नियमों का पालन नहीं कर रहा है । कैट का मानना है कि अगर फण्ड की हेराफेरी का कोई भी सबूत पाया जाता है तो ईडी को पेटीएम पेमेंट बैंक की जाँच करनी चाहिए। कैट बिहार उपाध्यक्ष सौरभ सिंह व रवि गुप्ता ने बताया कि आरबीआई द्वारा पेटीएम पर लगाए गए हाल के प्रतिबंधों ने प्लेटफॉर्म द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सेवाओं की सुरक्षा और साथ में जारी करने के संबंध में समस्याएं उत्पन्न की हैं।

स्वास्थ्य योजना से जनप्रतिनिधियों व लोगों को कराया अवगत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लोगों को स्वास्थ्य योजना से अवगत कराने के लिए कार्यक्रम का आयोजन कुम्हार स्थित है बिस्कोमान कॉलोनी के नर्सिंग होम के सभागार में रविवार को किया गया। अगर तुम का स्वागत ऑक्सीजन ट्रामा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ प्रवीण कुमार एवं डॉक्टर रजनी कुमारी ने किया।

इसका उद्घाटन दीप जलाकर मेयर सीता साहू के साथ पटना सिटी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह डॉक्टर अजय प्रकाश प्रोफेसर दिनेश पटेल डॉक्टर प्रेम गुप्ता अनंत अरोड़ा आदि ने किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और उक्त सभागार में मौजूद लोगों को डॉक्टर प्रवीण कुमार एवं डॉक्टर रजनी कुमारी ने स्वास्थ्य योजना के बारे में लोगों को विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि जिनका केवल राशन कार्ड बना है वह भी जो आयुष्मान भारत का कार्ड बनवा चुके हैं या बना है वह भी कैसे लाभ उठा सकते हैं।

जिनके पास दोनों में से कोई साधन नहीं है यदि गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो उनका इलाज किस स्तर पर और कैसे किया जा सकता है साथ ही इस नर्सिंग होम के द्वारा भी गरीबों का इलाज जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गाना मान्य लोगों के द्वारा भेजे जाने के बाद अपेक्षाओं पर खरे उतरने की पूरी कोशिश की जाती है इस दौरान मंच का संचालन दिलीप कुमार गुप्ता ने किया उक्त समारोह में डॉ प्रेम गुप्ता, प्रो संजय साहू, डॉ अजय प्रकाश, वार्ड पार्षद किरण मेहता, तारा देवी, गायत्री देवी, विनय कुमार बाला, सतीश कुमार गुप्ता के अलावा पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, राजू मेहता, डॉ राजकमल, राजू गुप्ता, मुकेश कुमार मंटू, ललन अंबेडकर, प्रेम कुमार गुप्ता, इजी. सुंदर साहू, देवरत्न प्रसाद, हरेंद्र मिश्रा, उमेश पंडित के अलावा अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

दिव्यांगजनों के लिए जीता-जागता मंदिर : डॉ राणा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कृत्रिम उपकरण वितरण के अवसर पर प्रोडॉ राणा सिंह ने कहा कि यह अस्पताल सचमुच में गरीब दिव्यांगजनों के लिए एक जीता-जागता मंदिर के समान है। उन्होंने कहा कि यहां दिव्यांगजनों की सच्ची सेवा की जाती है। मुख्य अतिथि के रूप में श्री आशीष आदर्श ने कहा कि वे यहां आकर आश्चर्यचकित हैं कि बिहार में भी ऐसी सेवा दी जाती है। श्री कुमोद कुमार ने कहा कि वे अपने संस्थान में इस अस्पताल के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे, ताकि दिव्यांगजनों को फायदा हो सके। जयपुर से आए डॉ नरेन्द्र लोढ़ा ने कहा कि अगर दिव्यांगजनों की सेवा की बात की जाए, तो उनकी नजर में यह अस्पताल सर्वश्रेष्ठ है। इस अवसर पर जयपुर से आए प्रो राणा सिंह ने कहा कि यहां दिव्यांगजनों की सच्ची सेवा की जाती है। इस दौरान 50 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के निदेशक प्रोडॉ राणा सिंह, मुख्य अतिथि आशीष आदर्श, मोटिवेटर एवं काउंसलर, प्रशासनिक पदाधिकारी कुमोद कुमार, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के डॉ नरेन्द्र लोढ़ा, जयपुर के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। आगत अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अस्पताल के चेयरमैन देशबन्धु गुप्ता ने अस्पताल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संचालन करते हुए अस्पताल के महामंत्री पदम्श्री बिमल जैन ने लोगों से आग्रह किया कि पीड़ित दिव्यांगजनों को अस्पताल भेज कर पुण्य के भागी बनें। सभी दिव्यांगजनों को मारवाड़ी महिला समिति के सौजन्य से कंबल प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अस्पताल के प्रबन्ध न्यासी विवेक माथुर ने किया। मौके पर अमर कसेरा, वीणा गुप्ता, रेखा कसेरा, सरोज पाटनी जैन आदि उपस्थित थे।

ताला काट दुकान से नगद व एक लाख की चोरी

पटना सिटी (प्राकि)। चोरों का कहर लगातार जारी है। खाजेकलां थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ के गुजरी बाजार स्थित बादशाह नवाब मार्केट की एक दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जब शटर का ताला टूटा देखा, तब बजरंग स्टोर के प्रोप्राइटर बजरंग बाली को कॉल कर सूचना दी गई। दरअसल बजरंग स्टोर के नाम से परचून दुकान चलती है। पीड़ित दुकानदार जब दुकान पहुंचा, तो शटर उठाकर देखा तब दस हजार नगद और करीब एक लाख के परचूनी आइटम की चोरी चली गई थी। अंदर में सामान भी बिखरा पड़ा था। पीड़ित दुकानदार ने इसकी सूचना खाजेकलां थाना की पुलिस को दिया। इसके बाद पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। दरअसल अशोक राजपथ से सटे मार्केट की पूरब से दूसरी दुकान है। ऐसे में चोरों के द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाना पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

सीएम ने जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कैंसर वार्ड का किया उद्घाटन

कैंसर की अत्याधुनिक मशीन वरियन एज रेडियेशन मशीन का भी किया शुभारंभ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना के जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कैंसर वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कैंसर की अत्याधुनिक मशीन वरियन एज रेडियेशन मशीन का भी शुभारंभ किया। कैंसर वार्ड का उद्घाटन करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने वार्ड के विभिन्न विभागों - कैथ लैबस, इंडोस्कोपी, फीजियोथेरेपी आदि का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक कैंसर मशीन को भी देखा और इसके कार्य पद्धति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमलोगों का उद्देश्य है कि सम्पूर्ण कैंसर केयर एक छत के नीचे हो तथा कैंसर का शीघ्र निदान और तुरंत उपचार हो। कैंसर की वरियन एज रेडियेशन मशीन पूर्वी भारत की पहली अत्याधुनिक मशीन है तथा देश में यह दूसरी मशीन है जो यहां कैंसर के उपचार के लिये काफी उपयोगी होगा।

कार्यक्रम में जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ नरेश त्रेहान, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के प्रबंध निदेशक डॉ रविशंकर सिंह, डॉ राजीव रंजन, डॉ अमरेन्द्र अमर सहित अन्य चिकित्सकगण मौजूद थे।

बिहार लघु उद्यमी योजना के दूरगामी परिणाम होंगे : उमेश

- कहा-गरीबों को इस योजना का व्यापक लाभ होगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई बिहार लघु उद्यमी योजना गरीबी उन्मूलन की दिशा में निर्णायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष बिहार में हुए जाति आधारित गणना में 94 लाख ऐसे परिवार को चिन्हित किया गया था जिनकी मासिक आय छह हजार रुपये से कम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन 94 लाख परिवार को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना का खाका तैयार किया था, जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री के कर-कमलों से सोमवार को होगा। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि इस योजना के तहत 94 लाख गरीब परिवार के एक सदस्य को स्वरोजगार के लिए दो लाख रुपये दिए जाएंगे, लाभार्थियों को यह राशि कुल तीन किश्तों में मिलेंगे। योजना से मिली राशि को कमजोर परिवार के लोग लघु उद्योग लगाकर अपने उत्थान व स्वावलंबी बनने पर खर्च करेंगे और इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सरकार योजना में दिए गए राशि को वापस नहीं लेगी। श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरूआत गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने के उदेश्य से किया गया है। बिहार के गरीबों को आने वाले दिनों में इस योजना का व्यापक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही एनडीए गठबंधन की सरकार गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है। हम जनता से जो वादा करते है उसे तय समय में पूरा करने का भी काम करते है। श्री नीतीश कुमार ने जिस उदेश्य से बिहार में आर्थिक सर्वेक्षण कराया था उसकी झलक अब सरकार की योजनाओं में दिखाई दे रही है और हमें विश्वास है कि भविष्य में निश्चित ही इसके दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा की नीतीश सरकार जिस तत्परता से योजनाओं का निर्माण करती है उसी तत्परता और प्रतिबद्धता से उन योजनाओं का क्रियान्वयन भी करती है। जिसका नतीजा है कि सरकार की योजनाएं सीधे तौर पर आम जनता के जीवन पर सकारात्मक असर डालती है।

भाजपा 8 फरवरी को करेगी धन्यवाद, सम्मान व संकल्प सभा

- सभा में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा लेंगे भाग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा अगले 8 फरवरी को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में धन्यवाद, सम्मान और संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया जाएगा जबकि कार्यक्रम में बिहार सरकार में मंत्री बने सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और प्रेम कुमार को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे इस कार्यक्रम में 2024 में सभी 40 की 40 सीटें जीतने का संकल्प भी लिया जाएगा। पटना प्रदेश कार्यालय में रवबिार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री और पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी ने इस कार्यक्रम की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा 8 फरवरी को धन्यवाद, सम्मान और संकल्प सभा कार्यक्रम करेगी। 9 फरवरी से भाजपा के 50 हजार से अधिक नेता और कार्यकर्ता प्रदेश के 45 हजार गांवों के मतदान केंद्रों पर 24 घंटे के प्रवास में रहेंगे और लोगों के बीच जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण के जो कार्य किए है, उसकी सतही जानकारी लेंगे और राम मंदिर के उद्घाटन के बाद तथा गरीब कल्याण योजना को लेकर किस तरह का वातावरण है, उसका पूरा फीडबैक लेंगे। इस बीच, नेता और कार्यकर्ता बिहार के लोगों का अभिनंदन भी करेंगे, सम्मान भी करेंगे और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त करेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के निर्णय के लिए और प्रभु श्री राम को भव्य मंदिर में स्थापित किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया जाएगा। प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर ने कहा कि आस्था ट्रेन प्रदेश के राम भक्तों को अयोध्या ले जाने के लिए शुरू हो गया है। 5 फरवरी को मुंगेर, 9 फरवरी को बरौनी से 12 को समस्तीपुर से और 19 को पटना से आस्था ट्रेन खुलने वाली है। दक्षिण बिहार के भाजपा संयोजक और एमएलसी अनिल शर्मा ने कहा कि 8 फरवरी को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। इधर, पूर्व विधायक और महामंत्री शिवेश राम ने कहा कि धन्यवाद, सम्मान और संकल्प सभा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद, 500 वर्षों के संघर्ष को विराम, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 का कश्मीर से समापन, जननायक कपूर्री जी के विरासत को सम्मान तथा बाबा साहब से संबंधित पंचतीर्थों का भव्य रूप में जीर्णोद्धार एवं लंदन में आंबेडकर स्मारक का लोकार्पण को लेकर दिया जाएगा। इस प्रेस वार्ता में मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल तथा मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू भी उपस्थित रहे।

मामूली परीक्षा लेकर शिक्षकों को दिया जाए राज्यकर्मी का दर्जा: एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि महागठबंधन सरकार में जो फैसले लिए गए थे, उसके अनुसार ही मामूली परीक्षा लेकर शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए, उनको प्रताड़ित नहीं किया जाए। जबसे एनडीए की सरकार बनी है उसके बाद से ही ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। सभी को मालूम है कि भारतीय जनता पार्टी कभी नहीं चाहती कि शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा मिले सुशील मोदी के वक्तव्य को याद करें ,जब उन्होंने कहा था कि भगवान भी आ जाए तो शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिल सकता है। एजाज ने आगे कहा कि राष्ट्रीय जनता दल तेजस्वी जी के संकल्पों के अनुसार शिक्षकों को मामूली परीक्षा के आधार पर ही शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के संकल्प को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। इन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह की नियमावली बनाई गई है यह कहीं ना कहीं शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

अपना अस्तित्व बचाने की फिक्र करें परिवारवादी दल : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद-कांग्रेस को निशाने पर लेते जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि एक तरफ नीतीश सरकार के नेतृत्व में एनडीए विकास कार्यों में लग चुकी है लेकिन परिवारवादी दलों का रोना अभी भी समाप्त नहीं हुआ है। इनकी खुद की नाव डूब रही है लेकिन यह नीतीश सरकार के साथ खेला करने की चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं। इन्हें यह तक समझ में नहीं आ रहा है कि श्री नीतीश कुमार के हटने से इंडी गठबंधन के अस्तित्व पर ग्रहण लग चुका है। इनके सहयोगी आपसी सिरफुटौव्वल में व्यस्त हो चुके हैं और इनकी रही-सही साख भी राख बन चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार में इन्हें जैसे-तैसे एक सीट मिल गयी थी लेकिन इस चुनाव में इनका सूपड़ा साफ हो जाएगा। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सबसे बुरी गत कांग्रेस की बनने वाली है। देश पर जबर्दस्ती परिवारवाद थोपने की उनकी जिद उन्हें कहीं का नहीं छोड़ेगी। लोग देख रहे हैं कि एनडीए में जहां साफ छवि एवं जनता के हित में काम करने वाले नेताओं का जमावड़ा है, वहीं इंडी एलायंस में परिवार की पालकी उठाने की एकमात्र योग्यता रखने वाले दागी एवं भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। इसीलिए देश की अधिकांश जनता जहां पहले से ही एनडीए सरकार के साथ थी, वहीं अब श्री नीतीश कुमार के साथ आने से इंडी गठबंधन के भी अधिकांश समर्थक एनडीए के पाले में आ चुके हैं। राहुल की न्याय यात्रा में एनडीए के समर्थन में लग रहे नारे इसी का जीवंत प्रमाण है। भविष्यवाणी करते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक तरफ एनडीए जहां 400 से अधिक सीटों के साथ जीत का कीर्तिमान स्थापित करेगी वहीं इंडी एलायंस हार का नया रिकॉर्ड बनाएगी।

संत शिरोमणि की जंयती 3 मार्च को मनाई जाएगी : शिवचंद्र

- रविन्द्र भवन में प्रस्तावित समारोह की तैयारी को लेकर बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

रविदास चेतना मंच के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरू रविदास के राजस्तरीय 647 वाँ जंयती समारोह की तैयारी के लिए 1 एम स्टैंड रोड में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रविदास चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए रविदास चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी का 647 वाँ राज्यस्तरीय जंयती समारोह धूम-धाम से 3 मार्च को रविन्द्र भवन पटना, मे आयोजित की जाएगी तथा माधी पूर्णिमा के दिन 24 फरवरी 2024 को संत रविदास को माननेवाले लोग पूरे बिहार मे अपने-अपने घरों मे संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की पूजा करेंगे एवं शाम मे दीप जलाकर दीपावली के रूप मे जयंती मनाएंगे। श्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास की वाणी को जन-जन तक पहुँचाने एवं उनके पद चिन्हों पर चलकर ही समाज में फैली कुरूतियों तथा गैर बराबरी को समाप्त किया जा सकता है। बैठक मे आए बिहार भर के लोगो ने संकल्प लिया कि आधी रोटी खाएंगे, बेटा-बेटी को पढ़ाएंगे। आधी रोटी खाएंगे, नशामुक्त समाज बनाएंगे। आधी रोटी खाएंगे, अंधविश्वास दूर भगाएंगे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक सूबेदार दास ने किया। बैठक को संबोधित करने वालों में पूर्व विधायक राजेंद्र राम पूर्व विधायक लालबाबू राम गोपालगंज के पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र राम, शैलेंद्र दास, वीर बहादुर राम, सुदर्शन प्रसाद, विजय राम, वीरेंद्र राम, जितेंद्र राम, कृष्णा राम, अरविंद दास, रमेश राम, अनिल राम, लखिन्द्र दास, विजय कुमार अमन, योगेंद्र राम, अतुल राम, देव लगन दास, संत दास, जगजीवन राम सहित कई लोग थें।

राजद का जनसंवाद व नुक्कड़ सभा का आयोजन

- 17 साल बनाम 17 महीना के कार्यों पर हुई चर्चा : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद की ओर से पटना के फुलवारी शरीफ में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। उक्त जानकारी राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि 17 साल बनाम 17 महीना के कार्यों पर चर्चा के तहत विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभा की शुरूआत गई। इसी तरह का कार्यक्रम राज्य भर किया जायेगा। नुक्कड़ सभा में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के साथ साथ 17 महीने में तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों पर चर्चा के साथ-साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं पुर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्पों और विचारों को हर लोगों और जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनसंवाद नुक्कड़ सभा की फुलवारी शरीफ में रविवार से शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार के 17 वर्षों में जो कार्य नहीं किया गया,उसे तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार ने17 महीने में करके दिखाया। तेजस्वी प्रसाद यादव के विचार तथा संकल्पों और महागठबंधन सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनसंवाद में बताया गया। एजाज ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने रोजगार और नौकरी देकर बिहार को बेहतर बनाया और इससे देश में नौकरी और रोजगार परक राजनीति को नया आयाम दिया और मिशाल कायम किया। नुक्कड़ सभा में बिहार प्रदेश राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनवर आलम, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पुर्व विधायक उदय मांझी, प्रदेश महासचिव गुलाम रब्बानी,राजद नेता सलाहुद्दीन मंसूरी, कौशर खान, मो आसीफ,मो अमीर, दिनेश पासवान, अफरोज आलम, सुरेंद्र यादव उर्फ मोहन यादव,ध्रुव यादव, मो कैश,मो गोल्डन, ई नैयर आलम, ई शाहनवाज आलम, चट्टान सिंह, मो अर्श, मो अमीर, दिनेश रजक, मो लड्डू,सहित अन्य नेतागण

निःशुल्क फेको विधि से मोतियाबिंद का ऑपरेशन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 21 गरीबों का निःशुल्क फेको विधि से मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। सभी मरीजो का चयन ट्रस्ट द्वारा आयोजित वृहद आंख जांच शिविर में किया गया था मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा न्यू बहादुरपुर कॉलोनी स्थित संचालित श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। यह आपरेशन शिविर स्व.अशोक कुमार पोद्दार की स्मृति में उनकी पत्नी ने करवाया। साथ हीं मौके पर अंकित पोद्दार ने बताया कि आज सभी मरीजों एवं अन्य को 50 कम्बल तथा 200 से अधिक को खाना भी खिलाया गया। एक मरीज रामबाबु जो पेशे से मोची का काम करते हैं ने बताया कि मोतियाबिंद के कारण उन्हें दिखाई नही देता था जिसके कारण वह अपना काम नही कर पाता था। डॉ मोहनका ने बताया कि इनमें से आठ मरीजो को मोतियाबिंद के कारण एक आंख से बिल्कुल नही दिखाई देता था। मौके पर ट्रस्ट के सचिव एम पी जैन ने बताया कि सभी मरीजों को दवा, खाना इत्यादि भी दिया गया। मौके पर बरखा मोहनका ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा लगातार गरीबों की सेवा के कार्य किये जा रहें हैं।

समस्या का स्थाई समाधान करेंगे : पप्पू

पटना। प्रणाम पूर्णिया अभियान के ग्यारहवें दिन जन अधिकार पार्टी लो के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों में जाकर आम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम यह विश्वास दिलाते हैं कि जब हमें मौका मिलेगा तब हम किसानों और मजदूरों की समस्या का स्थाई समाधान करेंगे।

आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन का प्रथम सम्मेलन संपन्न

- रंजना यादव अध्यक्ष, रणविजय संगठन सचिव बने
- शशि यादव सम्मानित अध्यक्ष, रामबली प्रसाद संरक्षक चुने गए

पटना। ऐक्टू , महासंघ (गोप गुट) व आल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन से सम्बद्ध बिहार राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन का प्रथम राज्य सम्मेलन रविवार को पटना के दारोगा राय पथ स्थित माले विधायक सत्यदेव राम के आवास पर सम्पन्न हो गया। सम्मेलन से 19 सदस्यीय पदाधिकारी समिति चुनी गई, जिसमें रामबली प्रसाद संरक्षक, शशि यादव सम्मानित अध्यक्ष,रंजना यादव प्रदेश अध्यक्ष,रणविजय कुमार संगठन सचिव, पूनम यादव कोषाध्यक्ष चुनी गई। साथ ही सचिव में किरण कुमारी,पुष्पा कुमारी, सरोज देवी ,अर्चना कुमारी,रंजू झा,उपाध्यक्ष में नुरून नेहार, अशोक श्रीवास्तव, बेबी कुमारी,आरती कुंवर,प्रतिभा कुमारी आदि चुनी गई। सम्मेलन में चयनमुक्त हुई आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने 18219 चयनमुक्त आगनबाडी सेविका सहायिका की चयनमुक्ति वापसी कराने के उपलक्ष्य में माले विधायक दल उप नेता सत्यदेव राम, विधायक संदीप सौरभ को यूनियन की नव निर्वाचित प्रदेश रंजना यादव ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेविका सहायिकाओं ने खेग्रामस महासचिव धीरेंद्र झा, आशा नेत्री शशि यादव , महासंघ गोप गुट अध्यक्ष रामबली प्रसाद , ऐक्टू नेता रणविजय कुमार को भी शॉल प्रदान कर सम्मानित किया । माले विधायक सत्यदेव राम, विधायक संदीप सौरभ ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला कहा कि कि सरकार देश के लाखों स्कीम वर्कर्स के साथ विश्वासघात कर रही है। माले विधायक ने आंगनबाड़ी कर्मियों से 2024 में मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान आंगनबाड़ी कर्मियों से किया।

राजद के 41 जिला प्रभारी मनोनीत, सूची जारी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निदेशार्नुसार, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने 41 जिला के जिला प्रभारी की सूची जारी की जारी की है। इन सभी प्रभारियों के मनोनयन पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कहा कि इससे पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी के कार्यक्रमों को चलाने में सहायता मिलेगी।

तीन जिलों में नए जिलाध्यक्ष :

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने विजय कुमार महतो को बगहा जिला राजद का ,रामाशीष यादव को मधुबनी जिला राजद का और वीरबहादुर राय को झंझारपुर संगठन जिला राजद का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उक्त जानकारी देते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि सांगठनिक व्यवहारिकता को ध्यान में रखते हुए राजस्व जिला मधुबनी को दो संगठन जिला मधुबनी और झंझारपुर में विभक्त कर दिया गया है ।

महाप्रबंधक ने हजारीबाग रोड स्टेशन का किया निरीक्षण



पटना। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने धनबाद मंडल के हजारीबाग रोड स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी हजारीबाग रोड स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की। महाप्रबंधक द्वारा कोडरमा स्थित दामोदर वैली कॉर्पोरेशन के निदेशक एवं अन्य अधिकारियों के साथ विधुत उत्पादन यूनिट की पुरी प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। इस दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

शांति के लिए बुद्धिजीवियों को सड़क पर उतरना होगा: ब्रज

युद्ध बंद करो, शांति कायम करो...नारे के साथ ऐप्सो का जिला सम्मेलन संपन्न

- कुलभूषण, जयप्रकाश और भोला शर्मा महासचिव चुने गए

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अखिल भारतीय शांति व एकजुटता संगठन ऑल इंडिया पीस एंड सोलीडिरिटी आगेर्नाइजेशन का नौवां पटना जिला सम्मेलन कंकड़बाग स्थित ए के सेन भवन में हुआ। सम्मेलन में पटना के अलावा बाढ़, नौबतपुर, मसौढ़ी, खुसरूपुर आदि जगहों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन भवन का नामकरण ऐप्सो के पूर्व महासचिव स्व फणीश सिंह जबकि सभागार डेजी नारायण के नाम पर किया गया था। सर्वप्रथम एके सेन भवन से प्रतिभागियों ने मार्च निकाला । मार्च में युद्ध बंद करो, शांति कायम करो, साम्राज्यवाद का नाश हो जैसे नारों के साथ कंकड़बाग टैंपो स्टैंड तक जाकर फिर सम्मेलन स्थल तक लौट आया। इस अवसर पर ब्रज कुमार पांडे द्वारा लिखित ऐप्सो के इतिहास पर केंद्रित पुस्तिका का लोकार्पण किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए संगठन के वयोवृद्ध महासचिव ब्रज कुमार पांडेय ने कहा देश में अराजकता का माहौल बन गया है। शांति और एकजुटता कायम करने केलिए देश के बुद्धिजीवियों को सड़क पर उतर आंदोलन करना होगा। अन्यथा देश की एकता और अखंडता को सुरक्षित रखना मुश्किल हो जायेगा। ऐप्सो के संरक्षक मंडल के सदस्य डॉ सत्यजीत ने कहा कि नाभिकीय अस्त्रों के खिलाफ आज मनवाता नाश होने के कगार पर खड़ी है। हथियार पर आज सबसे अधिक खर्च किया जा रहा है। इसके बदले शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान दिलाना शांति पसंद नागरिकों का कर्तव्य है। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष मंडली सदस्य चंद्रप्रकाश सिंह, राज्य महासचिव सर्वोदय शर्मा, राम बाबू कुमार, राज्य महासचिव अनीश अंकुर व विश्वजीत ने शांति आंदोलन को सड़कों पर ले जाने की जरूरत पर बल दिया। सम्मेलन के सांगठनिक सत्र की अध्यक्षता लक्ष्मीकांत तिवारी, विजय कुमार सिंह, गजनफर नवाब , मदन प्रसाद सिंह ने किया। भोला शर्मा ने सांगठनिक रिपोर्ट पेश किया।

65 सदस्यीय जिला परिषद का गठन :

सांगठनिक रिपोर्ट पेश किये जाने के बाद 65 सदस्यीय जिला परिषद का गठन किया गया। भोला शर्मा, जय प्रकाश और कुलभूषण महासचिव बनाए गए। सम्मेलन में चुने गए प्रमुख पदाधिकारियों में थे अरुण शादवाल, विजय श्री डांगरे, राजीव रंजन, अभय पांडेय, प्रो सुधीर कुमार, कुमार सर्वेश, अभय पांडे, प्रीति सिंह , गौतम गुलाल, गोपाल गोपी मंजीत साहू, डॉ अंकित, राकेश कुमुद, निखिल कुमार झा, अभिषेक कुमार, अशोक यादव, कृष्ण समृद्ध, अनिल अंशुमन, अर्चना सिन्हा, आशुतोष शर्मा, भोला पासवान एवं कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद शर्मा बनाए गए। सम्मेलन में रशीद, संजय कुमार कुंदन, रमेश सिंह, भोला पासवान, सरिता पांडे, मनोज चंद्रवंशी, बिट्टू भारद्वाज, राजीव जादौन, अभय पांडे, मनोज कुमार, हसन इमाम, राकेश रंजन , कैलाश शर्मा, अभिषेक आनंद, पीयूष रंजन झा, गजेंद्रकांत शर्मा, विनीत राय, सुधाकर कुमार, मुकेश कुमार रंजन आदि मौजूद थे।

ऊंच-नीच की भावनाओं और कुप्रथाओं पर कठोर प्रहार करती है सद्गति

साहित्य सम्मेलन के मंच पर राजेंद्र प्रसाद कला एवं युवा विकास परिषद ने मंचित किया नाटक

- 81वें जन्म-दिवस पर सम्मानित किए गए डा शंकर प्रसाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर लिखा गया नाटक सद्गति, समाज में व्याप्त ऊँच-नीच की भावनाओं और कुप्रथाओं पर कठोर प्रहार करता है। कवि-नाटककार ब्रह्मानन्द पाण्डेय द्वारा लिखित यह नाटक न केवल दलित-विमर्श को बल देता है, बल्कि नयी पीढ़ी में एक नए विचार को भी जन्म देता है। रविवार को कदमकुआं स्थित बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभागार में, सांस्कृतिक संस्था डा राजेंद्र प्रसाद कला एवं युवा विकास परिषद के कलाकारों ने नाटक की सुंदर प्रस्तुति की। अपनी-अपनी भूमिकाओं में सभी कलाकार मजे हुए दिखायी दिए।

दुखिया की भूमिका में सत्यम मिश्र, झुरी की भूमिका में हेमा, पंडित की भूमिका में सोनू कुमार, पंडिताइन की भूमिका में बशु, बुधिया की भूमिका में नाटक के निर्देशक संत कुमार तथा आदित्य और अमन के अभिनय को दर्शकों की खूब सराहना मिली। संगीत-निर्देशन किया, संस्था के अध्यक्ष नेहाल कुमार सिंह निर्मल ने। आरंभ में आयोजन के मुख्य अतिथि और सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट दर्शकों में डा शंकर प्रसाद, वरुण कुमार सिंह, प्रो सुशील कुमार झा, कुमार अनुपम, ई अशोक कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, डा शालिनी पाण्डेय,चंदा मिश्र, कृष्ण रंजन सिंह, सीमा यादव, बाँके बिहारी साव, सुनील कुमार उपाध्याय, डा प्रतिभा रानी, नरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार अस्थाना, डा कुंदन सिंह लोहानी आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद का, उनके 81वें जन्मोत्सव पर सम्मेलन द्वारा सम्मान किया गया। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने उन्हें वंदन-वस्त्र और पुष्प-हार पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके दीघार्युष्य की कामना की।

संक्षिप्त खबरें

शिक्षाविद के निधन पर पूर्व मंत्री ने जताया शोक

मुजफ्फरपुर।जिले के अलावलपुर ग्रामवासी प्रखर समाज सेवी, शिक्षाविद राजकुमार सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे । स्वर्गीय सिंह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने स्वर्गीय सिंह के निधन का खबर सुनकर रविवार को उनके पैतृक गांव अलावलपुर पहुंचे, जहां शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि राजकुमार बाबू के निधन से हमारे समाज एवं शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है । उन्होंने कहा कि राजकुमार बाबू जीवन पर्यंत पढ़ने -पढाने में लगे रहे , साथ ही सामाजिक कार्यों में वे काफी दिलचस्पी रखते थे। स्वर्गीय सिंह जिले के कई विद्यालयों में 30 वर्षों तक प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत रहे। स्वर्गीय सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री अजीत कुमार के अलावा भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के प्रदेश महासचिव धर्मवीर शुक्ला, रणधीर कुमार सिंह ,मुखिया प्रतिनिधि सुनील शर्मा, सरोज कुमार चौधरी ,पूर्व मुखिया कामेश्वर शुक्ला, समाजसेवी धीरज कुमार शुक्ला , सरोज कुमार, पूर्व मुखिया शशि रंजन कुमार उर्फ डबलू सिंह, समाजसेवी विनय ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य घनश्याम कुमार मुखिया प्रशुन कुमार सिंह आदि प्रमुख हैं।

कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित

मुजफ्फरपुर। मुशहरी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज नरौली के अंतर्गत वार्ड नंबर 1 के आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या 158 पर अमर त्रिशला सेवा आश्रम के द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर जागरूकता अभियान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन ईङ्क मनोज कुमार कुशवाह अध्यक्ष पीडब्ल्यूडी प्रखण्ड मुशहरी एव अंगूरी कुमारी कुशवाहा अध्यक्ष विद्यालय शिक्षा समिति ने सयुक्त रूप से किया बिहार वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन पटना एवं एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में 122 लोगों की निशुल्क जांच की गई । यह कैंसर जागरूकता कार्यक्रम 7 दिनों तक अलग-अलग जगहों पर किया जाएगा । शिविर में स्त्र, सेविका सुनिला देवी , रंजीत मेहता, रमेश कुमार रजक प्रनाभ कुमार रवि कुमार गौतम कुमार , धीरज कुमार चंदन , सविता कुमारी अन्य ग्रामीण उपस्थिति थे

वार्ड पंच की असामयिक निधन, शोक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के ग्राम कचहरी महथी दक्षिण वार्ड 08 के पंच उपेंद्र महतो के पुत्र अमरेन्द्र कुमार की असामयिक निधन रविवार को हो गया। वे 25 वर्ष के थे। पिछले बीते दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनके निधन पर स्थानीय सरपंच हरेराम दास, मुखिया भोला शंकर दास आदि ने शोक व्यक्त करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी कर रहे चोर को लोगों ने पकड़ कर पीटा

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड स्थित एक निमार्णाधीन मकान के गोदाम में रविवार की सुबह चोरी करते एक युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। वहीं इस दौरान दो अन्य युवक फरार होने में कामयाब रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। मामले के संबंध में बताया गया कि निमार्णाधीन मकान में एक गोदाम भी है। मकान का निर्माण कार्य देखने जब मकान के मालिक पहुंचे तो उन्हें गोदाम के अंदर से कुछ खटपट की आवाज सुनायी दी। इसके बाद जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो उन्हें कुछ युवक अंदर छिपकर बैठे हुए दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया। हालांकि इस दौरान दो युवक भागने में कामयाब रहे। पुलिस के द्वारा पूछताछ में पकड़े गए चोर ने बताया कि वह पूर्णिया जिले का रहने वाला है और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए इधर-उधर से चोरी किया करता था। वहीं इस सम्बन्ध नगर थाना पुलिस का बताना है कि दोनों पक्षों के बीच आपस में सुलह समझौता हो गया है।

साहित्यकार, पत्रकार और नेता का मिलन गंगा, यमुना, सरस्वती के मिलन जैसा : दुर्गेश राय

साहित्यकार सम्मान समारोह संपन्न

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत केराई पंचायत के पुल चौक की स्थित निजी परिसर में साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सह साहित्यकार चांद मुसाफिर व मंच संचालन प्रभू नारायण झा कर रहे थे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार महिला आयोग की अध्यक्ष सह उजियारपुर के पूर्व सांसद अश्वमेघ देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है उसका निर्वहन करने में जुटी हूं। आप सभी के आशीर्वाद से आगे भी काम करती रहूंगी। उन्होंने एक मंच पर साहित्यकार, पत्रकार और राजनेता को सम्मानित करने के लिए आयोजक मंडल के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह को संस्कृत शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सह जदयू के जिला अध्यक्ष दुर्गेश ने संबोधित करते हुए साहित्यकार, पत्रकार व राजनेता के इस मिलन को गंगा, यमुना, सरस्वती का मिलन बताया। उन्होंने इस आयोजन के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए युवाओं को साहित्य को पढ़कर राजनीति करने तथा पत्रकारों का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने की अपील की। संबोधन की कड़ी में उन्होंने कहा कि जब राजनेताओ की राजनीति डगमगाती है तो साहित्यकार, और पत्रकार अपनी कलम की आवाज से संवारने का काम करते है। समारोह में उपस्थित साहित्यकार परमानन्द मिश्र, रामा कांत राय रमा, राम विलास प्रवासी, राम बालक सिंह बालक, मनोरंजन प्रसाद मिश्र, चंदन कुमार राय, अशोक कुमार महतो, नवनीत झा, रंजीत कुमार, अनिल कुमार झा आदि को आयोजक सह पूर्व मुखिया यमुना प्रसाद सिंह ने चादर, माला और प्रशस्तिपत्र आदि भेंट सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित सभी साहित्यकारों ने अपनी अपनी रचनाओं का स्व स्वर कविता पाठ किया। समारोह को राम बहादुर सिंह, राम नारायण सिंह, पंसस चांदनी देवी, रंधीर कुमार राय आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर अमर सिंह, सीताराम पासवान, राजकुमार, प्रीति कुमारी, राम नरेश झा, उमेश झा, पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार, उदय सिंह आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मुखिया सह कार्यक्रम के आयोजक यमुना प्रसाद सिंह ने किया। समारोह में काफी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य वेदानंद शास्त्री जी का प्रवचन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विकासात्मक समिति व श्री शारदा इंस्टीट्यूशन, लहेरियासराय के संयुक्त तत्वावधान द्वारा शिशिर कुमार कर्ण के आवासीय परिसर मे आयोजित ,श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य वेदानंद शास्त्री जी महाराज को संगठन के अध्यक्ष व यजमान शिशिर कर्ण एवं संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष ने विधिवत पूजन व स्वागत कर व्यास पीठ पर स्वागत किया,श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्यश्री वेदानंद शास्त्री आनंद ने चतुःश्लोकी भागवत का व्याख्यान करते हुए भागवत के सर्गादि दस लक्षण के बारे में बताये,महाभारत युद्ध का विस्तृत वर्णन किया,दुर्योधन व पाचों पांडव के बीच युद्धों को बताया, एवं कहा कि हमें अपना आसन, श्वास संग अपने इंद्रिय को जितना चाहिए,इसका तत्काल प्रभाव आपकी क्रियाशीलता पर पड़ेगी, आपका कर्म शुद्ध हो जाये तो आपको परम गति प्राप्त हो जाएगी, एवं युधिष्ठिर को धर्मराज बताएएवं कहां की मनुष्य को सब कुछ भगवान पर छोड़ देना चाहिए और अपने कामों को मन से करते रहना चाहिए साथ ही उन्होंने गाया कि,तेरे भरोसे मेरे गाड़ी तू जाने तेरा काम जाने,एक भरोषा एक ही आशा, चरणों में तेरे अनुदाशा ,संकल्प मिश्रा ने झाँकी की प्रस्तुति दिया,उक्त मौके पर संगठन के कोषाध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष ललन कुमार झा,समन्वयक संतोष चौधरी,शानू,समाजसेवी राघवेंद्र चौधरी ,भाजपा युवा नेता मनीष चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

लूट की सामग्री के साथ 5 लुटेरें गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने लूटी गई सामग्री के साथ अन्तर्जिला गिरोह के 5शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है।इनके पास से 2पिस्टल ,11कारतूस ,45पुडिया स्मैक के साथ लूट की की सामग्री बरामद हुई हैं। इनकी गिरफ्तारी से जिले में रूप के 4 मामले एवं मोतिहारी के चकिया में हुए एक लूट कांड का उद्भेदन कर लिया गया है।इसका जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने बताया है कि शनिवार देर रात गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पारू थाना क्षेत्रान्तर्गत कुछ कुख्यात अज्ञात अपराधकर्मियों अवैध हथियार के साथ लैस होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है।प्राप्त सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त विशेष टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरैया, प्रभारी जिला आसूचना इकाई, थानाध्यक्ष सदर, थानाध्यक्ष साहेबगंज, थानाध्यक्ष करजा एवं थानाध्यक्ष पारू की टीम को शामिल किया गया। विशेष टीम द्वारा मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पारू थाना क्षेत्र अन्तर्गत बहदिनपुर चंवर से लूट एवं अपराध की योजना बना रहे अपराधकर्मी अविनाश कुमार ग्राम नवादा थाना साहेबगंज जिला मुजफ्फरपुर,अमन कुमार ग्राम -बलामी सिरिसिया थाना-कल्याणपुर जिला-पूर्वी चम्पारण अभिषेक कुमार ग्राम-मोरहर थाना-साहेबगंज जिला-मुजफ्फरपुर, चंदन कुमार थाना-साहेबगंज जिला-मुजफ्फरपुर, एवं . मिथिलेश कुमार ग्राम नवादा थाना-साहेबगंज जिला-मुजफ्फरपुर को अवैध हथियार, कारतूस, मादक पदार्थ एवं विभिन्न थाना क्षेत्रों से लूट की सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों से कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर अपने स्वीकारोक्ति बयान में दिनांक-13.01.2024 को सदर थाना क्षेत्रान्तर्गत रेवा रोड भगवानपुर स्थित एक ज्वेलरी दुकान में लूट-पाट करने एवं गोली चलाने की बात स्वीकारी है।इस सक्रिय कुख्यात अपराधकर्मियों के गिरोह द्वारा दिनांक 30. जनवरी को करजा थाना क्षेत्रान्तर्गत मडवन स्थित सी०एस०पी० से करीब 2, लाख 65, हजार 732- रुपएं की लूट-पाट, गोली चलाने एवं भागने के क्रम में थाना क्षेत्र के ही चैनपुर में गैस डिलीवरी के चालक से करीब 27,हजार रुपएं की लूट-पाट करने तथा दिनांक 1 फरवरी को राजेपुर ओ०पी० (साहेबगंज थाना) अन्तर्गत ई-कार्ट डिलीवरी बॉय से करीब 45 हजार ,356 रुपएं की लूट-पाट करने की बात भी स्वीकार की है।

देर रात आग की लपेट में तीन घर जल कर राख,मवेशियों की हुई मौत

मधुबनी

मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के डोड़वार पंचायत के डोड़वार गांव वार्ड नंबर 17 कमला मां के गोद में बसे निर्धन असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यादव वस्ती में बीते बुधवार की देर रात आग की लपेट में तीन घर जल कर राख हो गया, जिसमें मवेसी सहित लाखों की संपत्ति नष्ट होने की सूचना है।इधर घटना की सूचना मिलते ही विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी राम प्रसाद राउत सचिव बिहारी कुमार कोषाध्यक्ष अरुण कुमार साह सदस्य अरुण कुमार सिंह समेत अन्य ने पीड़ित परिवार से मिलकर वस्त्र पालीथीन शीट,चूडा गुर चावल सहायता स्वरूप प्रदान किया है। पीड़ित परिवार से मिलने विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट कि टीम ने घटना स्थल पर पहुंचे तो रोते बिलखते हुए पीड़ित महिला ने बताया कि लगभग एक लाख रुपए नगद भी जल गया वही बेटी के शादी के लिए बहुत सारे सामान इकट्ठा किए थे। उजड़ा गरीब का आशियाना जलकर राख में तब्दील हो गया । इतनी भीषण आग लगी लेकिन आग बेकाबू होकर शिव प्रसाद यादव,मदन यादव, रामाशीष यादव के आवासीय छप्पर को भी अपने चपेट में ले लिया। जिसमें रखा अनाज वस्त्र बर्तन गृहस्ती का सामान सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। इस भीषण अग्निकांड में पीड़ित परिवार के पास आंखों में आंसू और तन पे कपड़े के सिवा कुछ नहीं बचा। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

निबंध मिथिला नामक पुस्तक का हुआ लोकार्पण

दरभंगा कार्यालय

मिथिला लेखक मंच के तत्वावधान में मैथिली साहित्य परिषद के सभागार में निबंध मिथिला नामक पुस्तक का लोकार्पण हुआ इसके लेखक हैं डॉक्टर कमलकांत झा जी इस अवसर पर डॉक्टर भीमनाथ झा ने कहा कि डॉ कमल कांत झा 1965 में नाटक की रचना की थी जो बहुत लोकप्रिय हुआ था और सैकड़ो बार मंचन हुआ और यह लगातार रचना में लगे हुए इस अवसर पर विषय परिवर्तन करते हुए प्रोफेसर उदय शंकर मिश्रा ने स्वागत किया और कहा कि मैथिली साहित्य में यहां के साहित्यकारों द्वारा लगातार अपनी रचना के माध्यम से अपनी पुस्तक छाप कर मैथिली साहित्य की निरंतरता बनाए हुए हैं साथ ही कहा कि की मैथिली सीबीएसई में मान्यता नहीं है साथ ही बिहार के विद्यालयों में मान्यता नहीं है एवं बीपीएससी से मैथिली को निकाल दिया गया तो क्यों ना हम लोग मिलकर आंदोलन करें।
इस अवसर पर अध्यक्षता डॉक्टर शंकर झा ने की संचालक चंद्रेश ने किया साथ ही उपस्थित लोगों में डॉक्टर योगानंद झा वैद्यनाथ विमल श्री नारायण यादव डॉक्टर कृष्णदेव झा वैद्य गणपति जी चंद्र मोहन परबा आदि आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखें साथ ही अंत में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

मशरूम खेती को लेकर दिया प्रशिक्षण, लोगों को किया जागरूक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत विभूतिपुर उत्तर पंचायत के कापन गांव में मशरूम खेती को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण डॉक्टर रेड्डी फाउंडेशन के द्वारा किसान सलाहकार प्रेमचंद सिंह की देखरेख में दिया गया। प्रशिक्षक राकेश रौशन के द्वारा मशरूम उत्पादन के विधि को विस्तार से बताया गया। उत्पादन के लिए किसानों के बीच डेमो भी करवाया गया साथ ही जरूरतमंद किसानों को उपादान उपलब्ध कराया गया। मौके पर किसान सलाहकार वचन देव शर्मा, किसान नथुनी साह, विजय कुमार, संजय कुमार, अवधेश कुमार, अरविंद कुमार, सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार, प्रशिक्षु रामचंद्र महतो, विलास कुमार, विक्रम कुमार, महावीर प्रसाद, धीरज शर्मा, हेमा देवी, गीता देवी, रिंकू शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

अज्ञात युवती की हुई पहचान, शव मिलने के 24 घंटा बाद भी उजियारपुर पुलिस के हाथ खाली

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजिरपुर गांव के बाबू पोखर चौक के पास, शनिवार 3 फरवरी की दोपहर करीब 1 बजे मिली 20 वर्षिया अज्ञात युवती के शव की पहचान कर ली गयी है। बताया गया कि मृत युवती घटहो थाना क्षेत्र की रहने वाले है। घटना के संबंध में विश्वसनीय सूत्रों का बताना है कि, मृतका शुक्रवार 2 फरवरी की शाम घटहो थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर घटहो गांव स्थित अपने घर से, अचानक गायब हो गयी थी। परिजनों के द्वारा सारी रात उसकी काफी खोजबीन की गयी, लेकिन कुछ पता नही चला। कल होकर शनिवार 3 फरवरी की शाम में खबर देखकर, मृतका के पिता को जानकारी मिली कि, उनके पुत्री की लाश उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजिरपुर गांव में मिली है। जिसे उजियारपुर पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जिसके बाद सदर अस्पताल में तैनात सहायक पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार के सहयोग से, आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव मृतका के पिता को सौंप दिया गया। जिसका दाह संस्कार भी जिला के बूढ़ी गंडक नदी के किनारे मोक्षधाम में कर दिया गया। इधर युवती के शव बरामद होने के 24 घंटा बीत जाने के बाद भी, उजियारपुर पुलिस के हाथ खाली है। अभी तक उजियारपुर पुलिस के हाथ एक भी सुराग नही मिला है। यह घटना सुलझाना भी उजियारपुर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस अज्ञात युवती के शव ने अपने पीछे कई सवाल खड़े कर रखे हैं, जैसे युवती की हत्या किसने की। युवती की हत्या कहां हुई। युवती की हत्या क्यों हुई। उजियारपुर पुलिस अभी तक इस मामले में क्या कार्रवाई की है आदि। वहीं मेडिकल सूत्रों की मानें तो युवती का शव पुरी तरह अकड़ गया था, केवल युवती का सिर बिलकुल भी नही अकड़ा था। जिससे आशंका जतायी जा रही है कि, मृतका का स्पाइनल कॉड पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। कुछ लोग तो इस घटना को ऑनर किलिंग का मामला भी मान रहे हैं। हालांकि मृतका का शव मिलने के बाद से इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है। जितनी मुंह उतनी बातें भी सुनने को मिल रही है। अब देखना यह है कि उजियारपुर थाने की पुलिस इस घटना का उद्भेदन कब तक कर पाती है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नही हो पायी थी।

दांत दर्द एक आम समस्या है पर इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए:डॉक्टर राकेश

दरभंगा कार्यालय दांत दर्द एक आम समस्या है पर इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दर्द होने का सीधा मतलब है कि दांत अस्वस्थ हो रहा है। इस स्थिति में चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। उक्त बातें डॉ प्रभात दास फाउण्डेशन के दंत चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध डेंटल डॉक्टर राकेश कुमार ने कही। उन्होंने सिंहवाड़ा प्रखंड के कनौर गांव में परामर्श देते हुए बताया कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसमें दर्द तब शुरू होता है जब दांत की जड़ के आसपास की नसों में किसी तरह की समस्या उत्पन हो जाती है। इसलिए बिना चिकित्सक की सलाह के दर्द निवारक दवाई नहीं खानी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि दातुन से दांत की सफाई सावधानी से करें। मसूड़ों के चोटिल होने से गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। मौके पर मौजूद फाउण्डेशन के सचिव मुकेश कुमार झा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल शिविर आयोजन का मकसद स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। भ्रांतियों के कारण अक्सर लोग बीमारियों को दैवीय प्रकोप मान लेते हैं। इससे बचना चाहिए और डॉक्टरों की सलाह पर अमल करने की आवश्यकता है। दंत चिकित्सा शिविर में कुल 83 मरीजों को परामर्श दिया गया। जबकि 27 लोगों ने अपने खराब दांतों को निकलवाया। शिविर में फाउण्डेशन के अनील सिंह, अनीस सिद्दीकी, नीरज कुमार,पंकज, सुनील,मो.इंसान,मो. हसनैन , अशर्फी ठाकुर, मुन्नी देवी आदि मौजूद थे।

सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी के जवानों ने एक महिला तस्कर को नेपाली शराब के साथ धर दबोचा

मधुबनी

सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल बाह्य सीमा चौकी पिपरौन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक कामयाबी मिली है। सशस्त्र सीमा बल के जवानों और स्थानीय पुलिस थाना हरलाखी के साथ की गयी संयुक्त कार्यवाही के दौरान निरीक्षक सुनील दत्त समवाय प्रभारी पिपरौन की अगुवाई में की गयी कार्यवाही में भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 284/14 से 700 मी० भारतीय क्षेत्र की तरफ लायी जा रही देशी शराब नेपाली 300 एम एल - 2252 बोतलों के साथ एक महिला तस्कर,शैली देवी उम्र -40 वर्ष पत्नी बिनदेशवर साहनी गाँव मधुबनीटोल सोठगांव पुलिस थाना-हरलाखी जिला मधुबनी बिहार को जब्त कर गिरफ्तार किया गया है । जब्त किए गयी नेपाली शराब की बोतलों और गिरफ्तार महिला तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल व जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है। भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

खजौली अंचल निरीक्षक कार्यालय में नये पुलिस इंस्पेक्टर शमशाद खान योगदान किया

मधुबनी

पुलिस निरीक्षक पद पर पुलिस सर्किल कायालय में योगदान करने के बाद खजौली थाना के एसआई राम कुमार एव जितेश कुमार मिश्रा द्वारा पाग,दोपता एव पुष्पमाला से सम्मानित किया गया.पुलिस इंस्पेक्टर शमशाद खान ने कहा कि खजौली अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय के अंतगर्त थाना खजौली बाबूबरही राजनगर एव खजौली थाना क्षेत्र के सभी प्रकार के कांड को स समय अनुसंधान कर न्याय दिलाने में मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी. उन्होंने कहा कि चारो थाना में अपराध एव अपराधी पर शिकंजा कसकर आम जनता में पुलिस एव पब्लिक की संबंध मजबूती रहेगी. इस मौके पर वर्तमान जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, पुलिस पदाधिकारी एव कार्यालय कर्मी मौजूद थे.

कपूरीग्राम स्टेशन पर मिथिला एक्सप्रेस और बाघ एक्सप्रेस का शीघ्र होगा ठहराव

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर रेलखंड पर यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे बोर्ड ने मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड के कपूरीग्राम स्टेशन पर मिथिला एक्सप्रेस और बाघ एक्सप्रेस का ठहराव दिया है। हालांकि, कब से ठहराव होगा। इसकी अधिसूचना जल्द जारी होगी। ठहराव से संबंधित निर्देश का रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक कोचिंग विवेक कुमार सिन्हा ने जारी किया है। विदित हो कि, 13021-22 मिथिला एक्सप्रेस (हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा) और 13019-20 बाघ एक्सप्रेस (हावड़ा-काठगोदाम-हावड़ा) एक्सप्रेस कोरोना काल से पहले कपूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर रूकती थी। लेकिन, इसके बाद इन दोनों ट्रेनों का स्टॉपेज हटा दिया गया। जिससे स्थानीय कपूरीग्राम के आसपास गांव के लोगों को परेशानी होने लगी। इसके बाद लोगों ने रेलवे बोर्ड, रेलमंत्री तक को अपनी समस्या से अवगत कराया है। रेलवे के साथ बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। दोनों ट्रेनों के ठहराव से दैनिक यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

एसएसबी के जवानों ने जयनगर मुख्यालय में दरिद्र नारायण भोजनालय का अयोजन किया

मधुबनी

उप कमांडेंट द्वारा अति गरीब बच्चों एवं लोगों को खाना परोसा गया सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के प्रांगण में गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी के पर्यवेक्षण में वाहिनी मुख्यालय में आज दरिद्र नारायण भोजनालय कार्यक्रम के तहत अति गरीब लोगों को भोजन मुहैया करवाया गया जिससे कि कम से कम इन लोगों को एक वक्त का खाना मिल सके।48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के संतोष कुमार निमोरिया (उप कमांडेंट) द्वारा अति गरीब बच्चों एवं लोगों को खाना परोसा गया।इस बल के आदर्श वाक्य सेवा सुरक्षा और भाईचारा को मध्य नजर रखते हुए सशस्त्र सीमा बल विभिन्न हिस्सों में अंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों के साथ साथ नागरिक कलयाण और जनहित के कार्यक्रम करवाना है , तथा सीमा क्षेत्र में रहने वाले युवाओं के जीवन में विकास एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक करना है

नये थानाध्यक्ष को पाग दोपता एंव पुष्पमाला से सम्मानित किया गया

मधुबनी

खजौली थाना में रविवार को नये थानाध्यक्ष रूप में प्रवीण कुमार सिंह योगदान किया गया. वही योगदान के बाद एसआई राम कुमार एव जितेश कुमार मिश्रा ने थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को पाग दोपता एव पुष्पमाला से सम्मानित किया थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारी एव अपराध पर नियंत्रण पर रखना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी.उन्होंने कहा कि पुलिस एव पब्लिक की समन्यवन स्थापित कर थाना क्षेत्र में अमन चैन कायम रखने मेरी प्राथमिकी रहेगी.उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में कोई भी पीड़ित लोग थाना में शिकायत लेकर आते है तो उस पीड़ित व्यक्ति को अविलंब न्याय दिलाने में प्राथमिकी रहेगी.उन्होंने ने सभी पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एव ग्रामीण चौकीदार को कार्य के प्रति चौकस रहने की नसीहत दी.इस मौके पर एसआई राम कुमार, जितेश कुमार मिश्रा, जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, समाजसेवी देव शंकर सिंह,उर्फ पिंकू, नरेश यादव, पूर्व मुखिया सुधीर कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौजूद थे.

संक्षिप्त खबरें

बैंगा नदी पार करने के क्रम में वृद्ध की डूबने से मौत

मुरलीगंज (मधेपुरा) प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड छह भेलाही गाँव में रविवार को बैंगा नदी में डूबने से एक वृद्ध महिला की मौत हुई है। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। पीड़ित परिजन से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि भेलाही वार्ड छह निवासी समतलाल यादव की पत्नी सुनैना देवी (63) वर्ष की नदी में डूबने से मौत हुई है। मृतिका महिला के परिजन ने बताया कि सुनैना देवी रविवार की सुबह करीब आठ बजे घर से निकली थी।

करीब 12 बजे लोगों ने देखा कि पास के बैंगा में डूब गई है। जब तक लोग कुछ समझ पाते उनकी मौत हो गई थी। इधर घटना को लेकर पीड़ित परिवार में मातम छा गई है। आस पड़ोस का माहौल गमगीन है। घटना का कारण क्या है पुलिस जांच के बाद हीं स्पष्ट हो पाएगा। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने परिजनो से पूछताछ कर कागजी प्रक्रिया करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष बबलु कुमार ने कहा कि लोगों ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

164 ली. विदेशी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, लग्जरी कार भी बरामद

पूर्णियां से मधेपुरा लाई जा रही थी शराब की बड़ी खेप

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा। 164 लीटर विदेशी शराब के साथ चार तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक टाटा नेकशन लग्जरी कार और स्कॉर्पियो वाहन भी जप्त किया है। मामला मुरलीगंज थाना क्षेत्र के मीरगंज चौक का है। जहां पूर्णियां से मधेपुरा लाई जा रही शराब की बड़ी खेप को गुप्त सूचना के आधार पर एसपी संदीप कुमार सिंह के निर्देशन में गठित स्पेशल टीम ने बड़ी कार्रवाई की। वहीं एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि पूर्णियां से मधेपुरा की ओर आ रही एक टाटा नेकशन लग्जरी कार से मुरलीगंज पुलिस ने 164 लीटर महंगी विदेशी शराब के साथ लाइनर समेत चार लोगों को रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। मधेपुरा एसपी संदीप कुमार सिंह के निर्देशन में एक स्पेशल टीम गठित की गई थी जिस टीम में सामिल डीआईयू के अधिकारी और मुरलीगंज पुलिस ने शनिवार देर रात मुरलीगंज थाना क्षेत्र के मीरागंज चौक पर लग्जरी कार और स्कॉर्पियो जप्त की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर पूर्व से हीं पेशेवर कारोबारी है इनके विरुद्ध मधेपुरा और अंतर जिला सहरसा में भी मामला दर्ज है इनके विरुद्ध और भी मामले खंगाले जा रहे हैं। एएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक मधेपुरा के साहुगढ निवासी है और तीन सहरसा जिले के रहने वाले हैं सभी आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

ग्रीन क्रिसेंट चिल्ड्रस एकेडमी में मनाया गया 23वां एनुअल फंक्शन

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। जिले के पहाड़पुर स्थित ग्रीन क्रिसेंट चिल्ड्रंस अकैडमी में आज 23वां एनुअल फंक्शन आयोजन किया गया इस फंक्शन में चिल्ड्रंस स्कूल एसोसिएशन कोसी रेंज के सेक्रेटरी रमेश कुमार,सिमरी बख्तियारपुर के पूर्व विधायक जफर आलम,मनोज मनोहर, इस्लामिया हाई स्कूल के प्रिंसिपल तनवीर आलम, अकील अहमद, प्रताप कुमार सहित साहित्य सभी अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर और शाही मेहमानों को चादर गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया इसके बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विभिन्न नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया वहीं लोकभक्ति गीत भी गई गई साथ ही कव्वाली प्रोग्राम भी किया गया। वही मीडिया से बात करते हुए स्कूल के प्रिंसिपल ताहिर उल हसन ने कहा कि यह स्कूल सन 2002 से चला आ रहा है

स्कूल को आज 23 साल हो चुके हैं इस स्कूल की सबसे बड़ी खासियत है कि हर साल बड़ी संख्या में स्कूल से बच्चे पढ़कर जामिया, अलीगढ़, जेएनयू, सैनिक स्कूल, डीपीएस, किसी भी कॉम्पिटेटिव एक्जाम में हमारे यहां के बच्चे सफलता प्राप्त करते हैं। वही पूर्व विधायक जफर आलम ने कहा कि हम स्कूल के प्रिंसिपल को दिली मुबारकबाद देते हैं कि उनके बच्चे स्कूल से अच्छी तादाद में पढ़कर बाहर क्वालीफाई करते हैं और बेहतर पढ़ाई होती है जिस कारण हमने भी अपने बच्चों को स्कूल में दिया और इस स्कूल की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है के पढ़ाई बेहतर है

जिसके कारण आज बिना प्रचार प्रसार के भी यह स्कूल छात्रों से भरा पड़ा रहता है।

शहर के वार्ड दो में स्ट्रीट लाइट लगवाने का काम हुआ शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा। शहर के वार्ड नंबर दो में राजद के नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि धीरेंद्र यादव के नेतृत्व में स्ट्रीट लाइट लगावाने काम शुरू किया गया। मुहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त की। लोगों ने पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा किए गए इस पहल की काफी सराहना की। राजद के नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि धीरेंद्र यादव ने कहा कि वार्ड दो के सभी प्रमुख स्थलों पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। जिससे लोगों को रात में कोई परेशानी है। धीरेंद्र यादव ने बताया कि वार्ड नंबर दो में लगे सभी विद्युत पोल पर मुहल्ले वासियों के मौजूदगी में स्ट्रीट लाइट लगवाने का काम शुरू करवाया गया है। वार्ड दो के लोगों ने कहा कि यह नया मोहल्ला है विगत दस वर्षों से हमलोग बांस बल्ले के सहारे बिजली जलाने को मजबूर थे। इस वजह से यहां के लोगों के मन में हमेशा डर बना रहता था कि बांस बल्ले के सहारे बिजली जलाते हैं, कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। मुहल्ले में बिजली पोल लगवाने के लिए कई बार पहल की गई। लेकिन विद्युत पोल नहीं लग सका। लेकिन वार्ड दो के पार्षद विशनी देवी और उनके प्रतिनिधि के पहल पर वार्ड में लगातार विकास के कार्य हो रहें है। खासकर बिजली, सड़क, स्ट्रीट लाइट लगवाने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।

एसपी ने सोनवर्षा राज थाना का किया औचक निरीक्षण, सिपाहियों को वर्दी में रहने का दिया निर्देश

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के सहरसा के नव पदस्थापित एसपी हिमांशु द्वारा रविवार को सोनवर्षाराज थाना पहुंच कर औचक निरीक्षण किया गया और इस दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।थाना प्रवेश करते ही उन्हौने सबसे भवन,बैरक,हाजत,पदाधिकारी व सिपाहियों की वर्दी सहित साफ सफाई का बारिकी से मुआयना किया। इस दौरान बिना वर्दी के चौकिदारों को देख उन्हौने वर्दी मे रहने का कड़ी हिदायत भी दिया।साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों से लंबित कांडों का निष्पादन, वारंटी, वांछिंत अपराधी, फरारियों की अविलंब गिरफ्तारी करने के साथ साथ क्षेत्र में गश्ती दल बढाते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया।मौके पर थानाध्यक्ष लाला कुमार समैत अन्य पूलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

गांव चलो अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) भारतीय जनता पार्टी उदाकिशुनगंज दक्षिणी मंडल में गांव चलो अभियान के लिए कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने हेतु मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के अध्यक्षता में कार्यशाला सह बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार ने कार्यकताओं से कहा की लोकसभा चुनाव सर पर है हरेक बूथ पर पूर्व की भांति आप लोग बूथ पर जाए और मेहनत करें। बूथ जीतो चुनाव जीतो इस मूलमंत्र के साथ आने वाले चुनाव की तैयारी में तन - मन के साथ लग जाए। बैठक में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष द्वय रंजन रवि, मंटू यादव, मंत्री विवेकानंद सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, युवती प्रमुख अनुपम कुमारी, काजल कुमारी, गांव चलो अभियान के मंडल प्रभारी चन्दन कुमार झा, मालिक राय, रमण झा, रामचन्द्र पटेल, अमित राय, परमेश्वर शर्मा, संजय ऋषिदेव, हीरा सिंह, शिवेंद्र सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद मिश्र, संजय झा, संजय यादव, मनोज सिंह, इंद्रजीत दास, खरचन साह, सुबोध कुमार चौधरी, अजय साह, चन्दन सिंह, अनिल पोद्दार, ललित नारायण ठाकुर, अनिल गुप्ता, राजेश मेहता, शालिग्राम भारती, मो तोहिद, जितेंद्र मिस्त्री, बंटी पासवान, निखिल यादव, समोल पंडित, अशोक मेहता, अंबिका मेहता, मंटू मुखिया, हीरा साह, राजेंद्र दास सहित कई भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

छात्रों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) हरिहर साहा महाविद्यालय परिसर में सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता महामना भूपेंद्र नारायण मंडल की 121 वीं जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। वहीं प्रधानाचार्य डॉ. सुमन कुमार झा, खेल पदाधिकारी प्रो. अरुण कुमार, सहायक प्राचार्य, इतिहास विभाग एवं अर्थपाल, प्रो. सरवर मेहंदी, प्रो. नागेश्वर दास, प्रो. वरदराज, प्रो. अमित कुमार मिश्रा, प्रो. धीरेन्द्र कुमार, प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त किया एवं राष्ट्रगान के पश्चात खेल का उद्घाटन किया। बी.ए पार्ट 1 टीम के कप्तान किट्टू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया जो काफी सफल रहा। बी.ए. पार्ट 2 की टीम मोहम्मद तनवीर की कप्तानी में पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 87 रन पर ऑल आउट हो गई। ओपनिंग करते हुए मोहम्मद साबिर और विक्रम ने टीम को काफी अच्छी 49 रन की शुरूआत दी। मोहम्मद साबिर ने सर्वाधिक 35 रन बनाएं जिसमें पांच लंबे छक्के शामिल थे। पार्ट 1 की तरफ से किट्टू ने सर्वाधिक चार और सरुण ने तीन विकेट प्राप्त किये 88 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए पार्ट वन की टीम ने 8 ओवर में ही 92 रन बनाकर मैच को सात विकेट से जीत लिया। पार्ट वन की तरफ से राहुल ने सर्वाधिक 39 रन बनाए जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे। राणा और प्रिंस ने 15 रन बनाये। किट्टू को उसके शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार राहुल को और बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार सरुण को दिया गया। क्रिकेट मैच के सभी खिलाड़ियों, अंपायर, कॉमेंटेटर, स्कोरर को स्मृति चिन्ह, मेडल और प्रशस्ति पत्र के द्वारा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य और सहायक प्राचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पिंटू, रवि राय, अंपायर मुकेश, ललन, मनीष सहित हजारों खेल प्रेमी मौजूद थे।

इंटर परीक्षा के तीसरे दिन 636 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, दो निष्कासित

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा। इंटर परीक्षा के तीसरे दिन दोनों पालियों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। कदाचार के आरोप में मधेपुरा में केबी वूमेंस कॉलेज में एक परीक्षार्थी को पहली पाली में निष्कासित किया गया है। वहीं दूसरी पाली में कदाचार के आरोप में हंसी मंडल कॉलेज परीक्षा केंद्र से एक छात्र को निष्कासित किया गया। परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में 636 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो रही है। कदाचार मुक्त परीक्षा प्रशासनिक स्तर पर सभी केंद्रों पर सख्ती बरती जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि तीसरे दिन पहली पाली में भौतकी की परीक्षा हुई। पहली पाली में जहां 14740 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था। लेकिन 14388 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। पहली पाली में कुल 352 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 8195 परीक्षार्थी को उपस्थित होना था। लेकिन दूसरी पाली में 7911 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे। दूसरी पाली से 284 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर जाम की समस्या हुई गंभीर इंटर परीक्षा के तीसरे दिन शनिवार को शहर में जाम की समस्या गंभीर रही। शहर के सभी प्रमुख चौराहे पर जाम लगा रहा। परीक्षा केंद्र से बाहर निकले परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के जुटने से पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। खास तौर पर परीक्षा शुरू होने एवं खत्म होने पर जाम के कारण सड़क पर वाहन रेंगती देखी जा रही थी। लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ा

10 फरवरी को होगा विशाल आक्रोश मार्च व धरना : कुमारी विनीता भारती

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । पूर्व पार्षद पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी मधेपुरा नगर परिषद् कुमारी विनीता भारती के नेतृत्व में 10 फरवरी को मधेपुरा नगर परिषद् के मुद्दे को लेकर एक विशाल आक्रोश मार्च सह विशाल महाधरना का आयोजन होना सुनुश्चित हुआ है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुमारी विनीता भारती ने मधेपुरा नगर परिषद् के कई वार्डो का सघन जनसम्पर्क करके लोगों को कार्यक्रम में आने का आमंत्रण की। मौके पर मौजूद कुमारी विनीता भारती ने कहा कि मधेपुरा नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मधेपुरा नगर परिषद के सर्वांगीण विकास के लिए 10 फरवरी को दिन के 11 बजे नगर परिषद कार्यालय के समक्ष विशाल आक्रोश मार्च एवं महाधरना आयोजित है।

विश्व कैंसर दिवस पर जागरुकता शिविर का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

महिषी/सहरसा। समिता मिश्रा मेमोरियल फांउन्डेशन फार कैंसर रिसर्च नई दिल्ली के तत्वावधान में रविवार को आयोजित विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर पुस्तकालय भवन महिषी में जागरुकता शिविर का दीप प्रज्वलित कर अतिथियो ने उद्घाटन किया । विश्व कैंसर दिवस पर समाजिक जागरुकता के लिए जागरुकता शिविर को सम्बोधित करते उद्घाटन कर्ता ग्राम कचहरी प्रधान श्रीमति दुर्गा देवी,पुर्व लोक सभा प्रत्याशी खगड़िया संदीप कुमार साकेत,भाजपा पुर्व जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण साह, संस्कृत महाविद्यालय महिषी के व्याख्याता आनंद दत्त झा एवं पुर्व जिला पार्षद गणेश मुखिया निषाध ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आज युवाओ को एक संकल्प लेने की जरुरत है जिससे युवाओं में तेजी से फैल रहे नशा का सेवन पर उन्हें इसका परित्याग करने के लिए प्रेरित किया जाय।शिविर को सम्बोधित करते संस्था के प्रतिनिधि विजय महापात्रा ने कहा कि संस्थागत शोध के दौरान यह पता चला कि तम्बांकु सेवन करने वाले सबसे अधिक कैंसर रोग के शिकार हो रहे है जिसके छुटकारा से समाजिक सन्तति को बचाया जा सकता है।

मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक किशोर कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। जम्हरा भद्दी गाँव में बीते दिन शुक्रवार को 55 वर्षीय किसान अशोक सिहं की निर्मम तरीके से पीट-पीटकर हत्या कर दिया गया था। मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे नव निर्माण मंच के संस्थापक पूर्व विधायक किशोर कुमार ने जिले में मवेशी तस्करी गिरोह पर प्रशासन से कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। तथा कहा कि ऐसे गिरोहों की सक्रियता से गरीब लोगों का जीवन मुश्किल में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे गिरोह की वजह से ही भद्दी निवासी अशोक कुमार सिंह का निर्मम हत्या 26 जनवरी को कर दी गई थी। पूर्व विधायक किशोर कुमार ने यह बातें अशोक कुमार सिंह के घर पर उनके परिजनों से मिलने के बाद अपनी शोक संवेदना जाहिर करते हुए कही। इस मामले में उन्होंने उच्च अधिकारियों से भी बात किया और अपराधियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मवेशियों की तस्करी करने वाले लोगों का एक सिंडिकेट पूरे जिले में काम करता है जो मवेशी को चुरा कर दूसरे जगह बेच देता है और बदले में हथियार और शराब का कारोबार करता है। कहा कि ये सभी नॉटेड क्रिमिनल है। आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

केन्द्र सरकार के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा एवं केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के आवाहन पर 16 फरवरी को हड़ताल

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक साथी बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला सचिव नसीम उद्दीन की अध्यक्षता में सीपीएम जिला कार्यालय शारदा नगर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते किसान सभा के राज्य सचिव विनोद कुमार ने कहा की केन्द्र सरकार की देश विरोधी मजदूर विरोधी किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी 2024 को आम हड़ताल एवं भारत बंद करने का आवाहन किया। वहीं किसान सभा के प्रांतीय संयुक्त सचिव रणधीर यादव ने कहा सरकार के केन्द्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सहरसा जिला के सभी प्रखंड मुख्यालय एवं मुख्य मार्ग को जाम करेंगे। डुमरैल चौक, कहरा कुटी, शंकर चौक, सर्वा ढाला,पसुपालन चौक, कचहरी ढाला,शिवपुरी ढाला, आदि मुख्य मार्ग को जाम करेंगे। वहीं सौर बाजार जिरो माईल चौक, सत्तर कटैया वेला बगरौली, नवहट्टा बाजार, बलुआहा पुल , गोरहो चौक, सिमरी बख्तियारपुर,बनमा ईटहरी, सोनवर्षा देहद चौक, पतरघट गोलमा मुख्य मार्ग आदि मुख्य मार्ग और सरकारी संस्थाओं को बंद करेंगें। सुबह सात बजे से जिसके बाद 12 बजे से विभिन्न सरकारी विभागों को बंद करते और उन लोगों को भी आम हड़ताल में शामिल होने का अपिल इंटक के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण चोपाल ने कहा सरकार के मजदूर किसान विरोधी नीतियों के राष्ट्रीय व्यापी भारत बंद को सफल ऐतिहासिक करने का आवाहन किया वहीं एटक के जिला मंत्री प्रभुलाल दास ने कहा पहले दो दिवसीय आम हड़ताल होते थे लेकिन इस बार केन्द्रीय ट्रेड यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा एक साथ आम हड़ताल बनाने का आवाहन किया। एमडीएम के जिला सचिव व्यास प्रसाद यादव, विनोद यादव, विभिन्न प्रखंडों का बैठक तय किया गया। गांव बंद करेंगें। सीटू के नेता दुखी शर्मा ,मनोज शर्मा, नसीम मिस्त्री,एटक के जिला अध्यक्ष प्रभुलाल दास शंकर कुमार, एंटक जिला सत्यनारायण चौपाल, नौजवान सभा जिला सचिव कुलानन्द यादव, किसान सभा नेता रमेश यादव,केशव कुमार, दिनेश साह, सीटू के मो. मक्सुद ,निर्मल कुमार, कैलाश स्वर्णकार, विष्णुदेव शर्मा, बद्री राम आदि मौजूद थें।

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक में विधानसभा चुनावों पर चर्चा किया

प्रात : किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के प्रखंड पतरघट में पंचायत धबोली दक्षणी टोला टेकनमा में बहुजन समाज पार्टी कार्यकताओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष जगदेव राम के अध्यक्षता में सभा आयोजित किए इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर धनोज कुमार मुख्य जिला विशिष्ट अतिथ जीवनेश्वर जिज्ञांशु ने कार्यकताओं से एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।बहुजन समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि सभी राज्य में चुनाव की तैयारी कर रही हैं वह अपनी सामाजिक स्तर पर चुनाव करेगी इसीलिए हम सभी कार्यकर्ता यह समिलन कर रहे हैं मौके पर पहुंची बलराम राम शिक्षक , मोहमद कुदुष बीरेंद्र राम,रंजित राम वार्ड सदस्य , निरंजन राम,सुभाष कुमार, गीतेश राम,अवधेश राम,जितेंद्र राम,जयकुमार राम भाटू राम,संजय राम,दिनेश राम पवन राम,अरुण राम,विजय राम , रिंकु राम ,पिंटू राम,सुनीता ,आशीष कुमार,निशु कुमार,एवं अन्य लोगों उपस्थित हुए।

पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा बेस कैंप बनाते समय जल निकाय एवं धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण को लेकर किसानों में आक्रोश

- मसोई गांव के किसानों ने जल निकाय एवं धार्मिक स्थलों की भूमि अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी को दिया आवेदन

प्रात : किरण, संवाददाता

चांद : भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा बनाए जा रहे बेस कैंप पर ताला लटक सकता है। कंपनी ने के विरुद्ध दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर कम्पनी पर जल निकाय एवं धार्मिक स्थलों का अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है किसानों ने आवेदन में लिखा है कंपनी के द्वारा जल निकासी का अतिक्रमण करने से दर्जनों किसानों की गेंहू फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने कहा जिससे कई किसानों का आर्थिक नुक्सान हो रहा है। आवेदन में आस्थावान भक्तों को महावीर मंदिर एवं मजार पर जाना अवरूद्ध हो गया है।इसे लेकर गांव मसोई कुरूई आदि गांवों में तनाव फैला हुआ है। किसानों ने जिलाधिकारी से कारवाई करने की मांग की है। पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इसे लेकर भय बना हुआ है। मामला प्राशसनिक झेमैल में पड़ सकता है।बेस कैंप का विरोध कर रहे किसानों ने 34 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। किसान पिछले 2 जनवरी से पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।किसानों ने भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण में भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। भारत माला परियोजना में बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण में कैमूर जिले के 93 मौजा का सैकड़ों किसानों का हजारों एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। किसानों का आरोप है भूमि अधिग्रहण में भूमि की प्रकृति निर्धारण सही नहीं हुआ है। किसानों ने कहा 2013 सर्किल रेट पर मुआवजा किसानों को देना न्यायसंगत नहीं है। किसान प्रति एकड़ एक करोड़ 28 लाख रुपए मुआवजा की मांग कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन धरना में पशुपति नाथ सिंह अमित रंजन सिंह श्याम सुन्दर सिंह अवधेश सिंह राजू भुपेंद्र सिंह पप्पू चौबे यशवंत सिन्हा अशोक कुमार आदि किसान उपस्थित थे।

अत्यधिक लेंस की सुविधा के साथ खुला प्राइवेट अस्पताल, नहीं जाना होगा पटना

प्रात : किरण, संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडलीय अस्पताल के पीछे अलमास हॉस्पिटल के खुल जाने से सुदूर और पिछड़े इलाके के सभी लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है आपको बता दें कि आजादी के बाद समरी बख्तियारपुर में कोई ऐसा हॉस्पिटल नहीं खुला जहां समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध हो लेकिन आज समरी बख्तियारपुर के अंदर अलमास हॉस्पिटल के खुल जाने से लोगों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल रही है जैसे ऑपरेशन, आईसीयू , एनआईसीयू ,24 घंटे डॉक्टर कंसल्टेशन, और लेजर के द्वारा ऑपरेशन, यह सारी सुविधाएं यहां पर उपलब्ध है वहीं अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर आफताब ने बताया कि इस अस्पताल को खोलने का मकसद यह है कि यह कोशी क्षेत्र का बहुत पिछड़ा इलाका है यहां से हजारों की तादाद में लोग बाहर इलाज करने के लिए जाते थे लेकिन अब यह अस्पताल खुल जाने से लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है।

सम्पादकीय

सम्पूर्ण जीर्णोद्धार की राह पर कांग्रेस

स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी इन दिनों एक साथ कई मोर्चों पर संघर्षरत है। सत्ता का विपक्ष के प्रति दुश्मनों जैसा व्यवहार जहाँ कांग्रेस व कांग्रेस नेताओं के लिये चुनौती बना हुआ है वहीं कांग्रेस अपनी पार्टी में ही पल रहे आस्तीन के साँपों से भी जूझ रही है। अनेक अवसरवादी नेता समय समय पर किसी न किसी बहाने से न केवल कांग्रेस छोड़कर बल्कि कांग्रेस की राजनैतिक विचारधारा को भी त्याग कर धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के बजाय साम्प्रदायिकता की डुगडुगी पीटने में लगे हैं। अनेक भ्रष्ट कांग्रेसी नेता भी पार्टी छोड़कर भयवश सत्ता की आगोश में जा बैठे हैं और किसी जांच एजेंसी का सामना करने के बजाये सुविधापूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि नवगठित इंडिया गठबंधन के कई क्षेत्रीय घटक दल भी सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस को कमतर आंकने की कोशिश कर रहे हैं। गोया ऐसे वक़्त में जबकि इंडिया गठबंधन को एकजुट व मजबूत होने का सन्देश देना चाहिये ऐसे वक़्त में कई विपक्षी क्षेत्रीय दल भी कांग्रेस का ही हौसला पस्त करने में लगे हैं। उधर इन्हीं विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक की लगभग 6,700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं। इस यात्रा की शुरूआत में ही इंडिया गठबंधन के प्रारंभिक सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खेला हो गया और वे अपने पुराने केंचुल में जा बसे। असम में न्याय यात्रा को राज्य सरकार का कदम कदम पर तरह तरह का विरोध सहना पड़ा। कहीं यात्रा के इजाजत नहीं मिली तो कहीं पुलिस में राहुल के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज हुई। यहाँ तक कि बंगाल में जहाँ भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सहयोग व समर्थन मिलना चाहिये वहां भी वीरभूमि और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में परीक्षा के बहाने यात्रा की अनुमति नहीं दी गयी। सीट शेयरिंग के नाम पर भी ममता बनर्जी अपना स्टैंड लगभग साफ कर चुकी हैं कि वे बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। इसके पहले ममता ने कांग्रेस को मात्र दो सीटों देने का प्रस्ताव किया था जो कांग्रेस ने नामंजूर कर दिया है। इतना ही नहीं बल्कि ममता ही यह भी कह चुकी हैं कि कांग्रेस यदि 300 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ती है तो इनमें से 40 सीटें भी नहीं जीत सकती। उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से 20 सीटें मांगी थीं। परन्तु अखिलेश यादव ने कांग्रेस को केवल 11 सीटें देने की ही घोषणा की। अब खबर है कि कांग्रेस व सपा में 13 सीटों पर सहमति बन चुकी है। इसी तरह दिल्ली में तो आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस की सीट शेयरिंग की खबर है जिसके अनुसार कांग्रेस 4 पर जबकि आम आदमी पार्टी 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। परन्तु संभवतः पंजाब में इन्हीं दोनों दलों में सीट शेयरिंग न हो सके और दोनों दल आमने सामने चुनाव लड़ें। आम आदमी पार्टी तो हरियाणा, असम, गुजरात और गोवा में भी कांग्रेस से सीटें मांग रही है। परन्तु इन सबसे इतर असम हो या बंगाल या बिहार अथवा झारखण्ड जहाँ से भी राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजर रही है लगभग हर जगह कांग्रेस पार्टी को भारी जनसमर्थन हासिल हो रहा है। कहीं कहीं तो जनसभाओं में लाखों की भीड़ इकट्ठी होकर राहुल गांधी व कांग्रेस नेताओं की बातों को सुन रही है। परन्तु चाटुकार गोदी मीडिया ने राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पूरी तरह ब्लैक आउट कर रखा है। गोदी मीडिया को इंडिया गठबंधन में किसी तरह की मनमुटाव की खबरों को तो मिर्च मसाला लगाकर परोसने में खूब मजा आता है परन्तु उसे राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़ती भीड़ व उसकी सफलता नजर नहीं आती। इससे पहले भी जब राहुल ने 7 सितम्बर 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर के लिये यात्रा निकली थी तब भी गोदी मीडिया ने कोई तवज्जोह नहीं दिया था।

मप्र के मोहन राज में धमक की जरूरत....

राकेश अचल-

मप्र में मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोहन यादव को काम करते हुए लगभग 50 दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन अभी तक सूबे में उनकी सरकार की धमक सुनाई नहीं दे रही है। दो महीने का समय प्रशासनिक सर्जरी करने और जन आशीर्वाद यात्राओं में ही खर्च हुआ है। इस वजह से प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति चरमराती नजर आ रही है, साथ ही प्रदेश की जनता में नैराश्य भाव झलकने लगा है। मध्यप्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था के साथ ही दूसरे सभी क्षेत्रों पर शिवराज सिंह चौहान की छाप है, क्योंकि उन्होंने एक लम्बे आरसे तक प्रदेश पर शासन किया। सचिवालय से लेकर जिला स्तर पर प्रशासन और पुलिस में न सिर्फ शिवराज सिंह के गण मौजूद थे बल्कि उनकी धमक भी सुनाई दे रही थी। नए मुख्यमंत्री के रूप में मोहन यादव को सबसे पहले इसी असर को समाप्त करना चाहिए था। उन्होंने इस दिशा में काम शुरू भी किया, लेकिन अभी उसका असर दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है। सूबे की नई सत्ता पर प्रशासन का रंग चढ़ने में काफी वक्त लग रहा है। नयी सरकार में नया तलाशना कठिन हो रहा है क्योंकि अभी कोई नवाचार शुरू ही नहीं हो पाया है। पहले की ही तरह भोजन, बैठके और विश्राम की श्रंखला सामने है। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की वाडी लेंग्वेज पढ़ने में अभी नौकरशाही कामयाब नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने शीर्ष स्तर पर प्रशासनिक सर्जरी कर ली है किन्तु उसका फौरी असर दिखना अभी बाकी है। प्रशासन में तब्दीली का अहसास करने के लिए सन्देश सचिवालय से सड़क तक पहुंचना आवश्यक है। हकीकत ये है कि बीते 18 साल में मध्यप्रदेश के चप्पे-चप्पे पर मामा शिवराज सिंह की छाप गहरा गयी थी। इस छाप से प्रदेश को मुक्त करना आसान काम नहीं है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के समाने सबसे बड़ी चुनौती इसी छाप से मुक्ति की है। इसके लिए संभागवार या क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाकर कामयाबी हासिल की जा सकती है। इस समय प्रदेश की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है ऐसे में सरकार पर अपनी छाप बनाना भी आसान काम नहीं है। स्थानीय निकायों की हालत गौर करने लायक है। एक तरह से इन संस्थाओं के पास वेतन देने का भी पैसा नहीं है ऐसे में नागरिक सुवधाओं की बहाली करना आसान नहीं है जबकि सरकार की छवि इन्हीं संस्थाओं के कामकाज पर निर्भर करती है। मुमकिन है की सरकार इस दिशा में कुछ सोच रही हो। मध्यप्रदेश की नयी सरकार के सामने नयी चुनौतियों के साथ ही मंत्रियों का फौज-फांटा भी नया है। उसे सक्रिय करना आसान काम नहीं है। ऊपर से नए-पुराने छत्रपों को साधते हुए सरकार को लोकसभा चुनावों की तैयारी भी करना है। ये तय है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को लोकसभा चुनाव में प्रदेश के अलावा प्रदेश के बाहर भी इस्तेमाल किया जाएगा, ऐसे में उन्हें अभी से अपना सेकेण्ड हैण्ड बनाकर तैयार कर लेना चाहिए जो उनके इशारों को समझे और उनकी व्यवस्तता के बीच उनकी योजनानुसार सत्ता की मशीनरी को गतिशील बनाये रखे। इस काम में शिथिलता दिक्क्तें पैदा कर सकती है। अभी तक प्रदेश की नौकरशाही और पुलिस फुल फार्म में काम करती नजर नहीं आ रही है। कहीं न कहीं कोई न कोई असमंजस है। इस असमंजस से उबरे बिना काम नहीं चलने वाल। नयी सरकार को पुरानी सरकार की तरह विज्ञापनबाजी से झांकी बनाने की गलती करने के बजाय जमीनी कामों पर ध्यान देना चाहिए। विज्ञापनों से अखबार के मालिकों का पेट भरता है जनता का मन नही। जनता का मन भरने के लिए वास्तविक कामों की आवश्यकता है। ये मुख्यमंत्री जी को तय करना होगा कि वे मामा मुख्यमंत्री की तरह लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं या मप्र के लौहपुरुष बनकर। उनके सामने दोनों विकल्प हैं, चुनाव उन्हें खुद करना है। मप्र के अनेक हिस्सों में पिछले दिनों जिस तरह से महिलाओं के साथ अपराधों की बढ़ आयी है, नैराश्य के कारण सामूहिक आत्महत्याओं की दुखदायी घटनाएं हुईं हैं उन्हें देखते हुए प्रदेश के दो बड़े शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली सवालों के घेरे में आयी है। ग्वालियर जिले में तो सामूहिक बलात्कार और सामूहिक आत्महत्या की घटनाओं से जनाक्रोश बढ़ा दिया है। इन घटनाओं की पुनरावृत्ति लगातार हो रही है। अशोकनगर में भी सामूहिक आत्महत्या की हृदयविदारक घटना सामने आयी है। इससे जन विश्वास हिल रहा है। नयी सरकार को इन सबके बारे में गंभीता से सोचना होगा। कोई माने या न माने किन्तु हकीकत ये है कि बीते 50 दिन में जनता में ये धारणा बनी है कि प्रदेश की सरकार केंद्रीय रिमोट से चल रही है, जबकि शायद इसमें सत्यता नहीं है। चूंकि सरकार की धमक सुनाई नहीं दे रही है शायद इसीलिए इस तरह की धारणाएं जन्म ले रहीं हैं। इन धारणाओं से मुक्ति के लिए सरकार के सामने दो ही विकल्प हैं, पहला ये कि वो पुरानी सरकार की लोकप्रियता से आगे जाने के लिए कोई अल्पकालिक लोकोपयोगी करतब कर दिखाए और दूसरा इस तरह कि कार्यशैली विकसित करे जो पुरानी सरकार कि कार्यशैली से सर्वथा भिन्न और चमकदार हो।

पूनम पाण्डे का आहत करने वाला घटिया पब्लिक स्टंट

**सर्वाइकल कैंसर के नाम पर जागरूकता की आड़ में उसके इस भद्दे मजाक से कितने प्रशंसकों को धक्का लगा होगा इसका अंदाजा उसे नहीं। कैसे भूल गई वो एक भारतीय है। भावना प्रधानउस देशसे है जहां लोग दिल से जुड़ते हैं, दिखावा नहीं करते, पूनम जैसा छलावा नहीं करते। कभी उन्हें कैंसर जैसी भयानक बीमारी का सामना भी न करना पड़े। लेकिन उनकी हल्की सोच और जागरूकता की आड़ में खेले गए खेल ने कैंसर पीड़ितों औरउनके लिए जुड़े-जुटे लोगों को कितना आहत किया है? शायद इसका अंदाजा भी पूनम को नहीं होगा। अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए पहले किसी ने ऐसी जुर्रत की हो, याद नहीं आता। क्या पूनम की इस छिछोरे झूठ से वाकई में कैंसर की प्रति जागरूकता फैला पाएगी? कैंसर मरीजों या पीड़ित मानवता के प्रति इतनी ही हमदर्दी होती तो दूसरे चैरिटेबल काम कर आर्थिक मदद पहुंचाती। जागरूकता के लिए जहां-तहां अपने शो करतीं जो कैंसर के खिलाफ और बचाव के लिए कारगर मुहिम होती। लेकिन ये क्या? उन्होंने तो पूरे देश के साथ एक तरह से धोखा किया, वह भी अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए। यह असहनीय है। पूनम कैसे भूल गई कि ये वो देश है जहां किरदार को भी भगवान की तरह पूजा जाता है। उसे कैसे याद नहीं कि लोकप्रिय सीरियल और फिल्मों के भगवान बने पात्रों कोभी पूजा जाता है। इस हरकत से पहले कैसे भूल गई कि लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे अभिनेताओं की मौत से आहत न जाने कितने प्रशंसकों ने अपनी जान तक दे दी। यूँ तो कई उदाहरण हैं पर एक ही यहाँ काफी है जहां दिग्गज तमिल अभिनेता से मुख्यमंत्री के मुकाम तक पहुंचे एमजी रामचंद्रन की 24 दिसंबर, 1987 को मृत्यु के बाद तमिलनाडु दहल उठा। हर कोई दुखी था और हाहाकार मचाहुआ था। लोग इतने आहत कि किसी ने अपनी नसें काट लींतो किसी ने जहर पी लिया। कइयों ने अपनी उंगली और जीभ तक काट डाली। दुखी लोगों के एमजीआर घर के सामने रोने-चिल्लाने का रिकॉर्ड भी बना। माना कि यह एक सार्वजनिक उन्माद था जिसमें आत्महत्याओं के अलावा, एमजीआर की मौत के बाद भड़के लोगों परहुई फायरिंग से 29 और मौतेंभी हुईं। अच्छा हुआ कि फरेबी पूनम शोहरत के उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाई थी वरना उसकी यह खलनायकी कितनी भारी पड़ती?

पूनम की हद दर्जे की ढिठाई देखिए। इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए अपने जिंदा होने का सबूत भी खुद देतीहै कि उसे कैंसर नहीं है। उसने तो सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता के लिए ऐसा किया। जिस सोशल मीडिया पर उनके फैन उनकी मौत का गम मना, अंतिम संस्कार का स्थान पता कर रहे थे वही अब उसे ट्रोल कर रहे हैं। उसी सोशल मीडिया पर उसके प्रति नफरत भरी न जाने कितनी पोस्ट घूम रही हैं। फिल्म इण्डस्ट्री भी भौंचक है। कई सितारे तक नाखुश हैं और खरी-खोटी सुना रहे हैं। इंडियन फिल्म एंड टीवी डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने सख्त कार्रवाई की मांग तक की है।

वाकई में पूनम पाण्डे ने उन सभी का मजाक उड़ाया हैजो सर्वाइकल कैंसर या दूसरे कैंसर से जूझ रहे हैं। यकीनन कैंसर घातक, जानलेवा और बेहद तकलीफदेह बीमारी है। केन्द्र और राज्य सरकारों के साथ चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ पूरे मनोयोग से कैंसर रोगियों के लिए रात-दिन जुटे रहते हैं। पूनम का यह झूठ उन सभी पर मजाक जैसा है। क्या अकेले पूनम को ही बड़ी चिन्ता है?उसके फर्जी पीआर स्टंट से ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन भी खासा नाराजहै जिसने फेक पीआर स्टंट को बेहद घटिया बताया। भला पब्लिसिटी के लिए मौत की झूठी अफवाह को लोग कैसे स्वीकारें? ऐसी घटिया हरकत किसी सेलेब्रिटी ने की हो याद नहीं आता है। अपनी शोहरत के लिए हमेशा चचाओं में बना रहना पूनम का शगल है। अजीबो गरीब कारनामों के लिए चर्चित पूनमने प्रसिध्द निमार्ता, निर्देशक सैम अहमद बॉम्बेको ढाई साल तक डेट किया उसके बाद 10 सितंबर 2020 को गुपचुप शादी कर ली। दोनों हनीमून मनाने के लिए गोवा गए जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर खूबसाझा की। लेकिन शादी के महज 13दिन में ही दोनों के बीच इतना झगड़ा हुआ कि उनके पति सैम को जेल की हवा खानी पड़ी और आईपीसी की धारा 353, 506 और 354 के तहत मामला तक दर्ज हो गया। ग्लैमर की इस चकाचौंध भरी इंडस्ट्री में पूनम पांडे का नाम अनेकों लोगों के साथ जुड़ाफिर भी उसका फिल्मी कैरियर ज्यादा सफल नहीं रहा। इतना ही नहीं उसकेग्लैमर और बोल्डनेस के मिक्स अप ज्यादा नहीं चल पाए तो समाज सेवा का झूठा दिखावा करने के लिए ऐसे पब्लिसिटी स्टंट उतर आई?लगता नहीं कि इन दिनों कहीं ओटीटी प्लेटफार्म तो कहीं छोटे-बड़े पर्दे पर ध्यान खींचने खातिर कलाबाजियों का दौर चल रहा है। अभी कुछ दिन पहले बिग बॉस 17में अभिनेत्री अंकिता लोखंडे अपने बिजनेसमैन पति विक्की जैन के साथ पहुंची थीं। जहां दोनों के बीच काफी बवाल हुआ और रिश्ता सुर्खियों में बना रहा। ये लड़ाई इनके घरों तक भी पहुंची। अंकिता की सास रंजना जैन ने फैमिली वीक में बिग बॉस हाउस में एंट्री की और काफी खरी-खोटी सुनाई। यहां मेरा यह बताना जरूरी है कि विक्की का बचपना (दो-ढ़ाई साल की उम्र तक) मैने अपने सामने देखा, उसे गोद में भी खिलाया। उसके पिता मेरे नगर में शासकीय विभाग में बड़े पद पर रहे। मैं उनके साथ एक प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था में बड़ी जिम्मेदारी में था। वहीं विक्की की माँ रंजना जैन भी उसी संगठन की महिला विंग की अध्यक्ष रहीं जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ संगठन को चोटी पर पहुंचाने के प्रबंधन में हमेशा अव्वल रहतीं। यह सब मैने करीब से देखा। उनकी मेहनत से चमके भाग्य ने सबको ऊंचाई पर पहुंचाया। यहां पूनम पाण्डे से ठीक उलट रंजना जैन पर उनके स्वाभाव से इतर सोशल मीडिया पर खूब आलोचना और कटाक्ष किए गए। मैं दावे से कह सकता हूँ कि रंजना जैन बेहद समझदार, पारिवारिक महिला हैं जो शिखर पर पहुंच कर भी सामान्य हैं। अब विक्की भी दोनों की भावनाओं को समझता है जो परवरिश का ही असर है। उसने अपनी माँ के पक्ष में सफाई भी दी है। स्क्रीन पर रंजना जैन ने जो कहा या किया वह उनकी रियल फीलिंग्स थीं न कि सुर्खियां बटोरने का स्टंट।

ऋतुपर्ण दवे
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के दबाव में तैयार हुआ अंतरिम बजट

ठीक उसके विपरीत अंतरिम बजट देखने को मिला है। जिसके कारण आर्थिक जगत में तरह-तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। अंतरिम बजट में किसानों को कोई राहत नहीं दी गई गरीबों को भी कुछ नहीं दिया गया युवाओं को भी कुछ नहीं मिला महिलाओं के हाथ में भी कुछ नहीं आया महंगाई और बेरोजगारी से आम आदमी त्रस्त है बजट में उसके लिए भी कुछ नहीं है इसके बाद भी सरकार 2024 का लोकसभा चुनाव 400 से ज्यादा सीटों पर जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है इससे सभी को हैरानी हो रही है। केंद्र सरकार ने इतना बड़ा रिस्क क्यों लिया लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सरकार कुछ लोग लुभावन योजनाओं की घोषणा कर सकती थी सरकार की ओर से पिछले महीनो में इसे प्रचारित भी किया जा रहा था सरकार की ऐसी कौन सी मजबूरी आ गई जिसके कारण सरकार को इतना कठोर बजट लाना पड़ा। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार केंद्र सरकार की माली हालत बड़ी खराब चल रही है केंद्र सरकार कर्ज लेने के लिए विदेशी बांड जारी करने जा रही है अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही भारत सरकार को चेतावनी जारी की है जीडीपी की तुलना में भारत सरकार के ऊपर कर्ज लगातार बढ़ता चला जा रहा है 2014 में केंद्र सरकार के ऊपर 55 लाख करोड रुपए का कर्ज था जो 2024 में बढ़कर 190 लाख करोड़ का होने जा रहा है



-सनत जैन-
स्वतंत्र लेखक

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा जो अंतिम बजट प्रस्तुत किया गया है उसको लेकर सभी और आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कुछ माह पश्चात लोकसभा का चुनाव है अंतरिम बजट में जिस तरह की आशा की जा रही थी। ठीक उसके विपरीत अंतरिम बजट देखने को मिला है। जिसके कारण आर्थिक जगत में तरह-तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। अंतरिम बजट में किसानों को कोई राहत नहीं दी गई गरीबों को भी कुछ नहीं दिया गया युवाओं को भी कुछ नहीं मिला महिलाओं के हाथ में भी कुछ नहीं आया महंगाई और बेरोजगारी से आम आदमी त्रस्त है बजट में उसके लिए भी कुछ नहीं है इसके बाद भी सरकार 2024 का लोकसभा चुनाव 400 से ज्यादा सीटों पर जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है इससे सभी को हैरानी हो रही है। केंद्र सरकार ने इतना बड़ा रिस्क क्यों लिया लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सरकार कुछ लोग लुभावन योजनाओं की घोषणा कर सकती थी सरकार की ओर से पिछले महीनो में इसे प्रचारित भी किया जा रहा था सरकार की ऐसी कौन सी मजबूरी आ गई जिसके कारण सरकार को इतना कठोर बजट लाना पड़ा।

आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार केंद्र सरकार की माली हालत बड़ी खराब चल रही है केंद्र सरकार कर्ज लेने के लिए विदेशी बांड जारी करने जा रही है अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही भारत सरकार को चेतावनी जारी की है जीडीपी की तुलना में भारत सरकार के ऊपर कर्ज लगातार बढ़ता चला जा रहा है 2014 में केंद्र सरकार के ऊपर 55 लाख करोड रुपए का कर्ज था जो 2024 में बढ़कर 190 लाख करोड़ का होने जा रहा है पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार के ऊपर कर्ज तेजी के साथ बढा है मार्च 2024 के पहले सरकार को 10 लाख 55000 करोड रुपए का भुगतान कर्ज की अदायगी के रूप में करना पडा। अप्रैल 2024 के बाद के वित्तीय वर्ष में सरकार को 11 लाख 90000 करोड रुपए कर्ज के रूप में चुकाना होंगे। जो वर्तमान बजट का लगभग 40 फीसदी होगा। भारत के ऊपर जो डोमेस्टिक कर्ज है भारत सरकार को जो राजस्व प्राप्त हो रहा है उसका 40 फीसदी अकेले कर्ज और ब्याज की भुगतान में जा रहा है जिसके कारण राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है राजकोषीय घाटे से कम भारत में बचत वित्तीय संस्थानों में जमा हो रही है राजकोषीय घाटे की पूर्ति के लिए डोमेस्टिक ऋण मिल पाना मुश्किल हो गया है। इसलिए सरकार को मजबूरी बस अब विदेशी बांड की तरफ जाना पड़ रहा है। सरकार को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सरकार को कर्ज कम करने खर्च को घटाने और राजस्व को बढ़ाने का दबाव भारत सरकार पर बना हुआ है वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार को विदेशी कर्ज ही एकमात्र सहारा रह गया है विदेशी कर्ज लेने के लिए सरकार को अंतरिम बजट में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का जो दबाव था उसके अनुसार अंतरिम बजट लाना पड़ा भारतीय निवेशकों ने अपना खुद का पूंजी निवेश नहीं किया भारत में जो बड़ी-बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं उसमें कैपिटल इन्वेस्टमेंट सरकार के द्वारा हो रहा है वित्तीय संस्थाओं द्वारा कैपिटल इन्वेस्टमेंट किया गया है भारतीय उद्योगपतियों द्वारा जो निवेश किया जाना था वह नहीं हुआ जिसके कारण स्थिति दिनों दिन खराब होती चली जा रही है भारत में आम लोगों की बचत भी पहले की तुलना में कम हुई है रिजर्व बैंक भी भारत सरकार को अब कर्ज देने की स्थिति में नहीं है राजकोषीय घाटा पूरा करने के लिए भी अब भारत के अंदर से सरकार को कर्ज मिलना मुश्किल हो गया है। केंद्र सरकार का आयात और निर्यात का संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है आयात ज्यादा है, निर्यात कम हो रहा है। पिछले 5 वर्षों से सरकार कर्ज लेकर खर्च कर रही है कैपिटल इन्वेस्टमेंट कहीं से नहीं हो रहा है ग्रामीण अर्थव्यवस्था बड़ी तेजी के साथ गिरावट की ओर है संगठित क्षेत्र भी संकट के दौर से गुजर रहा है गैर संगठित क्षेत्र भी भारत का लड़खड़ा रहा है इसको लेकर आईएमएफ ने बड़ी चिंता जताई है। भारत सरकार की कर्ज की लिमिट समाप्त हो चुकी है विदेशी कर्ज लेने के बाद भारत सरकार को टैक्स भी बढ़ाने होंगे और सब्सिडी घटाना होगी सरकार को अपने खर्च भी घटाने होंगे सरकार को कर्ज भी घटाना होगा सरकार ने बजट में प्रावधान कर लिए थे लेकिन सरकार के पास राशि खर्च करने के लिए उपलब्ध नहीं थी जिसके कारण सैकड़ो परियोजनाएं जिन में कैपिटल इन्वेस्टमेंट है वह पैसे के अभाव में 5 साल तक लेट चल रही है। एक्सप्रेसवे और रेलवे में भारत सरकार द्वारा बड़ा पूंजी निवेश किया गया है लेकिन इसका रिटर्न भी सरकार को नहीं मिल पा रहा है भारतीय निवेशक इसमें निवेश भी नहीं कर रहे हैं जिसके कारण स्थिति और भी खराब हो रही है भारतीय उद्योगपतियों ने जहां परियोजनाएं चल रही हैं वहां के आसपास की जमीनों और व्यापारिक गतिविधियों के माध्यम से कमाई की जा रही है इससे जमीनें महंगी हुई है आम आदमी पर खर्च बढा है लेकिन इसकी बेहतर स्थिति अर्थव्यवस्था में देखने को नहीं मिली जो मिलनी चहिए थी आईएफएम ने भारत सरकार को वित्तीय संतुलन बनाने के लिए कर्ज कम करने सरकार की आय बढ़ाने के लिए टैक्स बढ़ाने तथा सरकार की खर्च घटाने के लिए ठोस निर्णय लेने पर ही विदेशी सहायता मिलने की बात कही है सरकार अब बुरी तरीके से दबाव में है। अंतरिम बजट में अभी कोई टैक्स नहीं बढ़ाया गया है केंद्र सरकार ने 26 योजनाओं में जरूर कटौती की है लेकिन जुलाई माह में जो आम बजट आएगा उसमें निश्चित रूप से सरकार को सभी किस्म के टैक्स बढ़ाने होंगे सब्सिडी को कम या खत्म करना होगा लोक लुभावन योजनाओं को भी बंद करना पड़ेगा।

शेर और रंगे सियारों की भीड़ में आधुनिक परीक्षण की प्रासांगिकता

डा. रवीन्द्र अरजरिया-

राजनैतिक सरगर्मियों का दौर तेज होने लगा है। ठंड के मौसम में बयानों की गर्मी फैलने लगी है। चौराहों से लेकर चौपालों तक दल-बदलुओं की चचार्ये हो रहीं हैं। कहीं दलों के सिध्दान्तों की चिता जलाई जा रही है तो कहीं आदर्शों को तिलांजलि दी जा रही है। एक ओर विरोधियों को गले लगाने की सिलसिला चल निकला है तो दूसरी ओर कटु-आलोचनाओं के पुराने दौर को अदृष्टिगत किया जा रहा है। चारों ओर स्वार्थ की बरसात हो रही है। विपरीत विचारधारा वाले दल एक साथ हुंकार भर रहे हैं। आरोपों-प्रत्यारोपों का अतीत आलिंगनबध्द हो चुका है। यह सब लोकसभा चुनावों के माध्यम से दिल्ली दरवार का सिंहासन हथियाने के की जंग का हिस्सा है। राम के अस्तित्व पर प्रश्न-चिन्ह अंकित वाले लोग मंदिरों में माथा टेकते नजर आ रहे हैं, त्रिपुंड लगाकर साधु जैसा वेष धारण करके सफल अभिनेता होने की परीक्षा दे रहे हैं। व्यक्ति की सच्चाई जानने के लिए आधुनिक विज्ञान ने पॉलीग्राफ टेस्ट, लाई डिटेक्टर, नार्को टेस्ट, ब्रेन मैपिंग जैसे अनेक अविष्कार किये हैं। पैत्रिक मानसिकता परखने हेतु डीएनए टेस्टिंग भी उपलब्ध हैं परन्तु शायद ही कोई राजनेता इन परीक्षणों से गुजरने हेतु तैयार होगा। लगभग सभी के पास दो तरह के दांतों वाला मुंह, पल-पल पटलती जुबान, पत्ते-पत्ते पर करवट बदलने वाली रंग बदलती काया मौजूद है जो सोच, शब्द और कार्यों में निरंतर भेद दिखा रही है। देश के सीधे-सच्चे लोगों के मध्य कथित अंग्रेजों ने मानवतावाद के नाम पर धीमा जहर घोलना शुरू कर दिया था। संस्कृति की काया पर घाव करने वाले क्रूर आक्रान्ताओं से कहीं ज्यादा घातक तो मीठ विष देने वाले गोरे थे, जिन्होंने देश की सांस्कृतिक विरासत अस्तित्वहीन करने वाले घातक पाठ अपनी लंदन वाली पाठशाला से भेजना शुरू कर दिया था। परिणामस्वरूप आस्था की निजिता को सार्वजनिक प्रदर्शन की वस्तु बनाकर सरेआम बेचा जाने लगा। संत कबीर को भूलकर कहीं आरती की गूंज पर आपत्ति दर्ज होने लगी तो कहीं अजान की आवाज का विरोध। कहीं धार्मिक मनमानियों को श्रध्दा की स्वतंत्रता के साथ जोड़कर परोसा गया तो कहीं तानाशाही को मानवाधिकार की दुहाई पर संरक्षण मिला। भगवान, भाव और भक्ति को आडम्बर कहने वाले लोग आज मतदाताओं को रिझाने के लिए चंदन लगे चेहरों का फोटो सेशन करवाने में जुटे हैं। महाराष्ट्र में शेर के साथ दहाडने वाले व्यक्तित्व के परिवारजनों ने घोर विरोधियों के साथ गद्दी हथियाने के लिए हाथ मिला लिया था तो भगवां के साथ रूठने मनाने वाले ने बिहार में कुर्सी बचा ली। कमल का फूल, पंजा, हंसिया-हथौडा, हंसिया-बाली, घडी, शंख, साइकिल, हाथी, तीर, दो फूल, दो पत्तियां, उगता हुआ सूरज, लालटेन, तीर-कमान, रेलवे का इंजन, झाडू जैसे प्रतीकों के साथ घमासान मचा हुआ है मगर प्रतीकों के मायने गौढ हो गये हैं। लालच, स्वार्थ और अहंकार के पोषण के लिए समीकरण साधे जा रहे हैं। संप्रदायगत, जातिगत, क्षेत्रगत, भाषागत, संस्कारगत, संस्कृतिगत विभेद फैलाकर लोगों को बांटने का काम चल रहा है। देश के अन्दर स्वयं की विरासत वापिस पाने और न देने का चलन तेज होता जा रहा है। नाजायज कब्जों को जायज ठहराने के लिए कानून के लचीलेपन को हथियार की तरह प्रयुक्त करने वाले रात को अदालतों के दरवाजे खुलवाते हैं। अपनी विशिष्टता का बखान करते हैं। मनगढंत संभावनाओं का जिक्र करके लोगों को विसम परिस्थितियां पैदा करने के लिए उकसाते हैं और इन सबके लिए बसूलते हैं भारी-भरकम मेहनताना। ऐसा करने वालों की जमात में एक दल का ही संख्याबल ज्यादातर काम करता देखा जा रहा है। वास्तविकता तो यह है कि देश का आम नागरिक आज भी बेहद भोला है जिसे भरमाने के लिए घातक चालबाजों के गिरोह अपने सोचे-समझे षडयंत्र के तहत बिकाऊ प्रचार साधनों का खुलकर उपयोग कर

महिला-पुरुष किसी को भी हो सकता है कैंसर, जागरूकता से ही बचाव संभव : डॉ. अनिल

● विश्व कैंसर दिवस पर संजीवनी नर्सिंग होम में जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर में रविवार को विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर के संस्थापक व शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल कुमार, शैलेश यादव, माया देवी, सन्या कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रवजलित कर किया। जागरूकता कार्यक्रम अभियान को सम्बोधित करते हुए डॉ अनिल कुमार ने बताया की दुनियाभर में हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि वैसे तो कैंसर महिला-पुरुष किसी को भी हो सकता है, लेकिन महिलाओं में 5 कैंसर अधिक घातक माने जाते हैं. उन्होंने कहा कि दुनिया भर में एक दिन इसके लिए मनाया जाता है, ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके व उन्हें इस जानलेवा बीमारी प्रति लड़ने की हिम्मत दी जा सके। जख्म का जल्दी न भरना, शरीर के किसी भी हिस्से से खून का बहना, अचानक वजन का घटना या फिर भूख न लगना, खाना खाने में दिक्कत होना, तिल या मस्से में परिवर्तन, लगातार खासी या आवाज के भारीपन, शरीर के किसी भी हिस्से में गठा का होना व बढ़ना कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर कई प्रकार का होता है, जैसे मुंह, खाने वाली नली, महिला की छाती, आंतड़ी, बच्चेदानी, गदूदां, सिर और बच्चेदानी के मुंह का कैंसर प्रमुख है। स्तन कैंसर : स्तन कैंसर महिलाओं में तेजी से पनपने वाली बीमारी है, अगर समय रहते इस बीमारी के बारे में जान लिया जाए तो इसके जानलेवा परिणामों से बचा जा सकता है। इस बीमारी का पता लगाने के लिए आपको जागरूक होकर लक्षणों को पहचानने की जरूरत है। कैंसर के किसी भी लक्षण के दिखने पर उसकी जांच तुरंत करवाए जाने की जरूरत है। अगर थोड़ी सी सतर्कता बरती जाए तो कैंसर के लक्षणों को भी आसानी से पहचाना जा सकता है। कैंसर का इलाज : डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि कैंसर का पता बायोप्सी नामक टेस्ट से पता चलता है। कैंसर का पता लगाने के बाद सबसे पहले जो ट्रीटमेंट शुरू किया जाता है वो है कीमोथेरेपी। कीमोथेरेपी कैंसर के असर को कम करने के लिए दी जाती है। उदाहरण के लिए अगर कैंसर चौथी स्टेज पर हो तो यह थैरेपी इसे दूसरी स्टेज पर ले आती है। यह थैरेपी हर तरह के कैंसर में नहीं दी जा सकती। इसी तरह रेडियोथेरेपी शरीर में कैंसर के ऊतकों को कम करने के लिए दी जाती है।इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, शैलेश कुमार यादव, माया देवी, संन्या कुमारी, चिंटू कुमार, रोहित कुमार, धन्यनंजय कुमार, स्वेता सिंह, रीता कुमारी, इत्यादि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

अधिवक्ता को प्रथम पुण्य तिथि मनाया गया

छपरा। वरीय अधिवक्ता कृष्णा प्रसाद सिन्हा का प्रथम पुण्य तिथि मनाया गया दर्जनों अधिवक्ताओं ने उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिया श्रद्धांजलि और छपरा व्यवहार न्यायालय में वरीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिन्हा का लगाया गया चित्र वही इस अवसर पर कृष्ण कुमार सिंह के बड़े पुत्र अधिवक्ता संजय कुमार सिंह के द्वारा अपने पिता के पुण्यतिथि के अवसर पर गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया वहीं उन्होंने अपने पिता के बारे में बताया कि वह एक अच्छे कुशल अधिवक्ता के साथ-साथ एक अच्छे समाजसेवी भी थे जिनके बताए हुए रास्ते पर हम सभी चलते हैं वही आज के इस आयोजन में व्यवहार न्यायालय के संगठन के अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह सचिव अमरेंद्र कुमार सिंह एवं अधिवक्ता मदन मोहन सिंह अधिवक्ता योगेंद्र नारायण सिंह सहित दर्जनों लोग ने वरीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिन्हा के इस प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अराजपत्रित प्राथमिक शिक्षक संघ के पुर्व जिलाध्यक्ष का निधन

डोरीगंज : सदर प्रखण्ड के जलालपुर पंचायत अन्तर्गत जलालपुर गाँव निवासी अराजपत्रित प्राथमिक शिक्षक संघ के पुर्व जिला अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक रामअयोध्या प्रसाद का निधन अचानक हृदय गति रुक जाने से हो गयी। वे लंबे समय तक संध से जुड़े रहे एवं शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया। उनके शिक्षक पुत्र काशीनाथ राय ने बताया कि अचानक हृदय गति रुक जाने से उनकी मृत्यु हो गयी। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका श्राद्ध कर्म 16 फरवरी को आयोजित किया गया है। उनके निधन पर शिक्षक अजय भुषण, रामनरेश प्रसाद, चन्द्रभुषण कुमार, ललितेश्वर प्रसाद, रामनारायण राम, अमरेन्द्र सिंह ,दिनबंधु गाँधी आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है ।

करंट लगने से एक की मौत, एक की हालत नाजुक

अमनौर। छपरा एनएच-722 मुख्य पथ के बीच भेल्दी पंजाब नेशनल बैंक के पास बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा एलटी लाइन का वायर चेंज करने के दौरान बिजली के करंट से दो लाइन मैन बुरी तरह झुलस गए।घटना से बाजार में अफरा तफरी मंच गई।कार्य करा रहे ठेकेदारों ने आनन फानन में दोनों को अमनौर सामुदायिक अस्पताल लाया।जहा डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया वही दूसरे को छपरा रेफर कर दिया।कथित रूप से मृतक लाइन मैन अजय कुमार पिता बालेश्वर दास उम्र 38 वर्ष ग्राम तुरकौलिया जिला मोतिहारी का बताया जाता है।वही घयाल कर्मी मड्ड कुमार पिता मनोज राम गर्म सरैया पिपरा जिला मोतिहारी का निवासी है।घटना के सम्बंध में ठरकेदार मोतिहारी जिला के दिनेश कुमार ने बताया कि एनसीसी कम्पनी के तत्वधान में वायर का कार्य हो रहा था।जिस पोल से तार बदला जा रहा था उसके ऊपर से ग्यारह हजार तार था।पोल टेढ़ा था उसी को सीधा कर वायर हटाया जा रहा था।अचानक ग्यारह हजार के बिजली के तार में स्पर्श होते ही दोनों कर्मी झुलस गए।

पुलिस ने शराब धंधेबाजों के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान

परसा। सारण एसपी के निर्देश पर परसा पुलिस ने क्षेत्र में चलाया विशेष छापेमारी अभियान।इसी क्रम अपर थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने पुलिस बल के साथ बहलोलपुर दियारा में की छापेमारी।इस दौरान शराब धंधेबाजों में हड़कंप मच गया।इस सम्बंध में अपर थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने बताई की थाना क्षेत्र के बहलोलपुर दियारा में छापेमारी अभियान चलाया गया है। जहाँ चार भट्टियों को ध्वस्त किया गया।और लगभग दो सौ लीटर से अधिक अधनिर्मित शराब(पास) को नष्ट किया गया।

छः फरवरी को आ रहे है प्रशांत किशोर, तैयारी को लेकर की गई बैठक

सहरसा। जिले के सिमरी बख्तियारपुर के फेंसहा में पीके यूथ क्लब में फैजूर रहमान की अध्यक्षता में मीटिंग बुलाई गई जहां 6 तारीख को सिमरी बख्तियारपुर के मवेशी हाट में प्रशांत किशोर के होने वाले कार्यक्रम को लेकर बात की गई। जहां कहा गया की प्रशांत किशोर बिहार को सबसे आगे लेजाना चाहते है। जिसके कारण हमलोग यहां आज इकट्ठा हुए है सिमरी बख्तियारपुर के सभी वर्ग के लोगों के बीच जा कर लोगों को प्रशांत किशोर के होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमलोग संकल्पित हैं।

बाइक दुर्घटना में शिक्षक घायल

इसुआपुर। थाना क्षेत्र के कुम्हैला गांव निवासी राजवंशी राम के पुत्र शिक्षक संजीव कुमार राम मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए हैं। वे गोढ़ना बाजार से घर आ रहे थे कि रास्ते में एक तेज बाइक की चपेट में आ गए और वहीं गिर गए। घायल शिक्षक को परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर ले जाया गया।

प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना को जन-जन तक पहुंचा रहे है सांसद रूडी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा नगर निगम में सेवा वाहन के माध्यम से आमजन तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना,गैस पाइप लाइन का लाभ पहुंचा रहे है। सांसद राजीव प्रताप रूडी योजना के तहत सांसद रुडी के सांसद निधि से जनता की सेवा में समर्पित सेवा वाहन के माध्यम से आज लगातार चौथे दिन पहला कैम्प छपरा नगर में बौना बानगंज शिवशंकर पैलेश में भाजपा नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष ममनट मिश्रा के नेतृत्व में कैम्प लगाया गया एवं दूसरा कैम्प राहत रोड साधु निवास में समाजसेवी राजेशनाथ प्रसाद के नेतृत्व में कैम्प के पास लगाया गया। पहला कैम्प का उदघाटन सारण निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी डॉ प्रो वीरेंद्र नारायण यादव, छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता एवं रालोजद के जिला अध्यक्ष डॉ अशोक कुशवाहा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया।कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि देश के गरीवों के सबसे महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड है । इस योजना से कोई भी गरीब पैसा के अभाव में नही मर सकता है, जब गरीब को गंभीर बीमारी हो जाता है तो उसके परिजन पर क्या गुजरता है कहना मुश्किल है इस योजना को सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी लगातार अपने सेवा वाहन एवं सिस्टर को गांव -गांव , शहर के कोने -ह्वकोने तक जाकर कार्ड बनवाना इससे बड़ा कोई जनहित के दूसरा कोई काम नही हो सकता है। हम सांसद रूडी जी बधाई देते है इस जिले के विकाश के प्रति हमेशा चिंतित रहते है किस तरह सारण का सवार्गीण विकाश हो। वही छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि सांसद रूडी जी के प्रयास से पूरे जिले में कई बड़ी योजना का कार्य अब दिखने को मिल रहा है , इस कैम्प में मुख्य रूप से रालोजद के जिला अध्यक्ष डॉ अशोक कुशवाहा ने भी विकाश विश्वकर्मा योजना पर विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर समाजसेवी रामनाथ प्रसाद, वार्ड पार्षद पप्पू चौहान, मुन्ना खा चंदन सोनी के सहयोग से कैम्प को सफल बनाया गया। दूसरे कैम्प का उदघाटन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं लोकसभा पालक अशोक कु सिंह, रास्ट्रीय स्वंम सेवक के वरिष्ठ कार्यकर्ता शम्भू कमलाकर मिश्रा , लोकसभा संयोजक डॉ धर्मेंद्र सिंह एवं जिला भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष पूजा शर्मा , जिला भाजपा मुख्य मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कैम्प का शुरूआत किया गया।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा यह जो आयुषमान कार्ड,विश्वकर्मा योजना का कैम्प लगाकर लोगो को रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है इसकी जितना प्रशंसा किया जाय कम है। पूर्व एमएलसी प्रत्यासी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सांसद रूडी जी के माध्यम से जन स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सेवा में लगे रहते हैं। आज जो जिला में बिजली ,सड़क अच्छा दिखाई दे रहा है इनका महत्वपूर्व योगदान रहा है। रास्ट्रीय स्वंम संघ के वरिष्ठ सदस्य शम्भू कमलाकर मिश्रा ने कहा कि मोदी की गारंटी यही सब योजना है जो सामने दिखाई दे रहा है। जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष पूजा शर्मा ने कहा कि सारण के सांसद रूडी जी का बिहार में पहली बार सारण में गैस पाइप के द्वारा पहुचाया जा रहा है खासकर महिलाओं के लिये सबसे बड़ा तोहफा दिया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद प्रतिनिधि सोना सिंह, विजय चौधरी, समाजसेवी पीडी बाबा ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशील सिंह ,उषा देवी आदि लोगो ने सहयोग में लगे रहे। दोनों कैम्प में 236 आयुषमान कार्ड का पंजीयन, 288 विश्वकर्मा योजना का रजिस्ट्रेशन एवं 401 लोगो का गैस पाइप लाइन का रजिस्ट्रेशन किया गया।

लोक शिक्षा समिति बिहार के नये प्रदेश सचिव का रक्सौल में हुआ आगमन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। लोक शिक्षा समिति बिहार के नये प्रदेश सचिव रामलाल सिंह का कार्य भार संभालने के पश्चात रक्सौल पहली बार पहुंचने पर सरस्वती विद्या मंदिर एवं राजेश मस्करा सरस्वती मंदिर की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर अनिल कुमार राम जिला निरीक्षक विद्या भारती ने नये प्रदेश सचिव का दोनों विद्यालयों के शिक्षक वृंद एवं विद्यालय प्रबंधकारिणी सदस्यों से परिचय कराया। इस मौके पर श्रीराम लाल सिंह ने दोनों ही विद्यालयों के आचार्यों एवं समिति के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पहली फरवरी को प्रदेश सचिव का दायित्व संभालने के साथ वे पहला दौरा रक्सौल कर रहे हैं। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर का विस्तार करना और विकास करना लोक शिक्षा समिति का मुख्य उद्देश्य है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि इस शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को न केवल सिलेबस के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जाती है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ भावी पीढ़ी को भारतीय मूल्यों और संस्कृति के अनुसार शिक्षित करने के लिए जानी जाती है। राष्ट्र प्रेम, भारतीय संस्कृति एवं भारतीयता का बोध जिस तरह से इस संस्थान में अध्ययन रत छात्र-छात्राओं कराया जाता है, अन्यत्र किसी भी शिक्षण संस्थान में यह व्यवस्था देखने को नहीं मिलती है। उन्होंने सरस्वती विद्या मंदिर एवं राजेश मस्करा सरस्वती शिशु मंदिर में छात्राओं-छात्राओं की कम संख्या होने पर गहरी चिंता जतायी। उन्होंने यह भी कहा कि नये सत्र में अधिकाधिक नामांकन के लिए शहर के अभिभावकों से मिले तथा उन्हें इस बात के लिए उत्प्रेरित करें कि वे अपने नौनिहालों का नामांकन दोनों ही विद्यालयों में कराने के लिए उत्सुक हों। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि विद्या मंदिर को सीबीएसई से मान्यता देने के लिए हर मुमकिन प्रयास करेंगे। इस मौके पर विभाग संचालक राजकिशोर सिंह, शिशु मंदिर की प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष अवधेश सिंह ने प्रदेश सचिव का ध्यान शिक्षकों एवं विद्यालय से संबंधित समस्याओं की ओर आकृष्ट किया, जिसपर निकट भविष्य में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान पर कार्य करने का आश्वासन मिला। इस मौके पर सगौली विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शर्मा, विद्या मंदिर रक्सौल सेआचार्य जयप्रकाश कुमार एवं सुश्री आयुषी आर्या उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेंगी : मंगल पाण्डे

प्रात : किरण, संवाददाता

आज भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में संपन्न हुई इस बैठक के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडे कार्यकताओं एवं अधिकारियों मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एवं नेताओं को गांव में प्रवास करना आवश्यक है बूथ तक पार्टी को मजबूत करना बूथ को सशक्त बनाना आवश्यक है सभी को रात्रि प्रवास गांव में करना है लोगों से मिलना है , उन्होंने बिहार में राजग गठबंधन की सरकार बनने पर कहा कि बिहार की विकास एवं उन्नति के लिए गठबंधन आवश्यक था भाजपा विकास की राजनीति करती है अब डबल इंजन की सरकार बनने से बिहार के विकास को और अधिक गति मिलेगी बिहार के 40 लोकसभा सीटों पर राजग गठबंधन की प्रत्याशियों की जीत निश्चित है हम पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाएंगे भाजपा के मुख्य सचेतक एवं तरैया विधायक जनक सिंह बैठक को संबोधित करते हुए कहा के भाजपा कार्यकर्ता के आधारित पार्टी है और कार्यकताओं के बदौलत ही बिहार से लेकर केंद्र तक सरकार बनती है कार्यकताओं का मान सम्मान एवं हितों का ख्याल भारतीय जनता पार्टी में ही मिलता है अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि गठबंधन होने से हम अब सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ है और कार्यकताओं के बदौलत बीजेपी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है बैठक कासंचालन जिला महामंत्री शत्रुघन भक्त मालाकार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने किया आज की बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी, किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी बृजेश कुमार रमन,राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह किसान मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर, पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद ,वेद प्रकाश उपाध्याय, बंशीधर तिवारी , अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तूफैल अहमद कादरी ,लोकसभा संयोजक प्रत्याशी डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह, प्रदेश महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका सिंह ,प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह ,प्रदेश संयोजक हेमनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह, गायत्री देवी, सुदामा तिवारी, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, अर्जुन सिंह,राजेश सिंह, कार्यालय मंत्री अर्धदु शेखर, मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान, मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, संजय सिंह, गांव चलो अभियान प्रभारी अजीत सिंह,जिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा शर्मा,ममता मिश्रा, अनूप यादव अनिल यादव शत्रुघ्न चौधरी, राजेश फैशन, वरुण प्रकाश राजा, राकेश कुमार सिंह चरणदास, सहित सभी मंडल अध्यक्ष जिला प्रभारी विस्तारक एवं प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

बनियापुर मे बोलेरो ने बाईक सवार युवक को कुचला,हुई मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर (सारण) स्थानीय थाना क्षेत्र के एनएच 331 पर पैगंबरपुर पोखरा पर एक अनियंत्रित बोलेरो ने बाईक सवार युवक को बुरी तरह कुचल डाला ,जहा आस पास के ग्रामीण दुकान दारो द्वारा घटना की सूचना थाना को दिया,जहा घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ पहुंच घटना का जायजा लिया ,वही गंभीर स्थिति मे जख्मी युवक को रेफरल अस्पताल ले गए, जहा चिकित्स्कों द्वारा स्थिति की गंभीरता को देखते सदर अस्पताल रेफर कर दिया,जहा अधिक रक्त श्राव के कारण उसकी मौत हो गयी। घटना के संबंध मे बताया गया है कि बीती रात करीब 9 बजे रात्रि मे पैगंबरपुर पोखरा पर बोलेरो ने एक बाईक सवार को बुरी तरह कुचल दिया,जिसके बाद बोलेरो चालक फरार हो गया,वही बाईक सवार पुरी तरह जख्मी ,होकर बेहोस हो गया,लोगो ने पुलिस को खबर कर अस्पताल पहुंचाया,बेहोसी के कारण मृतक युवक का नाम एव पता. किसी को नही चल पाया युवक छपरा के तरफ से आ रहा था,वही बाईक के नंबर से आनर बुक से विमल कुमार नाम पता चला ,मृतक वही है नही,पता नही चल पाया है,हलांकि बेलेरो से एक यात्री को पकड़ पुलिस बोलेरो के बारे मे पूछताछ कर रही है। मामले मे पुलिस विस्तृत जानकारी जुटाने मे लगी हुई है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बाइक सवार युवक की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

डोरीगंज थाना क्षेत्र के चिरांद गाँव निवासी बाइक सवार एक युवक की शनिवार की देर रात एक अज्ञात वाहन की ठोकर से जख्मी हो गया जिसका इलाज के क्रम मे पटना मे मौत हो गयी । मृत युवक की पहचान चिरांद गाँव निवासी संजय पाण्डेय का 23 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार पाण्डेय के रुप मे हुई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम कुमार पाण्डेय शनिवार की देर रात लगभग 12बजे के करीब आरा की तरफ से आ रहा था तभी आरा छपरा पुल के बीच अज्ञात वाहन के चपेटे मे आ गया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया । स्थानीय लोगों की सहायता से उसे दिघवारा हॉस्पिटल भेजा गया जहाँ गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पटना रेफर कर दिया । पटना पहुँचते ही उसकी मृत्यु हो गयी। शुभम दो भाई है। उसकी अभी शादी नही हुई है। वह परिवार का एक मात्र कमाऊ सदस्य था । इस संबंध में डोरीगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के मृतक के परिजनों द्वारा पटना के पीएमसीएच में जो फर्द ब्यान दिया गया है ।फर्द ब्यान आने के बाद प्राथमिक की दर्ज कर अनुसंधान किया जाएगा।

आगामी वर्ष 2024 के भंडारे को बेहतरी के लिए बैठक में भाग लेते दल के सदस्यगण

प्रात : किरण, संवाददाता

जय भोला भंडारी सेवा दल (रजि.) छपरा, बिहार के तत्वावधान में रविवार को एक आम बैठक शहर के मीठा बाजार कार्यालय में आयोजित हुई कइस बैठक में पिछले वर्ष 2023 में हुए आय-व्यय को कोषाध्यक्ष के द्वारा सेवा दल के सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा आगामी वर्ष 2024 के भंडारे के बेहतरी के लिए भी सुझाव पेश किया गया। आपको बताते चले कि इस सेवा दल के द्वारा प्रत्येक वर्ष श्री बाबा अमरनाथ जी की यात्रा मार्ग उधमपुर, जम्मू-कश्मीर में भंडारा लगाया जाता है कइस भंडारे में अमरनाथ यात्रियों के लिए भोजन, पानी, नास्ता, के साथ ही यात्रियों के ठहरने व शौचालय की भी व्यवस्था की जाती हैं तथा यात्रा पर जाने हेतु रजिस्ट्रेशन कराने में मदद भी किया जाता है आज के बैठक में सेवा दल के सदस्य पप्पू चैहान, अमित, धनु, मंटु बाबा, विकाश कुमार, लालबाबू राय, रवि सोनी, गोपाल जी, दिलीप, भोला जी, अवनीश कुमार, जवाहर निषाद, मुकेश, शिव रस्तोगी, अभय कुमार सिंह, लक्ष्मण जी, भीम चौरसिया, संजय जी, विकास जी, शिवेंद्र जी, रविरंजन राय, आदित्य कुमार, केदार जी, रिशु कुमार आदि ने भाग लिया था।

वार्ड सदस्यों ने उपमुखिया पर लगाया अविश्वास

प्रात : किरण, संवाददाता

गड़खा। प्रखंड के सरगट्टी पंचायत के वार्ड सदस्यों ने उपमुखिया उषा देवी पर अविश्वास प्रस्ताव लगाया है। वार्ड सदस्या निधि देवी, कविता देवी, शारदा देवी, लखपति देवी ,विनोद राय, कमलेश लाल यादव , आशा देवी, योगेन्द्र मांझी ने मुखिया को आवेदन देकर के आरोप लगाया है कि वार्ड संख्या 5 की उपमुखिया उषा देवी को चुना गया था परंतु उपमुखिया के पद का सही से उपयोग नहीं कर, विकास कार्यों में विशेष रुचि नहीं रख रही है। केवल अपने हित के विशेष रुचि रख रही है। वार्ड सदस्यों के साथ उनके परिवार के सदस्य

यातायात के नियम अपनाएं, सुरक्षित मंजिल को जाएं

हेलमेट और जूता पहन कर बाइक चलाए

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। राष्ट्रीय सेवा योजना, जय प्रकाश विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों और पूर्व स्वयं सेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर एक रैली और जन जागरूकता अभियान चलाया गया।हेलमेट और जूता पहन कर बाइक चलाए। ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे तो आपका जीवन सुरक्षित रहेगा।यह संवाद किसी नाटक का नहीं है बल्कि नगर पालिका चौक पर एन एस एस के जुड़े स्वयं सेवक आम लोगों से आग्रह कर रहे थे। प्रिंस, मकेसर पंडित,कुमारी अनीशा और दर्जनों स्वयं सेवक वीना हेलमेट पहने जो भी बाइक सवार उधर से गुजर रहे थे उन्हें गुलाब का फूल देकर आग्रह कर रहे थे कि हेलमेट जूता साथ में,आपका जीवन पास में, साथ ही साथ कार चलाने वाले जो सीट बेल्ट नहीं बांधे थे उन्हें भी गुलाब के फूल देकर आग्रह कर रहे थे कियातायात के नियमों को जिसने माना,उसका होता सफर सुहाना। गंगा सिंह कॉलेज से रैली प्रारंभ हुआ,जिसमे बच्चे नारा लगा रहे थे कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी।हेलमेट का बंधन बांधे, जीवन को सुरक्षित बांधे। तेज रफ्तार में गाड़ी नहीं चलाएं।कृपया गाड़ी चलाते मोबाइल का प्रयोग न करें। नशे के सेवन कर वाहन नहीं चलाएं।कार्यक्रम में एन एस एस के समन्वयक प्रो हरिश्चंद्र और पूर्व समन्वयक डॉ विद्या वाचस्पति त्रिपाठी के साथ साथ अनु कुमारी,गिरिजा कुमारी प्रियंका कुमारी, निधि कुमारी,नंदिनी,वीना,संगीता, अंजली, तान्या आदि थे।

मांझी के प्रिंस पोस्टल असिस्टेंट बन अपने गांव माड़ीपुर का नाम किया रोशन

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। प्रखंड के माड़ीपुर के प्रिंस कुमार शुक्ला पोस्टल असिस्टेंट बन अपने गांव का नाम रोशन किया है।पुर्व प्रधानाध्यापक रबीन्द्रनाथ शुक्ला के पोता और किसान दम्पती माधुरी देवी -सुनील कुमार शुक्ला के पुत्र प्रिंस बचपन से ही मेघावी रहे हैं।प्राथमिक शिक्षा अपने नौनिहाल रसूलपुर थाने के माधोपुर गांव में प्राप्त करने वाले प्रिंस ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में सफलता हासिल कर फिलहाल छपरा मुख्य डाकघर में पद भार ग्रहण किया है। प्रिंस ने एक साथ रेलवे व पोस्टल दोनों में कम्पीटीशन फेस कर सफलता हासिल की थी। प्रिंस ने कहा है कि उसे खुशी है कि गृह जिला में ही सेवा करने का मौका मिला है।सफलता के लिए अपने दादा दादी,माता- पिता सहित नाना स्व बृजकिशोर उपाध्याय व गुरुजन का आशीर्वाद बताया।

माँझी थाना परिसर विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नगर पंचायत स्थित मांझी थाना परिसर में समारोह आयोजित कर स्थानांतरित हुए थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास को विदाई दी गई.विदाई समारोह में थानाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व की चर्चा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई. इस दौरान उन्हें शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया. समारोह में लोगों ने कहा कि थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास एक कुशल प्रशासक के रूप में काम किया. गांव में झगड़े, मारपीट जैसे मामलों का समाधान अपने स्तर से ग्रामीणों की बैठक बुलाकर किया करते थे. उनके कार्य व्यवहार से लोग काफी खुश थे. उनके अंदर जन सहयोग की भावना थी. इस अवसर पर पुअनि अखिलेश कुमार,नशीम खां, बाल्मीकि प्रसाद यादव,संजय कुमार सुमन,गुड़िया कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

विश्व कैंसर दिवस पर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा एसआरपी हॉस्पिटल में चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रविवार को विश्व कैंसर दिवस पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा अध्यक्षा बबिता खटेड़ जैन के नेतृत्व में स्थानीय शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल में पहुंच कैंसर पीड़ितों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पहुंचे सभी सदस्यों ने हॉस्पिटल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार से कैंसर को लेकर काफी देर तक विचार विमर्श करके जानकारी ली। डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि कैंसर एक खतरनाक बीमारी है, इसका सही समय पर ईलाज जरूरी है। कभी-कभी मरीज लापरवाही कर देते हैं, जिससे काफी नुकसान हो जाता है। कभी कभार ब्लीडिंग को लोग पाइल्स समझ लेते हैं, जबकि ऐसा हो तो बेहतर चिकित्सक से दिखाना जरूरी होता है। किसी भी गांठ हो तो चिकत्सक से अवश्य मिलना चाहिए। महिलाओं में आम तौर पर ब्रेस्ट कैंसर भी हो जाता है आदि। गौरतलब है कि प्रभावित अंग के आधार पर अलग-अलग कैंसर के अलग-अलग लक्षण होते हैं। जैसे कि शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ, दर्द आदि, शरीर के किसी हिस्से से असामान्य खून बनना, त्वचा या मुंह पर छाले जो ठीक न हो रहा हो, त्वचा के रंग में बनावट या परिवर्तन आदि कई लक्षण हैं। वहीं महिला मंडल की अध्यक्षा ने कहा कि हम नेपाल के बीरगंज से आए हैं, पता चला कि यहां कैंसर का ईलाज किया जाता है, इसके लिए डॉक्टर साहब का बहुत-बहुत धन्यवाद। वहीं इसके बाद महिला मंडली ने कैंसर पीड़ितो से मिल उन्हें फल भेंट किया और कुशल क्षेम जाना। मौके पर तेरापंथ महिला मंडल की मंत्री कुसुम मनोत, जैन श्वेतांबर तेरापंती सभा के अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन एवं उपाध्यक्ष मुकेश खटेड़ के साथ अन्य महिला मंडली सदस्या सहित हॉस्पिटल से डॉ. संजय मिश्रा, पवन कुशवाहा एवं प्रवीण कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

मंगोलापुर मठिया उ.म. विद्यालय में आर.ओ. का महाराजगंज सांसद ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

जलालपुरे प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने आर ओ व वाटर कूलिंग सिस्टम का फीता काटकर उद्घाटन कियाेउन्होंने कहा कि जल ही जीवन हैइस सिस्टम से अब विद्यालय के बच्चो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगाेउन्होंने बताया कि यह सिस्टम एक घंटा मे 120 लीटर शुद्ध जल बनाता हैगर्मी के दिनो मे इसका कूलिंग सिस्टम शीतल जल उपलब्ध कराएगाेअब बच्चो को शीतल व मीठा जल पीने को मिलेगाेशुद्ध जल से बच्चे बीमार नहीं पड़ेगेवे स्वस्थ रहेंगे तो स्वस्थ दिमाग भी होगाेजिससे वे मन लाकर पढाई पूरी कर बेहतर नागरिक बनेंगेउन्होने बच्चो को बिस्कूट व टाफियां बांटी उनके प्रयास व अनुशंसा से व पेट्रोनेट के सौजन्य से लोक हिमायती विकास सेवा संस्थान पटना द्वारा आरओ सिस्टम को लगाया गया है।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन के टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के रामनगर गांव समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार राजमिस्त्री मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सासाराम-आरा मुख्य पथ पर मिश्रलियां गांव निवासी राजमिस्त्री रविन्द्र कुमार शनिवार देर शाम वह कार्य कर अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के रामनगर गांव समीप सड़क पर तेज रफ्तार से आ रहीं एक अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में टक्कर मार फरार हो गया। जिस घटना में राज मिस्त्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए उसकी शिनाख्त कर जिला सदर अस्पताल सासाराम पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि नोखा थाना चौकीदार बिरेंद्र राम के द्वारा इस घटना की जानकारी पहले दी गई थी। दुसरी तरफ स्थानीय पुलिस इस घटना ममालें में अज्ञात वाहन सहित चालक की गिरफ्तारी के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस ने छापेमारी कर शराब के साथ करोबारी को किया गिरफ्तार

नावानगर (बक्सर) स्थानीय प्रभारी थानाध्यक्ष नंदू राम के नेतृत्व में पुलिस ने केसठ बाजार में छापेमारी किया। छापेमारी में पुलिस ने तीन पीस 180 एमएल अंग्रेजी शराब के साथ एक शराबी ईनूस खान तथा एक कारोबारी अखिलेश कुमार उर्फ गुड्डू सिंह को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि केसठ बाजार में शराब का कारोबार हो रहा है। सूचना पर तत्काल छापेमारी किया गया। जिसके तहत तीन पीस 180 एमएल के अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

विद्यालय में लगा समरसेबल चोरों ने चुराया

नावानगर (बक्सर) सिकरौल थाना क्षेत्र के बेलांव गांव निवासी राजेश कुमार प्रसाद के यहां से चोरी हुए समरसेबल के साथ दो चोरों को सिकरौल पुलिस ने बेलांव गांव से गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए सिकरौल थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार की रात बेलांव गांव निवासी के यहां से समरसेबल चोरी कर लिया गया था। जिसको लेकर पीड़ित द्वारा थाना में शनिवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं। जहां प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए बेलांव गांव से दो चोर गिदीक उर्फ अनिल कुमार तथा सोनू पासवान को समरसेबल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पूर्व मंत्री ने मिनी राइस मिल का किया उद्घाटन

संझौली (रोहतास) रविवार को रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने इंग्लिश धोकरा गांव के समीप एक मिनी राइस मिल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान कुशवाहा ने स्थल पर उपस्थित युवाओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप नौकरी का प्रयास करें। लेकिन रोजगार के क्षेत्र में भी अपना स्थान ढूंढते रहें। उक्त अवसर पर अशोक कुमार कुशवाहा, रालोजद जिला उपाध्यक्ष लव मिश्रा, हाकिम सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, बबन सिंह, मनोज कुमार, शनि दत्त, चंद्रकांत कुशवाहा सहित कहीं अन्य रालोजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

24 घंटे के अंदर हो सकती है हल्की बारिश

संझौली (रोहतास) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत, मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 24 घंटे के अंदर कहीं-कहीं निक गर्जन व वज्रपात के साथ, हल्की से माध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव के अनुसार बारिश के बाद अगले दो से तीन दिनों तक आकाश में बादल छाए रहने के कारण, दो से तीन डिग्री सेल्सियस की तापमान में वृद्धि हो सकती है। तत्पश्चात अगले दो से तीन दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तापमान लुढ़कने का पूर्वानुमान है।

33 केवी के बिजली तार चोरी में प्राथमिकी दर्ज

दावथ (रोहतास) नारायणपुर ग्रीड से दिनारा पावर सब स्टेशन में जाने वाली 33 केवी का तार काट कर चोरी कर लिया गया है। जिसे लेकर सहायक विधुत अभियंता ने थाने में लिखित शिकायत दिया है। विधुत एसडीओ राज कुमार ने बताया कि पहले दिनारा पीएसएस में नारायनपुर ग्रीड से 33 हजार केवीए का लाइन जाता था। बाद में दुसरे जगह से लाईन जाने लगा है। परंतु इमरजेंसी के लिए पुरानी लाइन को भी ठीक रखा जाता है। जब हाल में लाइन को दुरुस्त करने के उद्देश्य से पहुंचा तो पाया कि, बभनौल व दावथ के बीच लगभग तीन किलोमीटर 11 हजार केवीए के तार को चोरों ने काट कर चोरी कर लिया है।

गीधा ओपी क्षेत्र में छात्रा से गैंगरेप मामले में भोजपुर एसपी सख्त, कहा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

- शनिवार को सड़क पर उतर गये लोजपा कार्यकर्ता व आक्रोशित लोग
- भोजपुर एसपी की ओर से भ्रम नहीं फैलाने की अपील की गयी है

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गीधा ओपी क्षेत्र में छात्रा से गैंगरेप मामले की तथ्यात्मक और वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। इसके लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम बुलायी गयी थी। मेडिकल जांच करायी जा रही है। पुलिस तत्परता से अपना काम कर रही है।

प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं। पुलिस पर गलत आरोप लगाया जा रहा है। शनिवार को अस्पताल में हंगामा किया गया। मेडिकल जांच और बयान दर्ज कराने में बाधा उत्पन्न की गयी। इसे लेकर एसपी की ओर से भ्रम नहीं फैलाने की अपील की गयी है।

सड़क पर उतर लोजपा कार्यकर्ता व आक्रोशित लोगों ने आवागमन कर दिया बाधित: छात्रा से गैंगरेप के दो दिन बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा। गुस्साये लोग और लोजपा कार्यकर्ता शनिवार को सड़क पर उतर गये। आक्रोशित लोगों ने आरा सदर अस्पताल के गेट के समीप रोड जाम कर जमकर हंगामा किया। इससे काफी देर तक अफरातफरी मची रही। आक्रोशित लोग पुलिस पर मामले को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगा रहे थे। लोगों का कहना था कि वरीय पुलिस अफसर पीड़िता पर बयान बदलने का दबाव दे रहे थे। आरोपितों की गिरफ्तारी भी नहीं की जा रही है। इस कारण अस्पताल रोड में करीब घंटे भर से अधिक समय तक आवागमन बाधित रहा।

एसडीपीओ के आश्वासन पर शांत हुआ लोगों का गुस्सा: सूचना मिलने पर सदर एसडीओपी परिचय कुमार व नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास शुरू किया। बाद में एसडीपीओ के आश्वासन पर सड़क जाम कर रहे लोगों का गुस्सा शांत हो सका और आवागमन बहाल किया जा सका। एसडीपीओ ने कहा कि दुष्कर्म के मामले में प्राथमिक दर्ज कर ली गयी है। अनुसंधान किया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट सहित सभी साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। इस मामले को लेकर एफएसएल की टीम भी जांच के लिए बुलाई गई थी। पीड़िता को 164 का बयान कराने के लिए ले जाया जा रहा है, ताकि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास भी किया जा रहा है।

भारत रत्न आडवाणी के मार्गदर्शक हमें राष्ट्रसेवा हेतु करता है प्रेरित : डॉ. मनीष

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार प्रदेश भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने देश के पूर्व उपराष्ट्रपति सह पूर्व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' प्रदान होने पर उन्हें बधाई दी है। वही देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक लालकृष्ण आडवाणी 'भारत रत्न' प्रदान घोषणा के प्रति देशवासियों ने पीएम नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया। भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि भारत रत्न मिलने वालों की सूची में लालकृष्ण आडवाणी 50वें नंबर पर है।

जो विगत 2014 साल में सत्ता संभालने के बाद भाजपा ने आडवाणी सहित सभी सात लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। जिनमें से पांच लोगों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है। जो भारतीय राजनीति के दैदीप्यमान नक्षत्र पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को "भारत रत्न" से सम्मानित करना भारत के राष्ट्रहित में एक नया सवेरा उदय है। जिन्होंने अपने जीवनकाल के राजनैतिक क्षेत्र में गंभीरता एवं दूरदृष्टि से कई विकासपरक कार्य संपादित करते हुए देश को हिंदुत्व राष्ट्र की श्रेणी में लाते हुए सामाजिक क्षेत्रों में भी अपना अतुलनीय योगदान आज भी दें रहें है। साथ ही साथ देश में भारतीय जनता पार्टी को एक मजबूत नीव को खड़ा करने में उनके योगदान को देश के बीजेपी कार्यकर्ता कभी नही भूलेंगे। जिन्होंने भारत की अस्मिता और भारतीय चेतना को जागृत करने में अपना सम्पूर्ण जीवन को भी समर्पित कर दिया। जिनके कार्य और विचार आज भी हम सभी भारतीय को राष्ट्रसेवा हेतु प्रेरित करता हैं।

भोजपुर जिले में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। विश्व कैंसर दिवस" के रूप में मनाया जाता है। कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए 4 फरवरी,सन 2000 में कैंसर के विरुद्ध वर्ल्ड सम्मिट, पेरिस में सर्वसम्मति से 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाने की प्रथा शुरू हुई। तब से लेकर आज तक इस दिवस को पूरे विश्व में मनाया जाता है। कैंसर के विरुद्ध सारे फैसले (UICC) तय करती है और पूरे विश्व में अनुपालन किया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करना और कैंसर के प्रति लोगों को शिक्षित करना, साथ ही साथ जनता एवं सरकार के द्वारा कैंसर से बचाव, इलाज तथा अन्य पहलुओं पर गंभीरता से ठोस कदम उठाने की वचनबद्धता है। इसके मातहत भोजपुर जिले में 4 फरवरी को सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 4 फरवरी से 10 फरवरी तक सारे स्वास्थ्य संस्थानों में "निः शुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह" मनाने का आदेश निर्गत किया गया है। सभी अस्पतालों में मरीजों का कैंसर परिक्षण किया जाएगा और संदिग्ध मरीजों को राज्य के कैंसर अस्पतालों जैसे, पी.एम.सी.एच., एन.एम. सी.एच., इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, ऐम्स पटना, महावीर कैंसर संस्थान, पटना एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल, मुजफ्फरपुर में रेफर कर उचित इलाज मुहैया कराना है। सामान्य कैंसर जैसे मुंह का कैंसर, स्तन का कैंसर और सर्विक्स के कैंसर के संबंध में जिला गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा द्वारा जिला के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है। कैंसर के परिक्षण हेतु आवश्यक उपकरणों एवं केमिकल सभी स्वास्थ्य संस्थानों को मुहैया कराई गई है। इस अवसर पर डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा द्वारा जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश जारी किया गया है। शहर के मुख्य स्थानों पर बड़े बड़े होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए जागरूकता के उद्देश्य से बैनरों को मुख्य स्थानों पर स्थापित करने का निर्देश दिया गया है । सभी स्वास्थ्य संस्थानों में निः शुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह 4 फरवरी से 10 फरवरी तक चलेगा। कैंसर छुपाने से नहीं, दिखाने से ही पता चल सकता है, कैंसर शुरूआती दौर में पता चल जाये तो इलाज सस्ता भी है और सहुलियत भी है। कैंसर जानलेवा बिमारी है, लेकिन इसका वचाव के बहुत सारे तरीकें भी हैं। धुम्रपान, शराब एवं असुरक्षित सहवास से बचते रहना, कैंसर रोग से बचने का उत्तम उपाय है।

चयनित अमृत बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन का रेल अधिकारियों ने किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) अमृत रेलवे स्टेशन के लिए चयनित बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन का रविवार को रेलवे अधिकारियों ने निरीक्षण किया। रविवार को करीब 12 बजे दिन में विशेष निरीक्षी ट्रेन से रेलवे अधिकारियों का एक दल बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचा और रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने इस संबंध में उपस्थित अधिकारियों और संवेदकों को आवश्यक निर्देश दिया। इस टीम में सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन, एडीआरएम दिलीप कुमार, आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट बीडी राम आदि थे। निरीक्षण के दौरान बिक्रमगंज के स्टेशन मास्टर, आरपीएफ प्रभारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

लय का चौथा स्तंभ पंडित बिरजू महाराज का कृतित्व : सिविल सर्जन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ आर्ट एण्ड म्यूजिक की ओर से स्थानीय कलक्ट्री तालाब स्थित लोक नायक मुक्त कला मंच पर पंडित बिरजू महाराज की स्मृति में " फोर्थ लय पंडित बिरजू महाराज" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मशहूर चिकित्सक सह सिविल सर्जन भोजपुर डॉ. के. एन. सिन्हा, संगीत विदुषी डॉ. जया जैन, रंगकर्मी श्री अशोक मानव, जैन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर साहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर भोजपुर के सिविल सर्जन डॉ. के.एन. सिन्हा ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज का कृतित्व ही लय का चौथा स्तंभ है। संगीत के क्षेत्र में पूरा विश्व पंडित बिरजू महाराज से परिचित है। पंडित बिरजू महाराज के योगदान को देखते हुये भारत सरकार को भारत रत्न से विभूषित करना चाहिये। इस अवसर पर मशहूर कथक नृत्यांगना आदित्या श्रीवास्तव ने अपने समूह के साथ महाराज जी को साढ़े छः मात्रा में कई कंपोजीशन समर्पित किया। इसके पूर्व गौरी, अमृता व अंजली ने महाराज जी द्वारा रचित ठुमरी 'सांवरा गिरधर मोहे मन भायो रे' प्रस्तुत कर समां बांधा। वहीं कथक नर्तक सह बीपीएस द्वारा चयनित नवनियुक्त नृत्य अध्यापक श्री अमित कुमार व सुश्री स्नेहा पाण्डेय ने तीन ताल में उपज, ठाट, आमद, परन व तिहाई प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। आदित्या श्रीवास्तव ने साढ़े छः मात्रा में परन, नटवरी टुकड़ा, तिहाई, गोपुच्छा, अनागत के बोल व गजल " हर समां बुझने से पहले भड़कती जरूर है" पर भाव अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर चित्रकार सह शिक्षा विभाग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुकेश कुमार के नेतृत्व में चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। आस्था अंजलि, आयुषी कुमारी, तनु प्रिया, वंशिका, अंशिका कुमारी, अनिशा कुमारी, महिमा कुमारी, शुभम कुमार, दिव्यांशी कुमारी, अविनाश कुमार, वैष्णवी केसरी व अभिनव राज की अद्भुत कलाकृति देखकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। चर्चित गायिका सह शिक्षिका कावेरी मोहन व रंगकर्मी सुश्री स्वयंबरा बक्शी ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। हारमोनियम पर संगत अजीत पाण्डेय ने किया। मंच संचालन बक्शी विकास व धन्यवाद ज्ञापन आयोजन अध्यक्ष श्री अशोक मानव ने किया।

मध्याह्न भोजन के नाम पर विद्यालय के बच्चों का हुआ अंडा घोटाला

प्रखंड में एमडीएम निदेशक व के के पाठक के आदेशों की उड़ी धज्जियां

प्रात: किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के बभनौल गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन के नाम अंडा घोटाला करने का एक मामला प्रकाश में आया। ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा भीषण ठंड मौसम को लेकर सरकारी योजना के तहत पत्र संख्या 290 के आलोक में बिहार के सभी सरकारी विद्यालयों को सख्त निर्देश देते हुए प्रतिदिन मध्याह्न भोजन में विद्यालय के बच्चों में भोजन के वक्त एक अंडा देना अनिवार्य है।

दावथ प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय बभनौल में सूत्रों से मिली जानकारी तहत मध्याह्न भोजन में बच्चों की थाली से अंडा निरंतर गायब रहता है। इस संबंध में जब कुछ मीडिया की टीम विद्यालय पहुंच प्रधानाध्यापिका कुमारी रीता से पूछा गया तो उन्होंने टालमटोल करते हुए स्पष्ट जवाब नही दे सकी।

प्रतिदिन मध्याह्न भोजन से गायब रहता है अंडा : इस संबंध में जब राजकीय मध्य विद्यालय में भोजन कर रहें बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने साफ लब्जो में बताया की प्रधानाध्यापिका कुमारी रीता द्वारा कभी कभार ही भोजन में अंडा दिलाती है। जिसका शिकायत करने पर वह बच्चों को डाट फटकार तक लगाने लगती है। जबकि एमडीएम निदेशक मिथलेश मिश्रा के द्वारा ठंड के प्रकोप को देखते हुए 27 जनवरी से 17 फरवरी तक प्रत्येक दिन मेनू अनुसार बच्चों को 6 रू प्रति अंडा सहित मौसमी फल देने का आदेश भी जारी किया गया है।

बच्चों की फर्जी उपस्थिति बना होती है मध्याह्न राशि गबन : मध्याह्न भोजन के नाम पर दूसरी तरफ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी रीता सैकड़ों बच्चों की फर्जी उपस्थित दर्ज कर राशि गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में जब मीडिया ने पूछा तो उसने बताया कि वह बच्चों की उपस्थिति सूची घर पर जाकर विद्यालय के नामांकित रजिस्टर सूची में दर्ज करती है। जो सोचिए बात है की बच्चें विद्यालय में होते है और उनकी उपस्थिति सूची घर पर बनती है। जो प्रधानाध्यापिका की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए विद्यालय के सरकारी राशि गबन की तरफ इशारा कर रही है। जो अब पदाधिकारियों के बीच जांच का विषय है

क्या कहते हैं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी : इस संबंध में दावथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि इस ममालें की जानकारी मिलते ही इसकी जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिस जांच में प्रधानाध्यापिका सहित इसमें संलिप्त सभी दोषियों पर हर हाल में कार्रवाई होगी।

जल निकाय एवं धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण को लेकर किसानों में आक्रोश

पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप पर लग सकता है ताला

- मसोई गांव के किसानों ने जल निकाय एवं धार्मिक स्थलों की भूमि अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी को दिया आवेदन

प्रात: किरण संवाददाता

चांद : भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा बनाए जा रहे बेस कैंप पर ताला लटक सकता है। कंपनी ने के विरुद्ध दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर कम्पनी पर जल निकाय एवं धार्मिक स्थलों का अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है किसानों ने आवेदन में लिखा है कंपनी के द्वारा जल निकासी का अतिक्रमण करने से दर्जनों किसानों की गेंहू फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है।

किसानों ने कहा जिससे कई किसानों का आर्थिक नुक्सान हो रहा है। आवेदन में आस्थावान भक्तों को महावीर मंदिर एवं मजार पर जाना अवरूद्ध हो गया है।इसे लेकर गांव मसोई कुरूई आदि गांवों में तनाव फैला हुआ है। किसानों ने जिलाधिकारी से कारवाई करने की मांग की है। पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इसे लेकर भय बना हुआ है।

मामला प्राशसनिक झेमैल में पड़ सकता है।बेस कैंप का विरोध कर रहे किसानों ने 34 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। किसान पिछले 2 जनवरी से पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। किसानों ने भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण में भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। भारत माला परियोजना में बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण में कैमूर जिले के 93 मौजा का सैकड़ों किसानों का हजारों एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। किसानों का आरोप है भूमि अधिग्रहण में भूमि की प्रकृति निर्धारण सही नहीं हुआ है। किसानों ने कहा 2013 सर्किल रेट पर मुआवजा किसानों को देना न्यायसंगत नहीं है। किसान प्रति एकड़ एक करोड़ 28 लाख रुपए मुआवजा की मांग कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन धरना में पशुपति नाथ सिंह अमित रंजन सिंह श्याम सुन्दर सिंह अवधेश सिंह राजू भुपेंद्र सिंह पप्पू चौबे यशवंत सिन्हा अशोक कुमार आदि किसान उपस्थित थे।

भोजपुर सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ जख्मी

आरा। भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के बहरी गांव के समीप रविवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार एक अधेड़गं भीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल ले गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी स्व.मोहर्रम अली के 44 वर्षीय पुत्र शफीक अंसारी है। इधर जख्मी अधेड़ के परिजन ने बताया कि रविवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर सिकरहटा क्षेत्र के मोआप कला किसी जरूरी काम से गए थे। जब वह बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। उसी बीच बहरी गांव के समीप उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

बहुजन समाज पार्टी विधानसभा स्तरीय एकदिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर। बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में रविदास आश्रम भभुआ में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि केंद्रीय बसपा बिहार प्रभारी डॉक्टर लालजी मेंघाकर, बसपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, बसपा प्रदेश महासचिव विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने प्रशिक्षण मैं आए भागियों को कहा कि गांव की और बसपा चले। बसपा की कारवां गांव-गांव तक जाए उन्हें संगठित करके पार्टी नीतियों को बताएं। प्रशिक्षण में कहा गया कि बहुजन महानायकों के विचारधारा पर चलने वाले राष्ट्रीय पार्टी है देश का विकल्प बहुजन समाज पार्टी है बहुजन समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ता संगठित होकर ग्रामीण क्षेत्र को मजबूत करें। प्रशिक्षण में कहा गया आप कोई पदाधिकारी नहीं है, हम सभी एक कार्यकर्ता हैं कार्यकर्ता का दायित्व होता है पार्टी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे। प्रशिक्षण शिविर में अरुण कुमार राम, राम इकबाल राम, बलराम प्रसाद, बृजेश कुमार, राजवंश कुशवाहा, विपिन यादव, राजेंद्र राम, नथुनी राम, अजीत पटेल, धर्मेंद्र कुमार, नंदलाल राम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

धर्मपुरा में सार्वजनिक चबूतरे का जिप सदस्य विकास सिंह ने किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआ प्रखंड के धर्मपुरा गांव में सार्वजनिक चबूतरा का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य विकास सिंह ने किया। जिला परिषद सदस्य ने बताया कि बिहार राज्य षष्टम वित्त आयोग के तहत अपने जिला परिषद निधि से गांव में सार्वजनिक चबूतरे का निर्माण कराया है चुनाव जीतने से पहले मैंने वादा किया था कि गांव में सार्वजनिक चबूतरा का निर्माण कराऊंगा,चौतरा नहीं होने से गांव की ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी कोई भी सांस्कृतिक कार्यक्रम या बैठक करने के लिए जमीन पर या गांव से खाट और चौकी की व्यवस्था करके ग्रामीण किसी तरह बैठक या कार्यक्रम करते थे।

उन्होंने कहा कि बच्चों को सार्वजनिक जगह पर कोई भी गांव स्तर का प्रोग्राम भी करने में दिक्कत होता था।चबूतरा के निर्माण से ग्रामीणों में खुशी देखने को मिल रही है महिलाओं का सामूहिक बैठक या पुरुष को बैठक एवं छात्राओं के लिए भी चबूतरा कोई भी क्विज प्रतियोगिता समय-समय से होने वाले त्योहारों में कार्यक्रमों का आयोजन में संस्कृत कार्यक्रम करने में अब ग्रामीण सहज महसूस करेंगे। गांव के ग्रामीणों के द्वारा भव्य स्वागत करते हुए फूल मालाओं से जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल को ग्रामीणों ने खूब स्वागत किया और धन्यवाद दिया। वही मौके पर बिहारी चौरसिया, विपिन विश्वकर्मा, मीव पंचायत के सरपंच मिठाई लाल चौरसिया, बेलास चौरसिया, बालेश्वर बिंद सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआरपीएफ जवान के घर मातमपुर्सी में पहुंचे

बिक्रमगंज (रोहतास) पूर्व केंद्रीय मंत्री व रालोजद सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को सीआरपीएफ जवान के घर जाकर मातमपुर्सी किया। पूर्व मंत्री ने 30 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सुकमा में पदस्थापित सीआरपीएफ जवान रौशन सिंह की हुई मौत पर उनके घर लक्ष्मणपुर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने रौशन के पिता हरिचरण साह और उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही सीआरपीएफ जवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। परिजनों ने पूर्व मंत्री से रौशन की आत्महत्या की बात को गलत बताया और कहा कि वह ऐसा कर ही नहीं सकता। उन्होंने इसकी जांच की मांग किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि आपलोगों को संदेह है तो सीआरपीएफ के महानिदेशक को पत्र भेजिए व उसकी प्रतिलिपि उन्हें भी दीजिए जिसे मैं अपने स्तर से भी वरीय अधिकारियों को भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग करूंगा। पूर्व मंत्री के साथ कपिल कुमार, रिंकू सोनी, अनंत कुमार गुप्ता, बसंत चौधरी, अखिलेश सिंह, आदि थे।

निवर्तमान थानाध्यक्ष की हुई विदाई, नए थानाध्यक्ष संभाला पदभार

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) थाना परिसर में रविवार को निवर्तमान थानाध्यक्ष का विदाई समारोह तथा नए थानाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी सह अन्य लोगो ने भाग लिया। इस दौरान निवर्तमान थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को विदाई एवं नवपदस्थापित थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने अपना पदभार संभाला। इस दौरान निवर्तमान थानाध्यक्ष को फूल माला से सम्मानित किया। वही कई पुलिस कर्मियों ने कहा कि इन्होंने अन्य थाना प्रभारियों के लिए अपनी कार्य शैली से प्रेरणा देने का कार्य किया है। निवर्तमान थानाध्यक्ष ने लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहां के लोगों का हर कार्य में सहयोग मिल रहा था। सहयोग के बल पर ही हर कार्य को अंजाम तक पहुंचाया गया। नए थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने अपना पद ग्रहण करते हुए थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों की सभा बुलाया और कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के मुख्य उद्देश्य के साथ, शराबबंदी व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। वही विदाई समारोह के भावुक समय पर कई एसआई, पीएसआई व अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

रेडक्लिफ लैब फ्रेंचाइजी का हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) थाना क्षेत्र स्थित सिंह मेडिकल एजेंसी के बगल में रेडक्लिफ लैब के फ्रेंचाइजी का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विद्वान पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समाजसेवी गुलबिया कुंवर द्वारा फीता काटकर किया गया।साथ ही सभी आगत अतिथियों का स्वागत प्रोपराइटर अधिवक्ता पंकज राज शेखर सिंह द्वारा माला पहनकर व अंग वस्त्र देकर किया गया।इस क्रम में जानकारी देते उन्होंने बताया कि रेडक्लिफ लैब के नावानगर के शाखा में अमेरिकन टेक्नोलॉजी के तहत अनुभवी चिकित्सकों तथा कुशल लैब टेक्नीशियन द्वारा कुल 3600 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है।साथ ही फुल बॉडी चेकअप 399 से 2299 तक होगा। लैब के शुभारंभ में मुख्य रूप से मेजर डॉ गुरुबचन सिंह यादव, पूर्व सैनिक रामाशंकर सिंह, रंजीत सिंह,अशोक सिंह,सत्यनारायण सिंह,विकास सिंह कुशवाहा,अमन सिंह कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, सोमवार , 05 फरवरी, 2024

संक्षिप्त खबरें

बनारसी बाबू दीवानी मामलों के विधिवेत्ता थे

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में दिवंगत वरीय अधिवक्ता बनारसी प्रसाद का 9 वीं पुण्यतिथि मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और संचालन संदीप कुमार ने किया। सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। पूर्व जी.पी., गरीबों के हितैषी, सिविल धारा कंठस्थ रखने वाले, दर्जनों सिविल मामले के अधिवक्ताओ के आदर्श और सीनियर रहे थे। उनकी कमी आज भी व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में खलती है। इस अवसर पर उपस्थित थे। मौके पर महासचिव नागेंद्र सिंह, वरीय अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद, सरोज रंजन सिन्हा, अशोक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, यमुना प्रसाद सिंह, संजय कुमार गुप्ता, काली प्रसाद, सतीश कुमार स्नेही सहित अन्य उपस्थित थे।

पटना प्रदर्शन में भाग लेंगे खगड़िया के वरिष्ठ नागरिक

खगड़िया। राज्य में वृद्धजन, विधवा व दिव्यांग पेंशन की राशी चार सौ रुपये से बढ़ाकर दो हजार करवाने के लिए नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा आगामी 12 फरवरी को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं जेलभरो अभियान की तैयारियों को संघ की जिला इकाई की बैठक रविवार को आर्य पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी ने किया। संघ के जिला महासचिव नीलेश चौधरी ने कहा की बुजुर्गों के प्रति सरकार के उदाशीनता के खिलाफ हम राजधानी में अपना दम-खम दिखाएंगे। जिले के सैकड़ों वरिष्ठ नागरिक 11 फरवरी को पटना के लिए प्रस्थान करने के लिए तैयार है। बैठक में राज किशोर सिंह, विलास जी, भरत चौधरी, उमेश मंडल, वासुदेव प्रसाद विधाता, कमल किशोर, योगेंद्र यादव, आभा देवी, विन्दु देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के फैसले को यादव समाज भी कर रहें स्वीकार : डॉ. चन्दन यादव

गया। मुख्यमंत्री आवास 1अणे मार्ग में जनता दल यूनाइटेड, बिहार के प्रदेश सचिव सह नवादा जिला प्रभारी डॉ. चन्दन कुमार यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से भेंट कर मुख्यमंत्री के बिहार हित में लिए गए फैसले का स्वागत किया, डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गया जिले के यादवों के तरफ शॉल एवं पुष्पगुच्छ दे कर अभिनंदन किया साथ हीं समाज के भावनाओं से भी अवगत करवाया है। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया की गया के साथ हीं पूरे बिहार के यादव समाज के लोग नेता के विकासवादी सोच से प्रभावित है और वो मुख्यमंत्री में आस्था रखते है, उन्हें उचित सम्मान और भागीदारी के साथ तेजी से जनता दल यूनाइटेड से जोड़ कर दल को और मजबूत करना चाहिए।

अडवाणी को भारत रत्न देकर सर्वोच्च सम्मान को किया अपमानितः बीरेन्द्र गोप

गया। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह ओबीसी महासभा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष एड० बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने वयान जारी कर लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने पर विरोध जताते हुए कहा है कि नफरतगर्द को सर्वोच्च सम्मान देना सर्वोच्च सम्मान का अपमानित करने जैसा है। बीरेन्द्र गोप ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी ने अपने राजनीतिक जीवन काल में सिर्फ नफरत फैलाने का काम किया है। उन्होंने भारत के गंगा जमुनी तहजीब को तार-तार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है, इस स्थिति में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करना कहीं से उचित नहीं है। अगर इसी तरह नफरत फैलाने वालों को सम्मानित किया जाने लगेगा तो देश को बर्बाद होने से कोई नहीं रोकेगा। बीरेन्द्र गोप ने बिहार में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा पर चुटकी लेते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने जिस तरह फासिस्ट ताकतों के आगे जिस प्रकार घुटना टेका है वह बिहार के दलित-पिछड़ा वर्ग के लिए अच्छा साइन नहीं है। साथ ही जीतन राम मांझी को नीतीश कुमार द्वारा झुनझुना थमाये जमाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को महागठबंधन के तरफ से मुख्यमंत्री का पद ऑफर किया गया था उनके दल को महत्व विहीन मंत्रालय देकर उन्हें अपमानित करने का काम किया है। अगर साफ शब्दों में कहा जाय तो इस समय सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा मदारी के भूमिका में आ गये हैं।

सामाजिक न्याय की सिर्फ बात करते हैं सम्मान देने के समय भूल जाते : रविशंकर प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भारतीय जनता पार्टी गया लोकसभा एवं विधानसभा कोर कमिटी की बैठक गया जिला भाजपा कार्यालय में आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू एवं संचालन जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव ने किया इस बैठक को लेने के लिए पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री सह सांसद रविशंकर प्रसाद एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार उपस्थित हुए हैं इस बैठक आरंभ होने से पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 400+ का लक्ष्य रखा गया हैं उसमें से बिहार से 40की 40 लोकसभा जीतेंगे तीसरी बार देश प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी बनेंगे बिहार में नीतीश कुमार के गठबंधन पर कहा बिहार में ऐसा परिस्थिति पैदा हुआ हो गया था कि गठबंधन बिहार के हित में जरूरी था 2020 में हमलोग गठबंधन में मिलकर चुनाव लड़ें थे

पांच वर्ष के लिए जनमत मिला था लेकिन कारण वश छोड़ कर चले गए आज पुनः गठबंधन में शामिल हुए हैं भारतीय जनता पार्टी परिवार बिहार को मजबूती से चलाने का कृत्संकल्प हैं कपूर्री ठाकुर को भारतरत्न की चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की बात करते हैं सिर्फ बात करते हैं सम्मान देने के समय भूल जाते हैं आज बिहार के गुदड़ी के लाल सादगी के प्रतीक पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी को देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदीज के द्वारा भारतरत्न देकर गुदड़ी के लाल को सलाम किया भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारतरत्न देने की घोषणा का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित एवं खुशी का इजहार किया आडवाणी जी देश के उन्नति में उनका भरपूर सहयोग हैं राम मंदिर जो अयोध्या में भगवान श्री राम लला विराजमान हैं आडवाणी के नेतृत्व में ही मंदिर बनाने के लिए संकल्पित थे आज भारतरत्न देकर देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा बहुत बड़ा सम्मान दिया गया आज के बैठक को बिहार सरकार के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि 9 वर्षों में एन डी ए शासन काल में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए अमृतसर, दिल्ली, कोलकाता औधोगिक गलियारा परियोजना के अंतर्गत इंडस्ट्रियल, मैन्युफैक्चरिंग, कलस्टर, आई एफ एस सी की स्थापना हेतु 600 एकड़ जमीन बिहार सरकार की जमीन और शेष किसानों का जमीन अधिग्रहण किया गया हैं उतार कोयल परियोजना के लिए 4 हजार करोड़ रुपए भारत सरकार से स्वीकृत किया गया हैं 200 करोड़ की लागत से मगध मेडिकल मे निर्माण किया गया है शिक्षा जगत में टेकरी में केंद्रीय विश्वविद्यालय आई आई एम बोधगया में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं केंद्रीय योजना के ब्रह्मसरोवर, पिता महेश्वर, सिंगरस्थान, सीताकुंड, विषुपद में निर्माण कार्य कराया गया है बिहार में एन डी ए सरकार के द्वारा गयाजी के पावन भूमि पर गंगा जल लाया गया है जो गया वासियों को शुद्ध जल पीने का मिल रहा हैं। कार्यकताओं एवं सरकार के बीच तालमेल बनाने हेतु पूरे बिहार में प्रखंड स्तर तक तालमेल बनाया जायेगा जिससे विकास की गति में तेजी लाया जाएगा पूरे बिहार में भाजपा कार्यकताओं का मान सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा जो भाजपा का पारंपरिक सीट हैं वहां से भाजपा ही चुनाव लड़ने का प्रस्ताव केंद्रीय एवं बिहार नेतृत्व के पास प्रस्ताव रखा जाएगा। आज के बैठक में लोकसभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह, सम्फुल देवी, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, मुन्ना सिंह सहित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित हुए हैं इस बैठक में लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह शामिल हुए हैं।

जन संपर्क यात्रा के माध्यम से लोकप्रिय समता पार्टी का राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। लोकप्रिय समता पार्टी के मिशन और विजन को जनता के बीच रखने केलिए जन संपर्क यात्रा का आयोजन किया गया है जो पूरे मगध के पांचों जिला में 3 फरवरी से 7 फरवरी तक चलेगा। इसी क्रम में दूसरे दिन का जन संपर्क यात्रा पहुंचा शेरघाटी, पूरे शेरघाटी बाजार का भ्रमण किया, हजारों की संख्या में लोकप्रिय समता पार्टी के कार्यकताओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। जन संपर्क यात्रा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम नैयर अंसारी, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सह प्रदेश अध्यक्ष धीरू शर्मा सहित सैंकड़ों पदाधिकारी मौजूद थे।

वसीम नैयर अंसारी ने कहा की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य ये है की शोषित, वंचित, अंसारी, पसमांदा समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर जागरूक करना और उनके हक अधिकार, मान सम्मान की लड़ाई को मजबूती प्रदान करना है। हमारी पार्टी की पहली

प्राथमिकता अंसारी, पसमांदा, शोषित एवं वंचित समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाना है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया हो या NDA हो, राजनीतिक हिस्सेदारी के सवाल पर गठबंधन करने केलिए तैयार है, हमारी पार्टी जन संपर्क यात्रा के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी भी कर रही है, आगामी चुनाव में हमारी पार्टी भी उम्मीदवार उतारेगी। इस मौके पर शाहबुद्दीन अंसारी, गौतम चंद्रवंशी, शहरयार अंसारी, मकबूल अंसारी, फैयाज अंसारी, इंजीनियर सद्दाम हुसैन, अनवर अहमद, मुजफ्फर हुसैन, ऋषभ सिंह, मुनीर अंसारी, आमिर अंसारी, चांद अंसारी, बिधिब, कलाम अंसारी, रवि रंजन यादव, संजीत यादव इत्यादि मौजूद थे।

ज्ञान गंगा संस्थान एवं किलकारी के बच्चों द्वारा बिहारी लोकगीत किया गया प्रस्तुति

प्रात : किरण संवाददाता

गया। मगध महोत्सव पुस्तक मेला सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ विद्या और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की वंदना से हुआ और आज का दिवस शिक्षा और संस्कृति प्रबोधन को समर्पित था। पूर्वाहन सत्र में इंडियन सेंट्रल स्कूल द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें विद्यालय प्रशासन सहित वहां के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, शैक्षणिक और रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट एवं अन्य अधिकारी सहित शिक्षाविद, प्रोफेसर, आदि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के समापन के पश्चात इंडियन सेंट्रल स्कूल के डायरेक्टर विनोद कुमार सर द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित एवं सम्मानित किया गया है।

आज मगध मेधा कंपटीशन के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में रंगोली प्रतियोगिता और महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में एक्टेंपोर और इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कई विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। संध्याकालीन कार्यक्रम में ज्ञान गंगा संस्थान एवं किलकारी के

बच्चों द्वारा बिहारी लोकगीत जट जटीन और नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई है। इसी सत्र में दया प्रकाश सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मक प्रस्तुति की गई है। छुट्टी का दिन होने के कारण आज पुस्तक मेला में भारी भीड़ देखी गई जिसमें युवा बच्चे बूढ़े सभी उम्र के लोग शामिल थे। खास बात यह देखने को मिली कि बच्चे खाने पीने की स्टॉल से ज्यादा पुस्तकों और अन्य रचनात्मक स्टालों पर ज्यादा समय बिता रहे थे। ज्ञात तो किया पुस्तक मेला दिनांक 6 फरवरी तक चलेगा जिसमें देशभर से आए विभिन्न प्रकाशकों की ओर से विभिन्न विषयों आधारित पुस्तकों पर विशेष छूट भी दी जा रही है। संध्याकालीन सत्र में मगही भाषा आधारित विशेष कार्यक्रम 'हम गांव के लोग रे बाबू' आयोजित हुआ जिसमें ख्याति प्राप्त युवा लेखक प्रभात बांधुल्य डॉ० शिवेक कुमार, भाषा अनुसंधान केंद्र नई दिल्ली, श्री प्रसन्नाजीत चक्रवर्ती, वरीय पत्रकार सहित यूट्यूब के प्रसिद्ध कलाकार केशव कुमार, जो 'सब लूल है' के नाम से मशहूर हैं, उपस्थित थे। भाषा विशेष कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने भाषा प्रसार के लिए व्यवहार में लाने की जरूरत पर अपने विचार दिए हैं। बांधुल्य ने कहा कि अगर हम ही अपनी भाषा का सम्मान नहीं करेंगे तो दूसरे लोग से सम्मान की अभिलाषा भी ना रखें।

इसी सत्र में ही तामीर फाउंडेशन के छोटे छोटे बच्चों द्वारा सर्वधर्म समभाव और विश्व शांति के लिए मंच से प्रस्तुति दी गई जिसका नेतृत्व बच्चों ने ही किया है। रात्रि कालीन सत्र में कलामंच नौबतपुर पटना की टीम द्वारा प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक "अल्ग्योझा" का मंचन किया गया जिसका निर्देशन सोनू कुमार और संयोजन श्री चंदन कुमार कर रहे थे। नाटक को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे जिन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि की मगही भाषा के इस ऐतिहासिक नाटक का आनंद उठाया है।

समापन सत्र में लाइंस क्लब गया द्वारा मधुमेह रोग के निवारण हेतु जागरूकता विषय आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल हॉस्पिटल के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिन्हा, डॉ विजय कुमार करण, डॉ० मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ० आर० आर० वर्मा, डॉ० डी० के० सहाय सहित कई अन्य वरीय चिकित्सक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वरीय चिकित्सकों द्वारा मधुमेह की बढ़ती समस्या पर प्रकाश डालते हुए इसके नियंत्रण के संदर्भ में जन समुदाय को जागरुक भी किया है। आज के कार्यक्रम में सक्रिय रूप से वंदे मातरम युवा मिशन के स्वयंसेवकों ने अपनी सेवाएं दी और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में अपना सहयोग भी दिया है। इस मंच संचालन का कार्य पुरुषोत्तम कुमार एवं खुशी तिवारी ने संयुक्त रूप से किया है।

आदिवासी समाज को संविधान में विशेष दर्जा प्राप्त : स्नेह लता

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के बैनर तले ग्राम सिहुडी, बेल, ओबरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। आदिवासीयो के अधिकारो का सरंक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाओं से सम्बंधित नाल्सा योजना 2015 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता स्नेह लता ने किया और संचालन पारा विधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार ने किया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि

वक्ताओं ने बताया कि संविधान में आदिवासियों को विशेष दर्जा प्राप्त है। आजादी के बाद उनके स्वास्थ्य और साक्षरता पर विशेष ध्यान दिया गया और उनके अधिकारों के रक्षात्मक बहुत से कार्यक्रम चलाए गए हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी सुधार हुआ है। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

रोटरी गया सिटी एवं जे.बी राय मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की एक नई पहल

प्रात : किरण संवाददाता

गया। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब व असहाय लोगों के लिए रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। राजगीर के वीरायतन नेत्र अस्पताल में लगाये गये इस शिविर में गया शहर के विभिन्न विभाग के 15 से अधिक डॉक्टर सेवा देने पहुंचे। रोटरी गया सिटी, जे.बी राय मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, इनरव्हील

क्लब ऑफ गया व इनरव्हील क्लब ऑफ गया सिटी के सहयोग से लगाये गये इस कैंप में 250 से अधिक लोगों का निःशुल्क इलाज किया गया। इस दौरान आये हुये मरीजों का डॉक्टरो द्वारा इलाज के बाद निःशुल्क जांच कर उन्हे दवा भी दिया गया। सभी प्रकार की दवा जे.बी राय मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दिया गया। डा. ए. एन राय के नेतृत्व में लगाये गये इस कैंप में शहर के स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, जेनरल फिजिशियन, सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, इएनटी विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ सहित अलग- अलग विभाग के चिकित्सको ने बच्चे व महिलायों के अलावे बुजूर्गो का भी इलाज किया। इस शिविर में डा. मृत्युंजय कुमार, डा. नीरज कुमार, डा. टी. शर्मा, डा. ऋषिकेश, डा. रतन कुमार, डा. अमिता सिन्हा, डा. मंजू सिन्हा, डा. अजय, डा. अजय के अलावे रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष विजय भलोटिया व कोषाध्यक्ष पुनित खेतान ने सहयोग किया। वहीं ग्रामीणों ने इस तरह के कैंप अगली बार भी लगाने का अनुरोध किया।

छठू सिंह का शैक्षणिक कार्यकाल स्वर्णिम

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनपुरा के शिक्षक छठू सिंह के सेवा निवृत्ति के बाद एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता शिक्षक संघ के सक्रिय सदस्य मृत्युंजय कुमार सिंह तथा संचालन योगेंद्र दुबे एवं मंकू सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू बाबू, बारुण प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्नालाल प्रखंड प्रमुख धनिकलाल मंडल, समाजसेवी एवं शिक्षक संघ के सक्रिय नेता राम प्रसाद सिंह, बारुण के पूर्व थाना प्रभारी अनिल दुबे, शिक्षक नेता संतोष कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह, अशोक पाण्डेय, सासाराम के शिक्षक नेता बबलू सिंह, बीआरपी रेवती रमन शर्मा, सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम की शुरूआत की। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं।

पुस्तक लोकर्पण सह कवि समेल्लन का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के एसएमएसजी कॉलेज के सेमिनार हॉल में रविवार को राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के बैनर तले पुस्तक लोकार्पण सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। औरंगाबाद, गया व स्थानीय साहित्यकारों ने द्वीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया।

शेरघाटी निवासी अजय कुमार वैध द्वारा रचित काव्य संग्रह "अध्यात्म और विज्ञान" पुस्तक का शब्दाक्षर के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, जहानाबाद जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन, प्रसिद्ध साहित्यकार विजय कुमार दत्त, अंजुमन तरक्की उर्दू बिहार शाखा शेरघाटी के उपाध्यक्ष इमरान अली, सचिव मो अली और धनंजय जयपुरी आदि ने संयुक्त रूप से पुस्तक

का लोकार्पण किया। इसके बाद लेखक को बधाई देते हुए किताब पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे और पुस्तक की प्रशंसा की। इसके बाद कवि सम्मेलन का आगाज हुआ जिसमें कवि संजय कुमार मिश्र अणु, कुमार सानू, धनंजय जयपुरी, विजय कुमार दत्त, अमृत अग्रवाल, प्रवेश कुमार, नागेंद्र केसरी, अनिल अनल और हिमांशु चक्रपानी आदि ने हिन्दी, मगही और उर्दू में अपनी अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का दिल मोह लिया। कवि सम्मेलन के मंच का संचालन विनय मामूली बुद्धि ने किया। इस अवसर पर शेखर चौरसिया, रामानुग्रह पाठक, सालनी कुमारी, रंजीत कुमार, मोनू वर्णवाल, सम्पी, गोलू कुमार वर्णवाल, अमित पाठक, विकास कुमार सिंह, शाहिद अंसारी, राजेश कुमार सिंह, मनोज सिंह, सय्यद एहतेशाम और संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

बिहार प्रदेश आईरा महासचिव नीरव समदर्शी बने भारत-मॉरिशस मैत्री संघ के कार्य समिति सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश आईरा महासचिव नीरव समदर्शी को भारत-मॉरिशस मैत्री संघ के कार्य - समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त तबला वादक व दूरदर्शन के निदेशक (का. प्रमुख) डा. राज कुमार नाहर को भारत-मॉरिशस मैत्री संघ के उपाध्यक्ष बनाया गया है। ध्यातव्य है कि बिहार प्रदेश आईरा महासचिव नीरव समदर्शी दैनिक समाचार पत्र "मालंच नई सुबह" के सम्पादक भी है। पत्रकार को कार्य-समिति सदस्य बनाए जाने पर बिहार के पत्रकारों, साहित्यकारों और कलाकारों में खुशी है। नीरव समदर्शी को कार्य-समिति सदस्य बनाए जाने पर पत्रकार एवं शिक्षाविद डा.ध्रुव कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान के साथ ही एक दूसरे की सभ्यता से परिचित होने का अवसर मिलेगा। डा. नाहर खुद उच्च कोटि के कलाकार हैं... बिहार के कलाकारों को अवसर देने में इनकी महती भूमिका रहेगी। बता दें कि भारत-मैरिशस मैत्री संघ के निर्वाचित अध्यक्ष अनिल सुलभ ने अपनी 35 सदस्यीय कार्यसमिति अधिसूचित की है। नई कार्यसमिति में 6 उपाध्यक्ष, एक प्रधान सचिव 6 महासचिव एवं 6 सचिव बनाए गए हैं।

जीकेसी सेवा-मानवाधिकार प्रकोष्ठ ने अदालतगंज में किया कंबल का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के वार्षिकोत्सव के चतुर्थ एवं अंतिम दिन सेवा एवं मानवाधिकार प्रकोष्ठ की ओर से अदालतगंज, आई लव पार्क वीरचंद पटेल पथ में 50 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता जीकेसी सेवा-मानवाधिकार प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय प्रभारी सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. नम्रता आनंद ने की। इस अवसर पर ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि निर्धन, बेसहारे अथवा दिव्यांगों की सहायता जीकेसी का संकल्प है। लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए हम हर संभव कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह नेक प्रयास हम सभी को करना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन

ने कहा कि जीकेसी के सभी सदस्य हर पल गरीब जरूरतमंद की मदद के लिए निःस्वार्थ भाव से खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि असहाय परिवार जो ठंड में गर्म कपड़े के लिए परेशान हैं उनको चिह्नित कर मदद करने की आवश्यकता है। जीकेसी के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने समाज के जरूरतमंदों की जरूरतों को पूरा करने का लगातार प्रयास किया है। डा. नम्रता आनंद ने कहा कि जीकेसी जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिये तत्पर है। हर सामर्थ्यवान लेगों को इस दिशा में आगे आने की जरूरत है। यदि अन्य लोग मानवता की सेवा के लिए आगे आए तो गरीबों का दुख कम होगा। गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। आपकी छोटी सी एक पहल से जरूरतमंद लोगों को खुशी दे सकती है। हम सभी लोगो का प्रयास रहेगा कि हम निरंतर जरूरमंद लोगो की मदद करें। कंबल वितरण कार्यक्रम में जीकेसी प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक अभिषेक, कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार, राष्ट्रीय सचिव दीप श्रेष्ठ, प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीलेश रंजन, संगठन मंत्री बलराम जी, रवि सहाय, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि सिन्हा, ऋषि राज, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश महान, अतुल श्रीवास्तव, रंजीता कुमारी, अजय अम्बष्ठ, राणेश, विधि सेल के प्रदेश अध्यक्ष प्रियदर्शी हर्षवर्धन, सुमित, कोमल समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय ने सहकारिता मंत्री को हार्दिक बधाई दी

गया। बिहार सरकार में डॉ.प्रेम कुमार को सहकारिता, पर्यावरण एंव पर्यटन मंत्री बनाए जाने पर शिक्षाविद और आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय कुमार ने मंत्री से मिलकर हार्दिक बधाई दी एवम पुष्प गुच्छ भेट किया है। इस मौके पर आर. जी एन. पब्लिक स्कूल के उप निदेशक ई. संजीव कुमार ने भी डॉ.प्रेम कुमार को हार्दिक बधाई दी और कहा कि बिहार कि जनता अब सुकून महसूस कर रही हैं। बिहार कि जनता को अब डबल इंजन की सरकार से हर क्षेत्र में विकास की रफ्तार डबल देखने को मिलेगा। गरीब, किसानों, मजदूरों और समाज के शोषित-वंचित तबके को सबसे ज्यादा लाभ पहुंचेगा एवं गरीब कल्याण की योजनाएं तेजी से जमीन पर उतरेगी। मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार उज्ज्वल बिहार एवं भ्रष्टाचार मुक्त बिहार बनाएगी।

स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के 93वां जन्मोत्सव सह आध्यात्मिक उत्सव का हुआ समापन : जितेन्द्र

प्रात : किरण संवाददाता

पटना (सारण), फरवरी से आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। यह आयोजन ज्योतिर्मय ट्रस्ट पटना तथा उनके जन्म स्थान श्री डुमरी बुजुर्ग, सोनपुर, सारण स्थित स्वामी ज्योतिर्मयानंद आश्रम में मनाया गया। इस कार्यक्रम में योग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई तथा इससे होने वाले लाभ के बारे में लोगों को बताया गया। आश्रम विधान के अनुसार वैदिक रीति से गुरु जी का पूजा - पाठ संपन्न किया गया तथा आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से मानव जीवन में आने वाली समस्या व उसका निराकरण कर अपने जीवन को आध्यात्मिक रूप से सबल और सक्षम बनाने के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञातव्य है कि 3 फरवरी 1931 को अवतरित स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती का नाम बाल्य काल में सुरेश था तथा वह पटना साइंस कॉलेज के विद्यार्थी थे। उसी

समय स्वामी शिवानंद सरस्वती के प्रवचन से प्रभावित होकर संन्यास ग्रहण कर आध्यात्मिक मार्ग के लिए दृढ़ सकल्पित हो गए तथा अपने गुरु के अनुमति से अपना आश्रम " योग रिसर्च फाउंडेशन " मियामी, फ्लोरिडा, अमेरिका में साठ के दशक में स्थापित किए तथा उन्हा से करीब सौ देशों में भारतीय योग एवं वेदांत का प्रचार प्रसार किए हैं। स्वामी जी के गुरु भाई स्वामी सत्यानंद सरस्वती बिहार योग विद्यालय की स्थापना कर भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में भारतीय योग दर्शन का परचम लहराए है। महर्षि पतंजलि द्वारा निर्देशित योग दर्शन की आध्यात्मिक भावना व चेतना को जागृत रखते हुए पूरे विश्व में स्वामी शिवानंद सरस्वती जी के दोनों शिष्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती एवं स्वामी सत्यानंद सरस्वती की भूमिका ईश्वरी व दिव्य है। स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी के निदेर्शानुसार ज्योतिर्मय ट्रस्ट की स्थापना वर्ष 2014 श्री विमल कुमार एवं उनके सहयोगी अवधेश झा, अधिवक्ता मनोज कुमार, निशांत कुमार, श्रीमती रेणु कुमार आदि के द्वारा पटना में हुई तथा इसे योग रिसर्च फाउंडेशन, मियामी, फ्लोरिडा, अमेरिका की अधिकृत इकाई की मान्यता प्रदान की गई। इसका मुख्य उद्देश्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी द्वारा स्थापित किए गए अध्यात्मिक उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाना है। स्वामी जी अभी तक सत्तर से ज्यादा पुस्तक योग एवं अध्यात्म पर लिख चुके है जो कि मानव कल्याण के लिए लाभप्रद है। योग एवं आध्यात्मिक उत्थान केन्द्र के रूप में स्थित स्वामी ज्योतिर्मयानंद आश्रम सारण में वर्ष 2018 में " ज्योतिर्मय संस्कार शाला " का शुभारंभ किया गया जिसमें आस पास के गांव एवं मुहल्लों के बच्चों को शिक्षा व संस्कार दी जाती है। साथ ही ज्योतिर्मय इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ भी इस वर्ष दूरगामी शिक्षा योजना के तहत की गई। पटना एवं सारण की धरती पर होने वाली इस आयोजन में कई गण्यमान लोगों के साथ साथ आस पास गांव के लोग भी उपस्थित हुए। आयोजन एवं ट्रस्ट सचिव विमल कुमार, ट्रस्ट्री सह अन्तर्राष्ट्रीय योग समन्वयक एवं प्रशिक्षक अवधेश झा, अरविन्द कुमार, श्याम कुमार, मनोज कुमार, रेणु कुमार, निशांत कुमार, माला, रजनीश योगी, के. एन. सिन्हा, डॉ सतीश कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में नारयण देवी दुर्गा देवी संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालय, भूपट्टी, बाबूबरही, मधुवनी में 01 प्रधानाध्यापक एवं 5 सहायक शिक्षक को आवश्यकता है। 1 प्रधानाध्यापक, कोटि EBC (F), 1 सहायक शिक्षक, कोटि-EWS, योग्यता-उपशास्त्री । इंटरमीडिएट, 04 सहायक शिक्षक, कोटि-EBC, UR(F), SC & R(F), योग्यता-मध्यमा मैट्रिक का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

(2) उम्र सीमा : आवेदन प्राप्ति को ऑतम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगें अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(5) अंतववीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए, यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(6) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों की सेवा शर्त्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

सचिव
नारयण देवी दुर्गा देवी संस्कृत प्राथमिक -सह- मध्य विद्यालय
भूपट्टी, बाबूबरही, मधुबनी

संक्षिप्त खबरें

सोए अवस्था में युवक को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली

नवगछिया (भागलपुर)। घोघा थाना परिक्षेत्र अंतर्गत पन्नुचक गांव इलाके में सोए अवस्था में एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिये जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद युवक को गंभीर हालत में त्वरित इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लेजाया गया। जहां चिकित्सकों के इलाजोउपरांत उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। जहां चिकित्सकों के मुताबिक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अपराधियों ने विगत देर रात उसके कनपट्टी में गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया है लेकिन घटना में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया है गोली उसके सिर के पास कनपट्टी में गोली फंसी हुई हैं जिससे वह गम्भीर है। घायल युवक की पहचान खरीक प्रखंड के राघोपुर निवासी बिसो मंडल के पुत्र राजू मंडल 30 वर्ष के रूप में बताया जा रहा है। वही घायल राजू मंडल अपने रोजी रोटी को लेकर घोघा के पन्नूचक स्थित बालाजी ईट भट्ठा पर अपने ट्रेक्टर से मिट्टी ढुलाई का काम करता था। जहां विगत दिनों आधी रात को योजनाबद्ध तरीके से अज्ञात अपराधियों ने सोए अवस्था में उसे गोली मारकर घायल कर दिया है। वही घटना को लेकर उसके सहयोगी ग्रामीणों के मुताबिक रात में ही गंभीर अवस्था में उसे मायागंज अस्पताल त्वरित इलाज के लिए लेजाया गया था। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक गोली कनपट्टी में फंसा हुआ था, जिसे ऑपरेशन कर गोली बाहर निकाल दिया गया है, लेकिन घायल राजू का अभी भी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वही अभी तक उसे होश नहीं आया है। राजू मंडल के परिवार में उसकी पत्नी के साथ एक पुत्री दो पुत्र है। घटना के बाद राजू मंडल की पत्नी काफी सदमे में चल रही हैं। वही उसके बार-बार बेहोश होने की बात बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक गोली किसने मारा, क्यू मारा? अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। वही दूसरी तरफ घटना को लेकर राघोपुर सरपंच प्रमोद मंडल का कहना है कि राजू राघोपुर गांव में बहुत सज्जन लड़का है, उसे कभी किसी से कोई विवाद नहीं हुआ है। वही स्थानीय पुलिस प्रशासन से उसके साथ घटित घटना को लेकर पीड़ित परिवार को अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ न्याय दिलाने की बात कही है।

अनुमंडलीय अस्पताल व्यवस्था का लिया जायजा : विधायक

निरीक्षण के क्रम में मरीजों के इलाज व्यवस्था में पाई कई तरह की कमियां

प्रात : किरण, संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। राजनीति सरगर्मी के बीच नवगछिया परिक्षेत्र इलाके में राजनीतिक दलों के लोगों का ग्रामीण के बीच अपना अपना दाव पेत्रा आजमाईश का दौर जारी है। इसी कड़ी में मीडिया की सुर्खियों में बने रहने वाले जदयू के बड़बोले नेता सह गोपालपुर विधानसभा के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने अपने समर्थकों के साथ नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर आम लोगों के इलाज व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधन के कार्य गतिविधियों का जायजा लेने के साथ अस्पताल के दवाई व्यवस्था के अलावा साफ सफाई व मरीजों के रख रखाव का निरीक्षण किया है। वही उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल प्रांगण में सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं के बीच व्याप्त खामियों को लेकर उन्होंने अस्पताल प्रशासन को जमकर फटकार लगाते हुए व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बात कही है। वही उन्होंने अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली दवाइयों की कमी को देखते हुए कहा है कि जल्द से जल्द सारी दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध कराये जिससे कि मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो सकें। वही उन्होंने ओपीडी का भी जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद मरीजों से भी बात की। वही अस्पताल प्रांगण में लचर व्यवस्था देख अस्पताल प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल की सभी तरह की व्यवस्थाएं दुरुस्त हो अन्यथा मरीजों को कोई परेशानी हुई तो हमें सुधार करवाना आता है। वही उन्होंने कहा कि अस्पताल में ही सारी दवाइयां उपलब्ध हो और ससमय पर मरीजों को फल और अंडा देने के लिए भी निर्देशित किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर व्यवस्था में कमी रही तो अस्पताल प्रशासन के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल के साथ जदयू जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती, जदयू जिला मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी कुमार मिलन सागर, अजीत कुमार पटेल, पीए मुन्ना जायसवाल, दिलीप कुमार मंडल के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे थे।

केंद्रीय अंतरिम बजट से मुंगेर वासियों को मिला निराश : प्रो. विनय कुमार सुमन

प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर। शहीद स्मारक भवन किला क्षेत्र परिसर पर प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर की एक अति आवश्यक बैठक मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन मोर्चा के सह संयोजक मोहम्मद शकील अहमद ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि इस बार के केंद्रीय अंतरिम बजट से हम मुंगेर वासी काफी आस लगाए बैठे थे कि इस बार के बजट में जमालपुर कारखाना विकास के लिए बजट में जरूर अलग से वित्त की व्यवस्था की जाएगी पर हमें निराशा हाथ लगी। वरिष्ठ नेता नरेश सिंह यादव ने कहा कि इस बार के बजट में ना ही जमालपुर रेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए वित्त की व्यवस्था की गई और ना ही हमारी पुरानी मांग जमालपुर रेल कारखाना का विकास, जमालपुर रेल अस्पताल को सुपर हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने , और न ही डीआरएम ऑफिस की स्थापना जमालपुर में हो सका है, इसकी चर्चा की गई। पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा बरियारपुर मननपुर, सुल्तानगंज तारापुर कटोरिया रेल लाइन का जो शिलान्यास किया गया था उसकी भी चर्चा नहीं की गई। मोर्चा के सदस्य अशोक चौधरी ने कहा कि प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा को नोवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा दिलाने एवं नोवागढ़ी उच्च विद्यालय स्थित खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण के लिए भी संघर्ष करना चाहिए क्योंकि स्थानीय लोगों द्वारा खेल मैदान का अतिक्रमण किया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए मोहम्मद आसिफ वसीम ने कहा मुंगेर प्रमंडल में एम्स की स्थापना जो हमारी पुरानी मांग है उसे पर भी हमें विचार करना चाहिए। रेल बचाओ जमालपुर बचाओ मोर्चा के संयोजक अशोक कुमार मंडल जमालपुर रेल कारखाना से संबंधित मांगों को लेकर जमालपुर में हम शीघ्र चरण वध आंदोलन करेंगे। अशोक रजक ने मुंगेर होम्योपैथिक कॉलेज में नामांकन की प्रक्रिया जो बंद है उसे पुनः चालू करने के लिए संघर्ष की बात कही। बैठक को संजय सिंह यादव, चंद्रशेखर चौधरी, राजकुमार मंडल, नवल किशोर यादव, मोहम्मद कौसर फैयाज, डॉ शशि आनंद अलबेला, राकेश कुशवाहा उर्फ राजा, मोहम्मद शकील, प्रकाश चंद्र यादव, शैलेंद्र शर्मा, सरवन यादव, समीर कुमार रंजन, मोहम्मद राजू, प्रिंस कुमार, छोटू कुमार ने भी संबोधित किया। बैठक के अंत में पूर्व सांसद स्वर्गीय ब्रह्मानंद मंडल के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम की तैयारी को ले राजद कार्यकर्ताओं की हुई बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज के खादी ग्रामोद्योग के प्रांगण में राजद युवा प्रखण्ड अध्यक्ष मो. इजराइल की अध्यक्षता में एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम ने करते हुए कहा कि सोमवार पांच फरवरी के दिन को 17 साल बनाम 17 माह में पुर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के द्वारा हजारों हजार बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़कर सरकार की योजनाओं का लाभ दिया गया है। उसके द्वारा किये गये कार्य उपलब्धि के बारे में आम लोगों के बीच पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर एक विशाल जुलुस का आयोजन किया जाएगा, जो बड़ी संख्या राजद कार्यकताओं व उनके समर्थकों की भारी संख्या में जुलुस में शामिल होकर भागलपुर स्टेशन डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक से निकल कर घंटाघर चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेगी। जहां पार्टी कार्यकताओं द्वारा डीएम को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौपा जाएगा। इस मौके पर राजद प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव, राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम, जिला सचिव बासुकी यादव उर्फ बसंत यादव, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद यादव, मेनाज खान, अमर राज उर्फ धर्मवीर, नयागांव पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार यादव, संगठन महासचिव मनोज कुमार पासवान, अनिल यादव, समीम, सहित इत्यादि राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिहपुर सर्किल कार्यभार इंस्पेक्टर आलोक ने संभाली कमान

प्रात : किरण, संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। राजनीति परिवर्तन के साथ साथ बिहार के कई जिलों में अधिकारियों व पदाधिकारियों का बड़े पैमाने पर फेर बदल का सिलसिला लगातार जारी है। वही जिला मुख्यालय में भी इसकी गतिविधियों का अच्छा खासा असर पड़ता नजर आ रहा है। वही नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में विगत दिनों पुलिस महकमे में भारी मात्रा में थाना स्तर पर नियुक्त पुलिस पदाधिकारी व जवानों का भी जिला फेर बदल का दौर जारी है। इसी कड़ी में बिहपुर थाना के थानाध्यक्ष राजेश रंजन और झंड़ापुर थाना के थानाध्यक्ष अजीत कुमार के स्थानांतरण के बाद बिहपुर के नये थानाध्यक्ष के रूप में राहुल कुमार ठाकुर और झंड़ापुर थाना के थानाध्यक्ष मधुसूदन पासवान ने अपना योगदान दे दिया है। वही बिहपुर सर्किल के नए सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में इंस्पेक्टर आलोक कुमार ने भी अपना योगदान देने के साथ ही कार्यभार संभालने के बाद थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी तरह का अपराध क्षेत्र इलाकों में घटित होने पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वही इलाके में नशे के कारोबार में संलिप्त शराब व शराब कारोबारियों पर नकेल कसी जाएगी। वही क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों सहित अपराधियों पर भी कड़ी कार्यवाई की जाएगी। जिससे इलाके में अमन चैन स्थापित करने हेतू हरसंभव प्रयास जारी रहेगा। वही उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे कोई भी हो बख्शे नहीं जायेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन करने के साथ साथ दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने व कम रफ्तार में वाहन चलाने की अपील करते हुए कहा है कि ग्रामीण अपने नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने दे जिससे आपको दंडित के पात्र बनेंगे। वही क्षेत्र इलाके में मुख्य सड़क मार्ग पर सड़क हादसों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ साथ वाहन जांच की कार्रवाई लगातार जारी है।

गांव चलो अभियान कार्यशाला हुई सम्पन्न

- मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाकर भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है

प्रात : किरण, संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर मंडल परिक्षेत्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रभु नंदन चौधरी की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला का आगाज वंदे मातरम् से किया गया इस दौरान बिहपुर मंडल के तेरह शक्ति केंद्रों के विभिन्न गांवों में 24 प्रवासी कार्यकर्ता को नियुक्त किया गया है। कार्यशाला के क्रम में बात रखते हुए भाजपा मुख्य प्रवक्ता सह इस कार्यक्रम के मंडल संयोजक प्रो. गौतम कुमार ने कहा कि प्रत्येक प्रवासी बंधुओं को चौबीस घंटे गांव में प्रवास करना है। मोदीजी द्वारा किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं को बताना, अपने विचार गांव के हर एक परिवार के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा भेंट किया जाना है। धार्मिक स्थलों का दर्शन को लेकर उन्होंने कहा की 2024 में मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री बनाकर भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। वही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस कार्यक्रम में वासुदेव कुशवाहा, सुधीर यादव, डॉ. दिलीप मंडल, शंभू नाथ मिश्रा, जिला महामंत्री अभय राय, चंद्रकांत चौधरी, मंटू मंडल, पाठक बाबा, संजय राय, परमानंद राय, लाल मोहन मंडल, दिलीप चौधरी, रामदेव पासवान, विधानसभा विस्तारक रजनीश सम्राट सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता व नेता शामिल थे।

बैट्री चालित ट्राई साइकिल का डीएम ने क्या वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा शनिवार को राजकीय मूक-बधिर आवासीय विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना अंतर्गत संचालित सम्बल योजना के तहत विशेष श्रेणी के 60 चलंत दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा-सह-दिव्यांगजन, मुंगेर भुवन कुमार, जिला प्रबंधक, बुनियाद केंद्र अलंकार कुमार, लेखापाल नितेश कुमार, टीएसई धीरज कुमार, कुमार गौरव, अजय कुमार झा, कुन्दन कुमार, पवन कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों के हितार्थ संचालित यह योजना दिव्यांगजनों को स्व-रोजगार एवं शिक्षण कार्यों में सहयोग प्रदान करने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इस योजना के लाभुक दिव्यांग छात्र-छात्राओं तथा रोजगारपरक व्यक्तियों को क्रमशः शिक्षण कार्यों एवं रोजगार के लिए संबंधित स्थलों तक आने-जाने में काफी सहूलियत होती है। उन्होंने बताया कि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, जिले में अब तक 329 दिव्यांगजनों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 320 पात्र दिव्यांगजनों को उपलब्धता के अनुरूप निःशुल्क बैट्री चालित ट्राई-साईकिल उपलब्ध कराया गया है। शेष लाभुकों को भी शीघ्र ही बैट्री चालित ट्राई-साईकिल उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने पात्र दिव्यांगजनों से अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिला है तो वे निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

बिहार की युवाओं के साथ हुआ धोखा : पुर्व जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण, संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। युवा राजद के पुर्व जिलाध्यक्ष कान्तेश कुमार उर्फ टीनू यादव ने नीतीश कुमार को एक बार पुनः एनडीए के साथ सरकार बनाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के आम आवाम के साथ ही नहीं लाखों बेरोजगार युवाओं के उम्मीद पर पानी फेर दिया है, युवाओं के साथ छल कर उन्होंने भोली भाली जनता को धोका दिया है। आने वाले चुनावों में बिहार की जनता उनसे जरुर हिसाब लेगी और अपने बंद मुठी की ताकत दिखाने का काम करेंगी। मुख्यमंत्री नीतीश अपने दोहरी नीति के कारण पलटीमार मुख्यमंत्री बनकर रह गये है। इसके इस तरह के रणनीति के कारण बिहार विकास में हमेशा अवरोध उतपन्न होता रहा है। बिहार विकास को लेकर राष्ट्रीय जनता दल व महागठबंधन सरकार के द्वारा बिहारवासियों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही थी, जिससे लाखों लाख बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी व रोजगार के लिए महागठबंधन सरकार हमेशा सकारात्मक कार्य करती रही है और आगे भी जारी रखेंगी। इस कार्य गतिविधियों के कारण जेडीयू के अंदर बौखलाहट उत्पन्न हो रही थी और अब बिहार के युवाओं का एकमात्र विकल्प तेजस्वी यादव है, जो युवाओं की आवाज बुलंद करने के साथ सपनों को पूरा करने में हर मुमकिन प्रयास व संघर्ष जारी रखेंगे।

क्रियान्वयन योजनाओं को ले वर्तमान स्थिति पर हुई समीक्षा : डीएम

- सभी अनुमंडल पदाधिकारी व सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर भूमि विवाद संबंधी मामलों के यथोचित निवारण हेतु निर्देशित किया

प्रात : किरण संवादाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय स्तर पर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की साथ ही जिलाधिकारी ने पूर्व बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन किये जाने को लेकर उपस्थित विभागवार पदाधिकारी से विस्तृत चर्चा करते हुए समीक्षा की गई। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को सुचारू क्रियान्वयन एवं कार्य संस्कृति में और सुधार के संदर्भ में निर्देशित सभी कार्यालयों से अवगत कराया गया है। वही जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य संस्कृति में और बेहतरी हेतु यह आवश्यक है कि सभी पदाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यालय में अपने निर्धारित दायित्वों का सम्यक निर्वहन करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित दायित्वों को जारी निदेशों के अनुपालन में शिथिलता को अत्यंत गंभीरता से लिया जाय। अन्यथा संबंधित कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध विभागीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वही उन्होंने कार्य संस्कृति में और उत्कृष्टता के उद्देश्य से सभी कार्यालय को यह निर्देशित किया है कि पत्राचार क्रम उत्तर हेतु निश्चित तिथि का वर्णन किया जाय। जिससे सभी कार्यालयों को अनुशासित वातावरण में पूर्ण समर्पन भाव से निर्धारित सभी कार्यों को निष्पादित करने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया है। इसी दौरान न्यायालय संबंधी वादों हेतु अविलम्ब एसओएफ दायर करने एवं मानव अधिकार से संबंधित मामलों के अविलम्ब निवारण हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। सभी अनमंडल पदाधिकारी व सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता आधार पर भूमि विवाद संबंधी मामलों के यथोचित निवारण हेतु निर्देशित किया है। वही निलाम पत्र समीक्षा के क्रम में सभी कार्यालयों को 15 बड़े बकायोदारों से संबंधित सूची बनाने एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। वही जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन माफिया के जांच निगरानी हेतू चेक पोस्ट बनाने हेतु प्रस्ताव भेजने का भी निर्देश जारी कर दिया गया है। वही डीपीएम जीविका को महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र से समन्वय स्थापित करते हुए रोजगार की संभावना विषय पर कार्ययोजना बनाकर अविलम्ब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, साथ ही जिलाधिकारी ने जिला उद्यान कार्यालय को स्थानीय स्तर पर फूलों की खेती एवं इसकी बाजार में बिक्री हेतु संभावना पर कार्य करने का भी निर्देश दिया है। वही विधुत आपूर्ति प्रमंडल को सुचारू यातायात प्रबंधन को जाम की समस्या से निपटने हेतु पोल आवश्यकतानुसार पोल, खम्बे को शिफ्टिंग कार्य अविलम्ब निष्पादित करने एवं विधुत तारों के यथोचित संधारण हेतु अन्डरग्राउन्ड वायरिंग की संभावना पर कार्य करने पर जोड़ देने हेतू निर्देश दिया गया है। वही जल-जीवन- हरियाली क्रियान्वयन के समीक्षा क्रम में जिला की रैंकिंग वर्तमान में राज्य स्तर पर सातवां है, जिसे लेकर निर्देश दिया गया है कि रैंकिन में और बेहतरी प्रदर्शन के साथ बेहतर से बेहतर तरीके से प्रयास किये जाय। वही भवन प्रमंडल को आवश्यकतानुसार नये कार्यालय सह आवासीय भवन निर्माण संबंधी प्रस्ताव अति शीघ्र उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। बैठक में उपस्थित अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं महा प्रबंधक जिला उधोग केन्द्र को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं अन्य योजना से संबंधी विभिन्न बैंकों में लंबित आवेदनों को अंतिम रूप से निष्पादित कराने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। इस हेतु बैंकवार उक्त वर्णित योजना के संदर्भ में आगामी बैठक में विस्तृत समीक्षा का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना समीक्षा के क्रम में डीपीओ, आईसी व डीएस को निर्देश दिया गया कि वे सभी संबंधित महिला पर्यवेक्षिका के साथ वर्णित योजना के संदर्भ में समीक्षा कर लें, एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि हेतु ठोस कार्रवाई करें। सभी कार्यालय को सीपी ग्राम, पीएम पोर्टल, सीएम पोर्टल एवं जन शिकायत संबंधी अन्य मामलों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। वही मद्यनिषेध विभाग को शेष विनष्टिकरण, वाहन निलामी एवं अन्य निर्धारित कार्यों के क्रियान्वयन में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। वही जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि स्थानीय सैंडिस परिसर में अवस्थित वॉलीवाल ग्राउण्ड पर सिंथैटिक कोर्ट के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतू निर्देश दिया है। नवगछिया क्षेत्र में खेल गतिविधि को बढ़ा देने के उद्देश्य से खेल मैदान को विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है, साथ ही जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों पदाधिकारियों को पूर्ण समर्पन से निर्धारित कार्यों को निष्पादित करने का निर्देश दिया है। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि अनुशासित उत्साह पूर्ण वातावरण में पूर्ण तत्परता से विभागीय कार्यों व निदेशों के सम्यक निर्वहन में रूची रखने वाले कर्मचारियों व पदाधिकारियों के द्वारा किया गया बेहतरीन कार्य प्रदर्शन न केवल प्रशंसा के पात्र होंगे बल्कि उनको पुरस्कृत करने की संभावना पर भी विचार किया जायेगा। समीक्षा के क्रम राजस्व संग्रहण में असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण जिला खनिज विकास पदाधिकारी का वेतन अवरूद्ध कर रोक लगा दी गयी हैं। वही बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के कार्य में तेजी लाने व इन्फाप्रोजेक्टस के स-समय क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिये जाने पर केंद्रित किया गया है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता विधि-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार मां बेटे की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र में एनएच 31 पर एक कार व बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में बाइक पर सवार मां बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि मृतक वृद्ध महिला अपने पोती के जन्म की छठी कार्यकम में शामिल होने के बाद वह अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार हो घर वापस लौट रही थी, इसी क्रम में अचानक खरीक थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के समीप एक अनियांत्रिक कार चालक ने बाइक सवार मां- बेटे को धक्का मार दी, जिससे मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद मौके से कार चालक फरार होने में सफल हो गया है। वही घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही नवगछिया पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच मृत बेटे व वृद्ध महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया लेजाया गया है। जहां पुलिस ने मृतक युवक व वृद्ध महिला के शाव कों परिजनों के पहचान के लिए कुछ समय तक सुरक्षित रखने के साथ ही प्रतीक्षा करने में लगी रही थी, वही अस्पताल में मृतक के परिजन की खोज के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों के मुताबिक पुलिस ने मृतक युवक की पहचान निवास साह (38) पिता स्व. उचित साह व उनकी माँ गीता देवी (65) साकिन पूर्णिया मयखंडन के रूप में की है।

संचालित योजनाओं स्थिति के संदर्भ में हुई समीक्षा बैठक : डीएम

- बिना नम्बर प्लेट की गाड़ियों का परिचालन पूर्णतः निषिध है

प्रात : किरण संवादाता



भागलपुर। तकनिकी विभागों के पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की गई, साथ ही निदेश दिया गया कि योजनाओं के सम्यक सुचारू क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय। योजना के तहत क्रियान्वयन क्रम में आवश्यकतानुसार संबंधित पदाधिकारी से सहयोग प्राप्त किया जाय। वही समीक्षा के क्रम सुचारू यातायात प्रबंधन निमित निम्नांकित निर्देश दिये गये हैं कि बिना नम्बर प्लेट की गाड़ियों का परिचालन पूर्णतः निषिध है। निर्देश अनुपालन नही होने की स्थिति में गाड़ी को जब्त कर लिया जाने के निर्देश दिये गये है। वही संबंधित एजेंसी को भी निर्देशित करते हुए कहा है कि वाहन खरीदार को बिना नम्बर प्लेट के वाहन का बिक्रय नही करेंगे। निर्देश उल्लंघन किये जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसी के विरूद्ध विभागीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वही शहर में बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन परिचालन की स्थिति में संबंधित वाहन चालक के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। वैसी सड़के जो रख-रखाव व मरम्मति अन्तर्गत चिन्हित है, ऐसे सड़कों का संबंधित कार्यकारी एजेंसी को आगामी 12 फरवरी 2024 तक आवश्यकतानुसार रख-रखाव व मरम्मति कार्य पूर्ण करना अनिवार्य एवं अपेक्षित होगा। वही निर्देश अनुपालन नही होने पर संबंधित कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय स्तर पर यथोचित कार्रवाई की जायेगी, साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि वैसी महत्वपूर्ण सड़कें जो रख-रखाव व मरम्मति निति से बाहर है, तत्संबंधी सड़कों के यथोचित संधारण संबंधी प्रस्ताव अविलम्ब उपलब्ध कराएं जाने हेतू समीक्षा के क्रम में संबंधित कनीय अभियंता, सहायक अभियंता को महत्वपूर्ण सड़कों के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया है। जिससे प्राथमिकतानुसार सड़कों के निर्माण व मरम्मति के संदर्भ में यथोचित निर्णय निमित उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में कमिटि का गठन किया है। जिसके अन्य सदस्य के रूप में कार्यपालक अभियंता आरसीडी, आर डबलू डी एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी शामिल होंगे। वही समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि सड़क के संधारण कार्य में लापरवाही एवं परिणाम स्वरूप दुर्घटना की स्थिति में उल्लेखित विहित प्रावधानों के अनुसार संबंधित कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध दण्ड का प्रावधान है। इसके बाद भी अनुपालन नही किये जाने की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही थी।

विशाखापट्टनम टेस्ट में इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

टीम ने 50 रन पर पहला विकेट गंवाया, अश्विन ने डकेट को पवेलियन भेजा, स्कोर 67/1

विशाखापट्टनम (एजेंसी)। भारत ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड को 399 रन का टारगेट दिया है। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 53 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर जैक क्रॉले 29 और रेहान अहमद 9 रन पर नाबाद रहे। अभी इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन और बनाने हैं। बेन डकेट (28 रन) को रविचंद्रन अश्विन ने केएस भरत के हाथों कैच कराया।विशाखापट्टनम में रविवार को मुकाबले के तीसरे दिन भारत ने दूसरी पारी में 28/0 से खेलना शुरू किया और 255 रन बनाए। शुभमन गिल ने 104 और अक्षर पटेल ने 45 रन की पारी खेली। इंग्लैंड से टॉम हार्टले ने 4 और रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। भारत को पहली पारी के बाद 143 रन की बढ़त मिली थी।



2017 के बाद नंबर-3 का घर में शतक

भारतीय टीम के नंबर-3 बल्लेबाज ने 2017 के बाद घरेलू मैदान पर शतकीय पारी खेली है। आखिरी बार चेतेश्वर पुजारा ने 2017 में नंबर-3 पर खेलते हुए घरेलू मैदान पर शतक बनाया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नागपुर में 143 रन बनाए थे।

एक मैच में सबसे ज्यादा रन

शुभमन गिल ने इस मैच में कुल 138 रन बनाए। यह उनका एक मैच में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड भी है। इससे पहले गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ चिटोग्राम टेस्ट में 2022 में कुल 130 रन बनाए थे।

शुभमन गिल ने 104 रनों की पारी में किए बड़े-बड़े कारनामे विराट और सचिन के क्लब में हुए शामिल

शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट में लगातार फेल हो रहे थे। लेकिन के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच की पहली पारी में उन्हें अच्छी स्टार्ट मिली लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। फिर दूसरी पारी में गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक ठोक दिया। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में तीसरा शतक था। 104 रनों की पारी खेलने के बाद वह आउट हुए। हालांकि इस पारी के दौरान गिल ने कई बड़े कारनामे किए। चलिए हम आपको उनके बारे में बताते हैं। शुभमन गिल की सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के क्लब में एंट्री हो गई है। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका 10वां शतक था। गिल 24 साल से कम उम्र में 10 इंटरनेशनल शतक लगाने वाले भारत के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

नंबर तीन पर पहला शतक – शुभमन गिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल के बाद टेस्ट में नंबर तीन पर बैटिंग शुरू की थी। तब से वह लगातार फेल हो रहे थे। इस नंबर पर खेलते हुए उन्होंने पहली बार शतक बनाया है। इससे पहले दोनों शतक सलामी बल्लेबाज के रूप में थे।

न्यूजीलैंड - साउथ अफ्रीका पहला टेस्ट, पहला दिन

विलियमसन-रचिन शतक बनाकर नाबाद स्टंप्स तक न्यूजीलैंड का स्कोर 258/2

माउंट माउनगानुई (एजेंसी)। यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला माउंट माउनगानुई में खेल जा रहा है। पहले मैच के पहले दिन स्टंप्स तक न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए दो विकेट खोकर 258 रन बना लिए हैं।पहला दिन पूरी तरह न्यूजीलैंड के नाम रहा। टीम के स्टार खिलाड़ी केन विलियमसन और युवा खिलाड़ी रचिन रवींद्र शतक बनाकर नाबाद लौटे।

विलियमसन और रचिन का शतक – साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 2 रन के स्कोर पर लगा। अपना पहला टेस्ट खेल रहे शेफो मोरेकी ने डेवोन कॉन्वे को एलबीडब्ल्यू कर दिया। वहीं दूसरा विकेट टॉम लैथम का गिरा। वह 20 रन बनाकर डेन पैटरसन का शिकार हुए। इसके बाद विलियमसन और रचिन ने पारी को संभाला। रचिन 118 और विलियमसन 112 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों के बीच 219 रन की साझेदारी हो चुकी है। साउथ अफ्रीका की तरफ से शेफो मोरेकी और डेन पैटरसन को एक-एक विकेट मिला।

साउथ अफ्रीका से 6 प्लेयर्स ने डेब्यू किया –न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में साउथ अफ्रीका से 6 प्लेयर्स ने डेब्यू किया। इनमें कप्तान नील ब्रांड, एडवर्ड मूर, रेनार्ड वान टोन्डर, शेफो मोरेकी, रुआन डे स्वार्ट और क्लाइड फोर्च्यून शामिल रहे। बेंच पर बैठे खिलाड़ियों में भी 2 अनकैप्ड हैं।

जिन 5 प्लेयर्स ने पहले डेब्यू कर लिया था, उनमें जुबैर हम्जा, डेविड बेडिंघम, कीगन पीटरसन, डुआन ओलिवर और डेन पैटरसन शामिल रहे। इन सभी ने मिलाकर भी इस टेस्ट से पहले करियर में कुल 38 ही मुकाबले खेले थे। 15 टेस्ट के साथ पेसर ओलिवर टीम के सबसे अनुभवी प्लेयर हैं। दूसरी ओर न्यूजीलैंड से कप्तान टिम साउदी अकेले ही 96 टेस्ट खेल चुके हैं।

दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

न्यूजीलैंड– टिम साउदी (कप्तान), टॉम लैथम, डेवोन कॉन्वे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सेंटनर, काइल जैमीसन और मैट हेनरी।

साउथ अफ्रीका– नील ब्रांड (कप्तान), एडवर्ड मूर, रेनार्ड वान टोन्डर, जुबैर हमजा, डेविड बेडिंघम, कीगन पीटरसन, रुआन डे स्वार्ट, क्लाइड फोर्च्यून (विकेटकीपर), डुआन ओलिवियर, शेफो मोरेकी और डेन पैटरसन।

विश्व शतरंज रैंकिंग

पहली बार टॉप 20 में पहुंचे पाँच भारतीय, भारत विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम

नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व शतरंज के द्वारा जारी की गयी ताजा विश्व रैंकिंग में पहली बार पाँच भारतीय शतरंज खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 20 में पहुँच गए है । हालांकि इस बारा कोई भी भारतीय खिलाड़ी शीर्ष 10 में जगह नहीं बना सका है पर जल्द ही शीर्ष 10 में भी कई भारतीय होंगे । भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2748 ईएलओ अंको के साथ 12वे , आर प्रज्ञानन्दा 2747 अंको के साथ 13वे , 2747 अंको के साथ विदित गुजराती 14वे और डी गुकेश 2743 अंको के साथ 16वे स्थान पर है जबकि 2738 अंको के साथ अर्जुन एरिगासी 18वे स्थान पर है । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में बात करे तो पेंटाला हरीकृष्णा 2708 अंको के साथ 31वें , एसएल नारायनन 2694 अंको के साथ 42वें , निहाल सरीन 2693 अंको के साथ 43वें , 2662 अंको के साथ अरविंद चितांबरम 73वे , 2654 अंको के साथ रौनक साधवानी 83वें स्थान पर है ।2830 अंको के साथ नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें जुलाई 2011 के बाद से कुल 12 साल सात माह से अपने विश्व नंबर एक खिलाड़ी होने के रिकॉर्ड को कायम रखे हुए है ।

महिला वर्ग में कोनेरु हम्पी 2554 अंको के साथ तीसरे , 2503 अंको के साथ हरिका द्रोणावल्ली 11वे और 2481 अंको के साथ आर वैशाली 14वे स्थान पर चल रही है ।

वहीं टीम रैंकिंग की बात करे तो पुरुष वर्ग में भारत 2713 अंको के साथ दूसरे स्थान पर और मजबूत हुआ है जबकि यूएसए 2724 अंको के साथ पहले और चीन 2684 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है ।

महिला वर्ग में भी भारत 2428 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है , यहाँ चीन 2477 अंको के साथ पहले और रूस 2384 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है ।

विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप

शेरोन ने 10 किमी ओपन वॉटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

दोहा (एजेंसी)। शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वॉटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।

ये चीज यशस्वी को दूसरों से अलग बनाती है, दोहरे शतक पर बचपन के कोच का बयान

मुंबई (एजेंसी)। यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का मानना है कि खेल के प्रारूपों के बीच अनुकूलन क्षमता और सहज प्रवृति ही इस युवा बल्लेबाज को शीर्ष स्तर के अपने साथियों से अलग बनाती है। जायसवाल 22 साल और 36 दिन की उम्र में विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ 209 रन बनाकर विनोद कांबली और सुनील गावस्कर के बाद टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले देश के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने।

ज्वाला ने कहा, 'अगर आप उसका जूनियर क्रिकेट देखो। जैसे जब वह मुंबई अंडर-16 की ओर से खेल रहा था तो उसने दोहरा शतक जड़ा, मुंबई अंडर-19 के लिए भी, ईरानी कप, दलीप ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में भी दोहरा शतक जड़ा था। वह अपनी बल्लेबाजी में आक्रामक प्रकृति के कारण लंबी पारी खेलने में माहिर है।

उन्होंने कहा, 'वह हमेशा गेंदबाज पर दबाव डालता है क्योंकि वह बाउंड्री जड़ता रहता है। उसने अपने क्रिकेट को इसी तरह तैयार किया है। अपने स्ट्रोक लगाने की काबिलियत और अपनी मानसिकता ऐसी ही बनाई है। इसे ही अनुकूलन क्षमता कहा जाता है।

ज्वाला ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में वह एक अलग तरह से खेलता है। टेस्ट क्रिकेट में उसका अलग दृष्टिकोण होता है। उसकी अनुकूल होने की क्षमता और सहज प्रकृति वास्तव में दूसरों से अलग है और यही उसे अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाती है।

डेविस कप

भारत ने पाकिस्तान को हराकर विश्व ग्रुप वन में किया प्रवेश

इस्लामाबाद (एजेंसी)। भारतीय टेनिस टीम ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप वन में प्रवेश किया। आज यहां पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे दिन 2-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की।

युकी भांबरी और साकेत माइनेनी ने पाकिस्तान के अकील खान और मुजम्मिल मुर्तजा की जोड़ी को दो घंटे तक चले इस युगल मुकाबले में 6-2, 7(7)-6(6) से हराया। यह 2024 डेविस कप विश्व ग्रुप वन प्ले-ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार आठवीं जीत है। भारतीय युगल जोड़ी ने पहले सेट के पहले गेम में ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी जोड़ी की सर्विस ब्रेककर 1-0 की बढ़त ले ली।

पांचवें गेम में विपक्षी टीम की सर्विस ब्रेक करने के बाद भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने 4-1 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ियों ने पहला सेट 26 मिनट में 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने वापसी करने का प्रयास किया और बेहतरीन तालमेल के साथ अपनी सर्विस बरकरार रखी। दूसरे और तीसरे गेम में दोनों टीमों ने बिना कोई अंक गंवाए अपनी-अपनी सर्विस बनाए रखी। हालांकि, भांबरी और माइनेनी ने विपक्षी टीम पर अपना दबदबा बनाये रखा।

भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गंवाया और शेष पांच अंक हासिल कर मैच में जीत दर्ज की और सितंबर में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप वन में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि डेविस कप विश्व ग्रुप वन प्ले-ऑफ के पहले दिन रामकुमार रामनाथन ऐसाम-उल-हक कुरैशी को 6(7)-7(3), 7(7)-6(4), 6-0 से हराया था। जबकि श्रीराम बालाजी ने अकील खान को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से पराजित किया। दूसरे दिन भारत ने युगल मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए 3-0 की अजेय बढ़त ले ली।

अंडर-19 वर्ल्ड कप में हो सकता है भारत-पाकिस्तान फाइनल

दोनों का सेमीफाइनल जीतना जरूरी, आयरलैंड से हारकर न्यूजीलैंड बाहर

जोहानसबर्ग (एजेंसी)। क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप फाइनल देखने का मौका मिल सकता है, लेकिन इसके लिए दोनों टीमों को अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतने होंगे। पहले सेमीफाइनल में 6 फरवरी को भारत का सामना मेजबान साउथ अफ्रीका से और 8 फरवरी को पाकिस्तान का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। शनिवार को इस टूर्नामेंट का सेमीफाइनल लाइनअप तय हो चुका है। भारत, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने टॉप-4 जगह बना ली है। सुपर-6 राउंड में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 5 रन से, आयरलैंड ने न्यूजीलैंड को ड्रस्र मैथड के तहत 41 रन से और इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 146 रन के अंतर से हराया।

आयरलैंड की न्यूजीलैंड पर पहली जीत – आयरलैंड ने न्यूजीलैंड पर क्रिकेट इतिहास की पहली टीम जीत हासिल की है। आयरलैंड ने कीवी टीम को डीएलएस मैथड के तहत 41 रनों से हराया।

ब्लूमफोनटेन में टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 267 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 32.1 ओवर में 5 विकेट पर 131 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई। कैन हिल्टन ने 72 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

पाकिस्तान और इंग्लैंड भी जीते – दिन के अन्य मुकाबलों में पाकिस्तान और इंग्लैंड ने जीत हासिल की। बिनानी में पाकिस्तानी टीम ने पहले तो 155 रन का स्कोर खड़ा किया। उसके बाद बांग्लादेश को 150 रन पर ऑलआउट कर दिया। उबैद शाह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 5 विकेट लिए।दूसरी ओर, ब्लूमफोनटेन में इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 237 रन बनाए और जिम्बाब्वे को 91 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंग्लिश टीम से तैजिम चौधरी अली ने 7 विकेट झटके। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

सानिया मिर्जा के बेटे इजहान ने स्कूल जाना छोड़ा

पिता शोएब मलिक की तीसरी शादी के कारण क्लास में परेशान कर रहे स्टूडेंट्स

मुंबई (एजेंसी)। सानिया के तलाक और शोएब मलिक की तीसरी शादी के बाद, उनके 5 साल के बेटे इजहान मिर्जा मलिक इससे प्रभावित होते दिख रहे हैं। पाकिस्तानी पत्रकार नईम हनीफ ने हाल ही में समा टीवी को दिए इंटरव्यू में सानिया से बातचीत का दावा किया। हनीफ के मुताबिक इजहान को उसके स्कूल में इस हद तक परेशान किया जा रहा है कि उसने क्लास जाना बंद कर दिया है। नईम का कहना है कि, सानिया ने अपने बेटे इजहान की मेंटल हेल्थ के बारे में चिंता व्यक्त की, उन्होंने खुलासा किया कि उनके पिता की तीसरी शादी से जुड़ी खबरें उन्हें मेंटली परेशान कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सानिया अपने होमटाउन हैदराबाद लौट आई हैं। शुक्रवार को, सानिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने बेटे और अपनी बहन अनम मिर्जा की बेटी दुआ की एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें 'लाइफलाइन' कहा।

दो हफ्ते पहले शोएब ने की तीसरी शादी – पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने दो हफ्ते पहले तीसरी शादी की। 41 साल के शोएब ने 30 साल की पाकिस्तानी एक्ट्रेस सना जावेद से शादी की। शोएब ने सना के साथ फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। शोएब की पहली शादी आयशा सिद्दीकी से हुई थी। जिनसे तलाक के बाद उन्होंने 2010 में भारत की पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से दूसरी शादी की। सानिया के पिता ने कहा कि उनकी बेटी 'खुला प्रथा' के तहत शोएब से अलग हो गई थी।

शादी के 8 साल बाद जन्मा बेटा – सानिया मिर्जा और शोएब मलिक की शादी के 8 साल बाद 2018 में उनके बेटे इजहान का जन्म हुआ। सानिया ने अपने बेटे को जन्म देने के दौरान टेनिस से डेढ़ साल का ब्रेक लिया था। सानिया ने अपनी आत्मकथा 'ऐस अगेंस्ट ऑड्स' में लिखा है कि शोएब उनकी लाइफ में उस समय आए थे, जब वो अपनी प्रोफेशनल लाइफ में परेशानियों से जूझ रही थीं।

पीएसजी का साथ छोड़ रियाल मैड्रिड के साथ जुड़ेंगे किलियन एम्बाप्पे

नई दिल्ली, एजेंसी। फ्रांस के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने अपना क्लब बदलने का फैसला कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार वह इस सत्र के अंत में पीएसजी का साथ छोड़ देंगे। वह रियाल मैड्रिड के साथ जुड़ सकते हैं। फ्रांस के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे अपना क्लब बदल सकते हैं। फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार वह इस साल गर्मियों के बाद रियाल मैड्रिड से जुड़ सकते हैं। गर्मियों में पेरिस सेंट जर्मन के साथ उनका अनुबंध खत्म हो रहा है। 25 वर्षीय एम्बाप्पे ने 2024-25 सीजन में रियाल मैड्रिड के लिए खेलते दिख सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार वह लगातार रियाल मैड्रिड के अधिकारियों के संपर्क में रहे हैं।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एम्बाप्पे पहले लिवरपूल क्लब में जाने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। अब वह अगर रियाल मैड्रिड में शामिल होते हैं तो क्लब के लिए यह अहम बात होगी। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब एम्बाप्पे को कथित तौर पर टीम छोड़ने के बारे में कई संदेह थे, जिसे उन्होंने 2018 में पीएसजी के लिए मोनाको छोड़ने के बाद से अपना घर कहा है। एम्बाप्पे को पीएसजी ने 180 मिलियन यूरो में अपने साथ जोड़ा था। उन्होंने इस क्लब के लिए 288 मैचों में 241 गोल किए हैं।

अब पीएसजी बुधवार को फ्रेंच कप के अंतिम 16 में ब्रेस्ट से अपने घरेलू मैदान में भिड़ेगा। अगले शनिवार को लीग 1 में इस क्लब का मुकाबला लिली से होगा। एम्बाप्पे पिछले कुछ समय में दुनिया के सबसे बेहतरीन फॉरवर्ड खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। 2018 फीफा विश्व कप में फ्रांस को चैंपियन बनाने के बाद उन्होंने 2022 विश्व कप में भी अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया।

संक्षिप्त समाचार

गुरुग्राम में डकैती, बिल्डर के गोदाम से लाखों रुपए का सामान लेकर भागे बदमाश

नईदिल्ली, एजेंसी। गुरुग्राम के सेक्टर 58 इलाके में डकैती का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि करीब आधा दर्जन युवकों ने एक बिल्डर के गोदाम में डकैती की वारदात को अंजाम दिया। युवकों ने गुरुवार देर रात लाखों रुपए का बिजली का सामान लूट लिया। दरअसल, बदमाशों ने गोदाम के गार्डों को बंधक बना लिया और सारा सामान पिकअप जीप में लाद कर फरार हो गए। रात भर गोदाम के दोनों गार्ड कमरे में बंद रहे। जानकारी के मुताबिक, कंपनी के मैनेजर ने बताया कि गुरुवार की आधी रात कुछ लोग दीवार कूदकर गोदाम के अंदर आए। गोदाम के अंदर घुसते ही बदमाशों ने सुरक्षा गार्ड सुरेश और विवेक को एक कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद वे गार्ड से गोदाम की चाबियां लिए और गेट खोलकर सामान अपनी पिकअप जीप में भरने लगे। वे गोदाम से लाखों रुपए की लोहे की प्लेटें और तार चुराकर भाग गए। कंपनी के मैनेजर ने बताया कि डकैती करने आए आरोपी गोदाम में मौजूद दोनों गार्ड को एक कमरे में बंद कर दिए थे। जब अगली सुबह ड्यूटी करने दूसरे गार्ड गोदाम में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दोनों गार्ड कमरे के अंदर बंद हैं। इसके बाद उन लोगों ने गार्ड को कमरे से बाहर निकाला और अधिकारियों को इस बारे में सूचना दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 395 (डकैती), 397 (मौत या गंभीर चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ डकैती), 342 (गलत तरीके से बंधक) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सेक्टर 56 पुलिस स्टेशन के स॥ह इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि आरोपियों के बारे में जानकारी एकत्र कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

महिला ने साथी यात्री पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

नईदिल्ली, एजेंसी। स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक बार फिर शर्मसार करने वाली घटना देखने को मिली है। कोलकाता से बागडोगरा जाने वाली एक फ्लाइट में सवार महिला ने अपने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। पुरुष यात्री पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप कैरियर के प्रवक्ता के अनुसार, घटना के बाद केबिन क्रू ने पुरुष यात्री की सीट बदल दी। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि 31 जनवरी को जब स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 592 कोलकाता से बागडोगरा जा रही थी, तब एक महिला यात्री के साथ एक घटना घटी, जिसने अपने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। इसके बाद केबिन क्रू ने स्थिति को संभालते हुए तुरंत हस्तक्षेप किया और साथी यात्री की सीट बदल दी। हालांकि, आरोपी सह-यात्री ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। एयरलाइन ने कहा कि आरोपी सह-यात्री द्वारा सीआईएसएफ कर्मचारियों की उपस्थिति में माफी मांगने के बाद महिला यात्री बिना कोई लिखित शिकायत दर्ज किए बागडोगरा हवाई अड्डे से चली गई। बागडोगरा हवाईअड्डे पर पहुंचने पर दोनों यात्रियों को स्पाइसजेट सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा सीआईएसएफ अधिकारियों तक एस्कॉर्ट किया गया। महिला यात्री ने सह-यात्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर, आरोपी सह-यात्री ने सीआईएसएफ स्टाफ की उपस्थिति में माफी मांगी।

महाराष्ट्र पुलिस और सैन्य खुफिया विभाग ने ऑपरेशन को दिया अंजाम

नईदिल्ली, एजेंसी। महाराष्ट्र पुलिस और सैन्य खुफिया विभाग ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को खुले बाजार में भारतीय सेना की नई काम्बैट नकली वर्दी के निर्माण और बिक्री में शामिल दिल्ली स्थित एक गिरोह का पर्दाफाश किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरोह का सरगना दिल्ली और राजस्थान से जुड़ा हुआ है। दक्षिणी कमान, सैन्य खुफिया, पुणे द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर शुक्रवार को अहमदनगर में भिंगार पुलिस ने आनंद नगर, नासिक के निवासी सुरेश खत्री को गिरफ्तार किया, जिसके अहमदनगर कैंट

बागेश्वर धाम बाबा की किताब सनातन धर्म क्या है का विमोचन, मनोज तिवारी भी रहे मौजूद

नईदिल्ली, एजेंसी।
बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन को लेकर एक पुस्तक लिखी है। शनिवार को दिल्ली में इस किताब का विमोचन हुआ। दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ़ इंडिया में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने मंच से इस पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक विमोचन के इस कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन के संत चिन्मयानन्द जी, राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, दिल्ली बीजेपी पूर्व अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी व बीजेपी नेता नीलकांत बक्शी मौजूद रहे।

किताब का नाम सनातन धर्म क्या है। बताया जा रहा है कि इस पुस्तक को लिखने में लगभग दो साल लग गए हैं। कार्यक्रम में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बागेश्वर पीठाधीश्वर ने कहा कि यह किताब कोयंबटूर के 5 दिन के एकांतवास में लिखी गई है और वह देश भर में हो रही लव जिहाद जैसी घटनाओं से आहत थे इसलिए यह किताब लिखने का उनके मन में विचार आया...बाबा बागेश्वर ने कहा कि सनातन धर्म के सब हैं और सनातन धर्म सबका है क्योंकि अकेले सनातन धर्म में भगवान कृष्ण ने कहा है कि मैं ईश्वर हूं बाकी किसी मत या संप्रदाय के प्रमुख ने अपने को या तो ईश्वर का दूत कहा है या फिर ईश्वर का पुत्र..बाबा बागेश्वर ने दावा किया कि उनके द्वारा लिखित पुस्तक पढ़ने के बाद सनातन

धर्म के लाखों विरोधियों के बीच आप ललकार कर बता पाएंगे कि हमारे धर्म में यह विशेषताएं हैं ऐसे में यह पुस्तक अवश्य पढ़ी जानी चाहिए।

बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री दिल्ली के भजनपुरा में राम कथा कही। दो फरवरी को बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार लगाया गया। कथा से एक दिन पहले दिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हनुमंत कथा का पाठ किया। छठी मैया और मृदुल फाउंडेशन के सहयोग से पूर्वी दिल्ली में इसका आयोजन किया गया है।

बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 4 फरवरी तक रोज दिल्ली के भजनपुरा क्षेत्र में स्थित करतारनगर में चौथा पुस्ता के पास होगी। कथा के लिए लगाए गए पंडाल में 70 हजार भक्तों के एक साथ बैठने की व्यवस्था की गई है। कथा करने के लिए बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री दिल्ली में हैं। बता दें कि बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा में सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण बाबा के दिव्य दरबार का होता है। दिल्ली के भजनपुरा में शुरू हुई बाबा बागेश्वर धाम की कथा में दो फरवरी को दिव्य दरबार लगाया गया। दिव्य दरबार के दिन बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री भक्तों के पर्चे निकालकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। बताया जाता है कि एक कथा के आयोजन के लिए बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 21 लाख रूपये फीस के रूप में वसूल करते हैं। कथा के लिए ली जाने वाली 21 लाख रूपए की फीस बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री दक्षिणा का नाम देते हैं।

कलर्स सागर में प्यार की मशाल लेकर आया

सागर , एजेंसी। एक बार फिर से प्यार की दुनिया में खो जाइए क्योंकि भारत के अग्रणी एचजीईसी कलर्स ने रात 9:30 बजे से 11 बजे तक अपने प्राइम-टाइम स्लॉट को दिल जीत लेने वाली तीन प्रेम कहानियां प्रसारित करके एक रोमांटिक महोत्सव में बदल दिया है जिनसे दर्शकों के दिल रोमांचित हो उठते हैं। तीन अलग-अलग प्रेम कहानियों से दर्शकों का नॉन-स्टॉप मनोरंजन करने के वादे के साथ, पहली प्रेम कहानी 'मेरा बलम थानेदार' है, जो दो विपरीत व्यक्तियों के बीच रोमांस का उतार-चढ़ाव भरा सफर है, और राजस्थान में नाबालिग विवाह की पृष्ठभूमि पर आधारित है जिसमें शगुन पांडे (वीर) व श्रुति चौधरी (बुलबुल) मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके बाद भारतीय इतिहास के पन्नों को फिर से लिखने वाली भव्य प्रेम कहानी 'प्रचंड अशोक' है जिसमें अदनान खान (सम्राट अशोक) और मल्लिका सिंह (राजकुमारी कौर्वकी) मुख्य भूमिका में हैं। तीसरा शो 'कयामत से कयामत तक' है, जो पुनर्जन्म पर आधारित एक सच्ची कहानी है जिसमें करम राजपाल (राज) और तृप्ति मिश्रा (पूर्णिमा) मुख्य भूमिका में हैं। शाश्वत प्रेम का उत्सव मनाते हुए, कलर्स ने एक मशाल जलाई है जिसके साथ यह 'प्यार की मशाल' के अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए सागर पहुंचा है, जहां यह लौ एक विजुअल प्रदर्शन के साथ दर्शकों के दिलों में प्यार की मशाल जलाएगी।

प्यार का जादू जीवंत हो उठा है क्योंकि एक अनोखी मूविंग वैन (कैंटर) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के प्रमुख शहरों की यात्रा करते हुए प्रेम का प्रसार कर रही है। यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला कैंटर इन तीन शो में प्रदर्शित प्रेम की लौ को बढ़ाने के लिए सागर में रुका है। चैनल सागर के लोगों को सोमवार 5 फरवरी को गोपाल गंज, पोद्दार कॉलोनी, झांसी रोड और भगवान गंज में 'प्यार की मशाल' देखने के लिए आमंत्रित करता है। इस सफल गतिविधि में भाग लेने वाले भाग्यशाली विजेताओं को मुंबई जाने और शो की शूटिंग का अनुभव करने का मौका मिलेगा।

सिखों की पगड़ी सिर में होने वाले फ्रैक्चर के खतरे को कम करने में करती है मदद, स्टडी में हुआ यह खुलासा

नईदिल्ली, एजेंसी।
पगड़ी पहनना सिखों की आस्था से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि भारत, ब्रिटेन, कुछ कनाडाई राज्यों, न्यूजीलैंड और थाईलैंड सहित कई देशों में पगड़ी बांधने वाले सिखों को कानूनी तौर पर हेलमेट पहनने से छूट दी गई है, लेकिन इसे बांधना वैज्ञानिक रूप से भी फायदेमंद है।

बकौल रिपोर्ट, पगड़ी पहनने से खोपड़ी में होने वाले फ्रैक्चर के खतरे को बहुत हद तक कम करने में सहायता मिलती है। एक शोध में पाया गया कि खाली सिर की तुलना में पगड़ी पहनने से कपड़े की मोटी परत से ढंकी खोपड़ी के हिस्से के फ्रैक्चर का खतरा बहुत कम हो जाता है। यह भी देखा गया कि पगड़ी बांधने की शैली का सिर की चोट के जोखिम पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है।

शोध में दस्तार पगड़ी शैली को सिर के सामने के हिस्से को कुशनिंग देने में सबसे बेहतर पाया गया। वहीं, दुमाला पगड़ी शैली को सिर के किनारे को चोट से बचाने में अधिक प्रभावशाली पाया गया। इंपीरियल कॉलेज लंदन और सिख साइंटिस्ट नेटवर्क के शोधकर्ताओं ने कहा कि निष्कर्षों ने उन्हें साक्ष्य-आधारित सिफारिशें करने की अनुमति दी ताकि पगड़ी पहनने वाले सिखों को सिर की सुरक्षा में लाभ मिल सके। उन्होंने डमी सिर पर क्रैश टेस्ट करके विभिन्न पगड़ी शैलियों के प्रदर्शन की तुलना भी की।

टीम बना रही है यह योजना

शोधकर्ताओं ने कहा कि हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि सिख पगड़ी में सिर पर पड़ने वाले चोटों को कम करने की क्षमता होती है। हालांकि, उन्होंने पाया कि पारंपरिक साइकिल हेलमेट की तुलना में सभी पगड़ी पहनने वालों के लिए सिर में चोट लगने का जोखिम अधिक था। टीम निष्कर्ष का उपयोग कर चोट से और अधिक सुरक्षा देने के लिए पगड़ी के लिए अधिक कुशनिंग देने वाली सामग्री विकसित करने की योजना बना रही है।

जेवर की फिल्म सिटी में समाएगा पूरा भारत, योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट में दिखेगी अयोध्या से काशी घाट तक की झलक

नईदिल्ली, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा और जेवर इलाके के लिए गुड न्यूज है। यूपी की फिल्म सिटी में निर्माता निर्देशक केवल आइडिया लेकर आएंगे और पूरी फिल्म बना कर वापस जाएंगे। जेवर में बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी मुख्यमंत्री योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसे कुछ यूं बनाया जाएगा कि निर्माताओं निर्देशकों को हर तरह की सुविधा यहां मिल सके। फिल्म सिटी में अयोध्या-वाराणसी के घाट, हिमाचल के बाजार और कश्मीर की डल झील से लेकर केदारनाथ समेत सारे प्रसिद्ध मंदिरों के सेट भी बनाए जाएंगे।

अब फिल्म निर्माताओं को शूटिंग के लिए अलग-अलग जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा। फिल्म सिटी में ही पूरा भारत मिलेगा। कश्मीर और हिमाचल के बर्फ से ढके पहाड़ों से लेकर गोवा के प्राकृतिक समुद्र तटों तक और दिल्ली की प्रमुख इमारतों से लेकर केरल की हरियाली तक एक ही स्थान पर मिलेंगे। यीडा क्षेत्र में निर्मित होने वाली इस फिल्म सिटी को विकसित करने की जिम्मेदारी प्राधिकारण ने मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर और भूटानी इंफ्रा के वेंचर बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी को सौंपी गई है। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी में भारत के विभिन्न राज्यों के प्रमुख स्थलों के सेट बनाए जाएंगे। इनमें दिल्ली की प्रमुख इमारतें मसलन संसद भवन से लेकर राष्ट्रपति भवन तक, पंजाब की हरियाली, स्वर्ण मंदिर, राजस्थान के रेगिस्तान, किले और पर्यटन स्थल शामिल हैं। इसके साथ ही गुजरात के सोमनाथ मंदिर से लेकर महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों को यहां दर्शाया जाएगा। जहां पर फिल्म निर्माता और निर्देशक सहजता के साथ फिल्मों की शूटिंग कर पाएंगे। इसका सीधा लाभ फिल्म इंडस्ट्री को मिलेगा।

यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन, विदेशी पत्रकारों समेत कई हिरासत में

मॉस्को, एजेंसी। रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए। रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ से कई लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करीब 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिन्हें पुलिस वैन में डालकर कितेय-गोराड स्टेशन ले जाया गया। कई प्रदर्शनकारियों को छोड़ दिया गया है और कई अभी भी पुलिस की हिरासत में हैं। रूस के स्वतंत्र मीडिया के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों को रिपोर्ट्स लिखे जाने तक कानूनी मदद भी नहीं दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हिरासत में लिए गए विदेशी पत्रकारों में फ्रांस प्रेस, स्पीगल और मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल हैं। साथ ही जापानी टेलीविजन कंपनी फ्यूजी के प्रतिनिधि आंद्रेई जाइको भी शामिल हैं।

ये विरोध प्रदर्शन मॉस्को के रेड स्कवायर के नजदीक हुए। रूस में जल्द ही आम चुनाव होने हैं और इन चुनाव में व्लादिमीर पुतिन का एक बार फिर से रूस का राष्ट्रपति बनना तय दिख रहा है। रूस में 15-17 मार्च तक चुनाव होंगे और विजेता का एलान मई में किया जाएगा। साल 1999 में अपने कार्यकाल के आखिरी दिन रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति येल्तसिन ने व्लादिमीर पुतिन को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया था। इसके बाद साल 2000 में हुए रूसी चुनाव में पुतिन 53 प्रतिशत वोटों से जीते और साल 2004 में उन्हें 71 प्रतिशत वोट मिले। 2008 में पुतिन के करीबी दिमित्री मेदवेदेव राष्ट्रपति बने और साल 2012 में फिर से पुतिन 63 प्रतिशत वोट पाकर राष्ट्रपति बने। साल 2018 में भी पुतिन को 76 फीसदी मत मिले।

पाकिस्तान में 8 फरवरी के बाद हो सकता है बवाल, अमेरिका ने चेताया; चुनावी हिंसा की आशंका

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने पाकिस्तान में बवाल होने को लेकर चेतावनी जारी की है। दरअसल पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। पाकिस्तान में चुनावी हिंसा का इतिहास रहा है। इस बार भी हिंसा की पूरी आशंका है। इसे देखते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान की यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श जारी किया है। इसने आठ फरवरी के आम चुनावों से पहले उनसे सावधानी बरतने को

कहा तथा चुनाव से जुड़ी संभावित हिंसा की भी चेतावनी दी। पाकिस्तान स्थित अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को एक परामर्श जारी किया और अपने नागरिकों से सतर्क रहने तथा उन स्थानों पर जाने से परहेज करने को कहा जहां राजनीतिक रैलियां हो रही हैं। परामर्श में कहा गया है कि चुनाव के दिन आठ फरवरी को मतदान केंद्रों के आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ हो सकती है और अमेरिकी नागरिकों को वहां जाने से बचना चाहिए। दूतावास ने उल्लेख किया कि पाकिस्तान में राजनीतिक दल सक्रियता से चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जैसे कि मार्च निकाल रहे हैं। और रैलियां कर रहे हैं। इसने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से यातायात अवरूद्ध हो सकता है, परिवहन बाधित हो सकता है और मुक्त आवागमन एवं सुरक्षा में व्यवधान पड़ सकता है। परामर्श में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान में राजनीतिक गतिविधियों को हिंसा के लिए निशाना बनाने के कुछ उदाहरण भी देखने को मिले हैं। इस हफ्ते, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में राजनीतिक दलों पर चुनाव पूर्व कई हमले हुए। परामर्श में कहा गया है कि मतदान से पहले और मतदान के दिन इंटरनेट एवं मोबाइल सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं।

भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त

मेलबर्न, एजेंसी। भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में अपना पद संभालेंगे और लेबर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर उन्हें पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। गुरुवार को डब्ल्यूए संसद की संयुक्त बैठक में वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डोडसन की जगह लेने के लिए फ्रांसिस बर्ट चेम्बर्स के बैरिस्टर 38 वर्षीय घोष को चुना गया।

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधान सभा ने एक्स को घोषणा की,विधान सभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए सीनेटर वरुण घोष को चुना है। समाचार वेबसाइट डब्ल्यूए टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए और न्यूरोलॉजिस्ट के रूप में काम करना शुरू कर दिया। ऐसा सम्मान है जिसे वह पूरी तरीके से निभाएंगे। उन्होंने एक बयान में कहा, मुझे अच्छी शिक्षा का सौभाग्य मिला और मेरा दृढ़ विश्वास है कि उच्च गुणवत्ता शिक्षा और प्रशिक्षण हर किसी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। वरुण ने पिछले कुछ वर्षों में डब्ल्यूए व्यवसाय और विश्व बैंक के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बैरिस्टर के रूप में काम किया है।

भोजन में प्रयुक्त प्रिजर्वेटिव का आंत के माइक्रोबायोम पर पड़ता है बुरा असर: शोध

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।
एक शोध से यह बात सामने आई है कि भोजन में उपयोग किए जाने वाले सामान्य प्रिजर्वेटिव का आंत के माइक्रोबायोम (मानव पाचन तंत्र से जुड़े रोगाणु) पर अप्रत्याशित प्रभाव पड़ता है। एसीएस केमिकल बायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, भोजन में रोगजनकों को मारने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक सामान्य प्रिजर्वेटिव की जांच से पता चला है कि इसका लाभकारी बैक्टीरिया पर भी प्रभाव पड़ता है जिससे आंत के माइक्रोबायोम का संतुलन खतरे में पड़ जाता है।

खाद्य निर्माता अक्सर खाद्य उत्पादों को ताजा बनाए रखने के लिए उनमें प्रिजर्वेटिव मिलाते हैं। इन प्रिजर्वेटिव्स का प्राथमिक उद्देश्य उन रोगाणुओं को मारना है जो भोजन को खराब करने और सड़ाते हैं। शोध में कहा गया है, बैक्टीरिया माइक्रोबियल प्रतिस्पर्धियों को मारने के लिए बैक्टीरियोसिन्स नामक रसायन बनाते हैं। ये

रसायन भोजन में संभावित खतरनाक रोगजनकों को मारकर प्राकृतिक संरक्षक के रूप में काम कर सकते हैं। लैंथिपेप्टाइड्स विशेष रूप से शक्तिशाली रोगाणुरोधी गुणों वाले बैक्टीरियोसिन का एक वर्ग है जिसका व्यापक रूप से खाद्य उद्योग द्वारा उपयोग किया जाता है और इसे लैंटीबायोटिक्स के रूप में जाना जाता है।

शिकागो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पाया कि लैंटीबायोटिक्स के सबसे आम वर्गों में से एक में रोगजनकों और हमें स्वस्थ रखने वाले कमेंसल आंत बैक्टीरिया दोनों के खिलाफ शक्तिशाली प्रभाव होते हैं। निसिन एक लोकप्रिय लैंटीबायोटिक है जो बीयर से लेकर सॉसेज, और डिपिंग सॉस तक विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह गायों की स्तन ग्रंथियों में रहने वाले बैक्टीरिया द्वारा निर्मित होता है, लेकिन मानव आंत में सूक्ष्मजीव भी इसी तरह के लैंटीबायोटिक्स का उत्पादन करते हैं।

पीएचडी,पोस्टडॉक्टरल विद्वान जेनरुन जेरी झांग ने कहा कि निसिन एक प्रकार का एंटीबायोटिक है जिसे लंबे समय से हमारे भोजन को सही रखने के लिए उपयोग किया जाता है। लेकिन यह हमारे आंत रोगाणुओं को कैसे प्रभावित कर सकता है इसका अभी अच्छी तरह से अध्ययन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, भले ही यह हमारे भोजन को लंबे समय तक सही रखने में मदद कर सकता है, लेकिन यह हमारे मानव आंत के रोगाणुओं पर भी अधिक प्रभाव डाल सकता है।

झांग ने अपनी टीम के साथ मानव आंत के बैक्टीरिया जीनोम के एक सार्वजनिक डेटाबेस की जांच की और छह अलग-अलग आंत-व्युत्पन्न लैंटीबायोटिक्स के उत्पादन के लिए जीन की पहचान की, जो निसिन से काफी मिलते-जुलते थे, जिनमें से चार नए थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि हालांकि विभिन्न लैंटीबायोटिक्स के अलग-अलग प्रभाव थे, लेकिन वे सभी रोगजनकों और कमेंसल बैक्टीरिया को मार देते थे।

झांग ने कहा, यह अध्ययन यह दिखाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि आंत के कमेंसल लैंटीबायोटिक्स के प्रति संवेदनशील होते हैं, और कभी-कभी रोगजनकों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा, वर्तमान में भोजन में मौजूद लैंटीबायोटिक्स के स्तर को देखते हुए, यह बहुत संभव है कि वे हमारे पेट के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डाल सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129